यह षब्दसमूह बलपूर्वक कहते है पूत्र, वचन, से जीवन मिलता है। पुनरूत्थित जीवन, अनन्त जीवन, परमेष्वर का जीवन, के लिए *ज़ोए* षब्द का प्रयोग करते है (यूहन्ना 1:4; 3:15,36; 5:24,26,29,39,40; 6:22, 33, 35, 40, 47, 48, 51, 53, 54,63,65 इत्यादि)। जीवन के लिए यूहन्ना ने *बयोस* षब्द का भी प्रयोग किया है जो भौमिक तथा भौतिक जीवन को दर्षाता है (यूहन्ना 2:16)।

<u>*'' और वह जीवन*</u>
<u>*मुनष्यों की ज्योति थी। ''*</u>

परमेष्वर के ज्ञान और सच्चाई को बताने के लिए यूहन्ना ज्योति को रूपक के समान साधारण रूप से प्रयोग करता है (यूहन्ना 3:19; 8:12; 9:5; 12:46)। यह जीवन समस्त मानवजाती के लिए है। ज्योति और अन्धकार मृतसागर चर्मलेखो की मुख्य विशयवस्तु है। यूहन्ना कई बार अपने आपको विरोधाभासक षब्दों से प्रगट करता है।

<u>*1:5*</u>

'' ज्योति चमकती है;''यह जारी रहनेवाली प्रक्रिया है। यीषु पहले से है अब वह इस दुनिया में प्रगट हुआ। पुराने नियम में परमेष्वर के प्रगटीकरण की पहचान अधिकतर बार *प्रभु के दूत* से हुई है(उत्प.16:7–13; 22:11–15; 31:11,13; 48: 15,16; निर्ग. 3: 2,4; 13:21; 14:19; न्या. 2:1; 6:22,23; 13:3–22; ज़क. 3:1,2)। कुछ कहते है कि यह देहधारित *लॉगॉस* है।

एन ए एस बी, एन के जे वी " अन्धकार उसे समझ नहीं पाया।"
एन आर एस वी " अन्धकार उस पर प्रबल नहीं हो पाया।"
टी इ वी " अन्धकार उसे **हरा** नहीं पाया **।**"
एन जे बी " अन्धकार उस पर जयवन्त नहीं हो पाया **।**"

इसका मूलभूत अर्थ है"पकड़े रखना"। इसका अर्थ यह भी हो सकता है (1) जयवन्त होने के लिए **पकड़े रखना या (2)** समझने के लिए **पकड़े रखना।** यूहन्ना ने षायद दोनों अर्थ से इसे प्रयोग किया है। यूहन्ना रचित सुसमाचार
में इस प्रकार का प्रयोग है (उदा. "नये सिरे से जन्मना या ऊपर से जन्मना" 3:3 तथा "हवा – आत्मा" 3:8 **)।**

1:6 – 8

6 एक मनुष्य परमेश्वर की ओर से आ उपस्थित हुआ जिस का नाम यूहन्ना था।
7 यह गवाही देने आया, कि ज्योति की गवाही दे, ताकि सब उसके द्वारा विश्वास लाएं।
8 वह आप तो वह ज्योति न था, परन्तु उस ज्योति की गवाही देने के लिये आया था।

1: 6 – 7

"एक मनुष्य परमेश्वर की ओर से आ उपस्थित हुआ ...
गवाही देने आया ...
ज्योति की गवाही देने के लिये आया "

यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला पुराने नियम का अन्तिम नबी था (सन्देष और नज़रिए की वजह से)। वह मलाकी 3:1 और 4:5 (यूहन्ना 1:20 – 25) में बताया हुआ अग्रदूत है। यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के प्रति पहली षताब्दी में पैदा हुए गलत विचार (लूका 3:15; प्रेरित. 18:25; 19:3)के कारण प्रेरित यूहन्ना ने 1:6–8 लिखा है। अन्य सुसमाचार लेखको के बाद यूहन्ना के लिखने के कारण से इस गलत विचार की बढ़ौतरी को वह जानता था।

यह ध्यान देनेवाली बात है कि मसीह का वर्णन अपूर्णकाल क्रिया (अस्तित्व) और यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला का वर्णन अनिष्चित भूतकाल क्रिया (समय में प्रगट होना) में की गई। यीषु मसीह हमेषा हैं।

1:6–8

ये और 1:15यीषु के बारे में यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला की गवाही के रूपा में लिखा गया। यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला पुराने नियम का अन्तिम नबी था। ये एक कविता के रूपा में लिखना असम्भव है। यह प्रस्तावना भाग वादविवाद की बात बनी है कि यह पद्य है या गद्य?

1:7

'' ताकि सब उसके द्वारा विश्वास लाएं। ''

यूहन्ना रचित सुसमाचार अन्य सुसमाचारों के समान एक सुसमाचार पर्चा है। यह उत्तम अवसर है यीषु पर,जो जगत की ज्योति है, विष्वास करने के द्वारा उद्धार पा सकते है(यूहन्ना 1:12; 20:31; 1 तिमु. 2:4; 2 पत.3:9)।

1:7,12

''विष्वास''

यूहन्ना रचित सुसमाचार में इस क्रिया का प्रयोग 78 बार और यूहन्ना का पत्रीयों में 24 बार हुआ है। यूहन्ना रचित सुसमाचार में इसे संज्ञा के रूप में प्रयोग नहीं किया। विष्वास प्राथमिक रूपा से बुद्धिसंगत और भावनात्मक प्रत्युत्तर नही है परन्तु इच्छापूर्ण प्रत्युत्तर है। इस यूनानी षब्द को अंग्रज़ी भाशा की विष्वास, भरोसा ,और आस्था षब्दों में अनुवाद किया गया। यह ''उसे स्वागत करना''(1:11) तथा ''ग्रहण करना'' (1:12) के सदृष है। उद्धार परमेष्वर के अनुग्रह से मुफ़्त तथा मसीह के पूर्ण काम है, परन्तु इसे ग्रहण करना अवष्य है। उद्धार एक वाचा का संबन्ध है जिसमें सैभाग्य और कर्तव्य षामिल हैं।

1:8

यह संभव है कि अन्य सुसमाचार लेखको के लिखने के बाद यूहन्ना के लिखने के कारण उसने यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के षिश्यों (जिन्होंने यीषु के बारे में नहीं सुना या तो ग्रहण नहीं किया) के बीच की समस्या को जानता था।

विषेश षीर्शक – यीषु के प्रति गवाही

षब्द '' **गवाही** '' का संज्ञा *(माटूरिया)* और क्रिया *(माटूरियो)* यूहन्ना का कुंजी षब्द है। यहाँ **यीषु के प्रति कई गवाही हैः**

1. यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला (यूहन्ना 1:7,8,15; 3:26,28; 5:33)
2. यीषु स्वयं (यूहन्ना 3:11; 5:31;8:13,14)
3. सामरी स्त्री (यूहन्ना 4:39)
4. पिता परमेष्वर (यूहन्ना 5:32,34,37; 8:18; 1यूहन्ना 5: 9)
5. पवित्रषास्त्र (यूहन्ना 5:39)
6. लाज़र को जिलाने के समय की भीड़ (यूहन्ना 12:17)
7. पवित्रात्मा (यूहन्ना 15:26,27; 1 यूहन्ना 5:10,11)
8. षिश्य लोग (यूहन्ना 15:27; 19:35; 1यूहन्ना 1:2;4:14)
9. लेखक स्वयं (यूहन्ना 21:24)

1:9 – 13

9.सच्ची ज्योति जो हर एक मनुष्य को प्रकाशित करती है, जगत में आनेवाली थी।
10. वह जगत में था, और जगत उसके द्वारा उत्पन्न हुआ, और जगत ने उसे नहीं पहिचाना।
11. वह अपने घर में आया और उसके अपनों ने उसे ग्रहण नहीं किया।
12. परन्तु जितनों ने उसे ग्रहण किया, उस ने उन्हें परमेश्वर के सन्तान होने का अधिकार दिया, अर्थात् उन्हें
जो उसके नाम पर विश्वास रखते हैं। 13. वे न तो लहू से, न शरीर की इच्छा से, न मनुष्य की इच्छा से,
परन्तु परमेश्वर से उत्पन्न हुए हैं।

1:9

'' सच्ची ज्योति ''

यहाँ ''सच्च'' का अर्थ है वास्तविक। यह षायद पहली षताब्दी के तमाम धर्मषास्त्रीय विभिन्नताओ को सम्बोधित कर रहा है। यह यूहन्ना के लेखों में पाए जानेवाला साधारण विषेशण है(3:35; 4:23,37;6:32; 7:28; 15:1; 17:3; 19:35; 1 यूहन्ना 2: 8; 5:20 तथा प्रकाषितवाक्य में 10 बार)। देखिए **विषेश षीर्शक 6:55**

'' जगत में आनेवाली''

स्वर्ग, आत्मिक साम्राज्य, को छोड़कर समय और स्थान के भौतिक साम्राज्य में प्रवेष किया हुए यीषु के बारे में बताने के लिए यूहन्ना इस षब्दसमूह का प्रयोग करता है (6:14; 9:39; 11: 27; 12:46; 16: 28)। इस आयत में यीषु के देहधारण को बताने के लिए इस षब्दसमूह का प्रयोग किया है।

एन ए एस बी, ''हर एक मनुष्य को प्रकाशित करती है''
एन के जे वी ''हर एक मनुष्य को प्रकाश देता है''
एन आर एस वी ''हर एक को प्रकाशित करती है''
टी इ वी ''समस्त मनुष्य के ऊपर चमकती है''
एन जे बी **''वह** हर एक मनुष्य को प्रकाश देता है''

इस षब्दसमूह को दो अर्थों में समझ सकते है। (1) यूनानी संस्कृति के अनुसार यह अन्दरूनीप्रकाषन की ज्योति है, एक दैवीय चिंगारी। *क्वॉकेर्स* इस प्रकार इसकी व्याख्या करते हैं। हलॉकि ऐसा एक विचार यूहन्ना में नही है। यूहन्ना के अनुसार ज्योति मानवजाति की बुराई को प्रगट करती हैं (3:19 – 21)।
(2) यह प्रकृति द्वारा **प्रकाषन को नही दर्षाता परन्तु यीषु द्वारा (जो** सच्ची ज्योति है **) प्रकाषन और उद्धार को दर्षाता है ।**

1:10

'' जगत ''

तीन विभिन्नार्थ से यूहन्ना ने षब्द *कॉसमॉस* का प्रयोग किया: (1) विष्व (1:10,11; 11:9; 16:21; 17:5,24: 21:25); (2) समस्त मानवजाति (1:10,29; 3:16,17; 4:42; 6:33; 12;19,42; 18:29); और परमेष्वर से दूर व्यस्त रहनेवाला पतित मानव (7:7; 15:18,19; 1 यूहन्ना 2:15; 3:1,13)। इस प्रसंग में दूसरा ठीक है।

" जगत ने उसे नहीं पहिचाना। "

यीषु को प्रतिज्ञात मसीह के रूपा में न तो यहूदियों ने और न अन्यजातियों ने पहचाना। षब्द 'पहचान' इब्रानी भाशा के एक मुहावरे को दर्षाता है जिसका अर्थ है घनिश्ठ सम्बन्ध(उत्प. 4:1; यिर्मा. 1:5)।

1:11

" वह अपने घर में आया
और उसके अपनों ने
उसे ग्रहण नहीं किया। "

इस आयत में षब्द अपने **का प्रयोग दो बार किया गया हैः पहलेवाला भौगोलिक तौर से यहूदिया और यरूषलेम के लिए है, और दूसरा यहूदियों के लिए है।**

1:12

" परन्तु जितनों ने
उसे ग्रहण किया,"

यह उद्धार में मानव की भूमिका को दर्षाता है (1:16)। मनुश्य को अनुग्रह जो मसीह के द्वारा परमेष्वर की ओर से मिला है उसका प्रत्युत्तर देना अवष्यक है (3:16; रोमि 10: 9 – 13; इफि. 2:8,9)। परमेष्वर अवष्य संप्रभु हैं,किन्तु उनका संप्रभुता में उन्होंने पतित मानवजाति के साथ एक षर्तीय वाचा का सम्बन्ध बनाया। पतित मानवजाति के लिए अवष्य है कि वे मनफिराएं, विष्वास करें, आज्ञा मानें तथा विष्वास में बने रहें।

"उसने अधिकार दिया "

इस यूनानी षब्द का अर्थ है (1) कानूनी अधिकार या (2) सौभाग्य (5:27; 17:2; 19:10,11)। **पतित मानवजाति यीषु के द्वारा अब परमेष्वर को जान सकती है तथा उन्हें पिता और परमेष्वर के रूप में अंगीकार कर सकती है।**

" परमेश्वर की सन्तान होने "

नए नियम के लेखकों ने मसीहत को दर्षाने के लिए पारिवार का रूपक प्रयोग किया। (1)पिता (2) पुत्र (3) सन्तान (4) नया जन्म और (5) लेपालकपन। मसीहत एक पारिवार के समान है न कि उत्पन्न।
पुत्र के लिए यूनानी में दो षब्दों का प्रयोग हुआ है यीषु के लिए *हुइयोस* और विष्वासियो के लिए *टेक्नॉन,टेक्ना*। विष्वासी **परमेष्वर की** सन्तान है परन्तु वे **परमेष्वर के** पुत्र यीषु की समानता में नहीं। उसका सम्बन्ध अनोखा है।

"उन्हें जो उसके नाम पर
विश्वास रखते हैं"

इसका अर्थ है जारी रहनेवाला विश्वास। षब्द '' विश्वास '' की पृश्ठभूमि हमें समकालीन अर्थ को समझाने में हमारी मदद करेगी। इब्रानी में यह स्थिर रहने वाले एक व्यक्ति की ओर दर्षाता है। इस षब्द का प्रयोग भरोसेमन्द या विष्वासयोग्य और ईमानदार व्यक्ति के लिए रूपकात्मक रीति से प्रयोग होता है। यूनानी षब्द को अंग्रज़ी में ''विष्वास'',''भरोसा'', ''आस्था'' षब्दों में अनुवाद किया है। बाइबलीय विष्वास वह है जिस पर हम विष्वास रखते है न कि जो हम करते है । **पतित मानवजाति परमेष्वर की** विश्वास–योग्यता पर भरोसा करते, ईमानदारी पर विश्वास करते और उनके प्रियों पर आस्था रखते हैं। यहाँ मनुश्य के विश्वास की गहराई को नहीं पर उस विश्वास के मनोभाव को देख रहे हैं। देखिए **विषेश षीर्शक 2:23।**

'' उसके नाम पर ''

पुराने नियम में एक व्यक्ति के लिए उसका नाम महत्वपूर्ण था। नाम उसके चरित्र का षब्दचित्र था। नाम नर विष्वास करने का अर्थ है ग्रहण या स्वीकार करना।

1:13

एन ए एस बी, एन के जे वी, एन आर एस वी *''*वे न तो लहू से, न शरीर की इच्छा से, न मनुष्य की इच्छा से उत्पन्न हुए हैं।''
टी इ वी ''संसारिक पिता से जन्मने के कारण प्रकृति ***की बातों से वे परमेष्वर की सन्तान नहीं बने''।***
एन जे बी ''**वे न तो मनुश्य** की इच्छा से या अवष्यकता से उत्पन्न हुए हैं''

षब्द लहू यहाँ पर बहुवचन है। यह इस बात को प्रगट करता है कि परमेष्वर किसी जाति को अधिक महत्व नहीं देता, परन्तु जो कोई पुत्र पर विष्वास करता है उसे परमेष्वर चुनते तथा अपनी ओर खींचते हैं (6:44, 65)। 12 और 13 आयतें परमेष्वर के परमाधिकार और मनुश्य की अवष्यकता के बीच तालमेल बैठाती हैं।

1:14 — 18

14. और वचन देहधारी हुआ; और अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण होकर हमारे बीच में डेरा किया, और हम ने उस की ऐसी महिमा देखी, जैसी पिता के एकलौते की महिमा।
15. यूहन्ना ने उसके विषय में गवाही दी, और पुकारकर कहा, कि यह वही है, जिसका मैं ने वर्णन किया, कि जो मेरे बाद आ रहा है, वह मुझ से बढ़कर है क्योंकि वह मुझ से पहिले था।
16. क्योंकि उस की परिपूर्णता से हम सब ने प्राप्त किया अर्थात् अनुग्रह पर अनुग्रह।
17. इसलिये कि व्यवस्था तो मूसा के द्वारा दी गई; परन्तु अनुग्रह, और सच्चाई यीषु मसीह के द्वारा पहुंची।
18. परमेश्वर को किसी ने कभी नहीं देखा, एकलौता पुत्र जो पिता की गोद में हैं, उसी ने उसे प्रगट किया।

1:14

'' वचन देहधारी हुआ;''

मसीहत को यूनानी विधर्मी विचारों में सम्मिलित करने के लिए कोषिष करनेवालों, नॉस्टिक झूठे उपदेषों,पर यूहन्ना हमला कर रहा है। इम्मानुएल के वायदा को परिपूर्णता में (यषा. 7:14) यीषु वास्तविक मनुश्य तथा वास्तविक परमेष्वर थे (1 यूहन्ना 4:1 – 3)। **पतित मानवजाति के बीच** परमेष्वर ने डेरा किया। पाप स्वभाव के लिए पौलूस के समान यूहन्ना षब्द *देह या षरीर* का प्रयोग नहीं कर रहा है।

'' हमारे बीच में डेरा किया ''

इस षब्द के पीछे मिलापवाला तम्बू और उनके मरूभूमि यात्रा का यहूदी पृश्ठभूमि है (प्रका.7:15; 21:3)। इस समय के सिवाय परमेष्वर कभी भी इस्राएल के समीप नही रहा। उस समय उनके साथ रहा हुआ दैवीय बादल को ''शेकैनाह'' कहते है । इब्रानी षब्द का अर्थ है '' डेरा करना।''

'' हम ने उस की महिमा देखी ''

यह यीषु के जीवन के किसी विषेश बात की ओर इषारा कर रहा है जैसे कि (1)रूपान्तर या स्वर्गारोहण (2)अदृष यहोवा की प्रत्यक्षता और उसे परिपूर्णता से जान सकते हैं। इस बात का उल्लेख हम 1 यूहन्ना 1:1–4 में पाते हैं जिसमें यीषु की मानवियता में आत्मा और भौतिकता बीच की गलत नॉस्टिक षिक्षा का विरोध किया गया है।
पुराने नियम में इब्रानी भाशा में महिमा के लिए साधारण रीति से व्योपार सम्बन्धी षब्द प्रयोग किया गया जिसका अर्थ है भारी होना। जो भारी है वह कीमती भी है। कई बार इस प्रकार के षब्दों का प्रयोग परमेष्वर की विभूति को बताने के लिए प्रयोग करते हैं (निर्ग.15:16; 24:17; यषा. 60: 1–2)। केवल वो मात्र महिमा और आदर के योग्य हैं। वो इतना बुद्धिमान है कि **पतित मानवजाति उसे निहारे (निर्ग. 33:17; यषा. 6:5)। केवल यीषु मसीह के द्वारा ही** परमेष्वर को जान सकते हैं (यिर्म. 1:14; मत्ती 17:2; इब्र. 1:3; याकूब 2:1)।
षब्द ''महिमा'' का अर्थ हो सकता है (1) परमेष्वर की धार्मिकता के सदृष्य (2) परमेष्वर की पवित्रता या पूर्णता () परमेष्वर का स्वरूप जिसमें मनुश्य की सृश्टि की गई (उत्प. 1:26,27; 5:1; 9:6), परन्तु यह विद्रोह के कारण बिगड़ गए(उत्प. 3:1 – 22) यह अपने लोगों के साथ यहोवा की उपस्थिति को ईषारा करता है (निर्ग. 16:7,10; लेवि. 9:23; गिनती 14:10)।

एन ए एस बी, एन के जे वी '' जैसी पिता के एकलौते की महिमा। ''
एन आर एस वी '' जैसी पिता के एकमात्र पुत्र की महिमा। ''
टी इ वी **''पिता के** एकलौते **होने के कारण महिमा पाया।''**
एन जे बी **''महिमा पाई** जैसी पिता के एकलौते की महिमा''

षब्द एकलौता (मोनोजेनेस) का अर्थ है अनोखा, एकसा (3:16)। वॉल्गेट ने इसे एकलौता पुत्र अनुवाद किया जिसका अनुकरण कुछ पुराने अंग्रज़ी अनुवादों में पाया जाता है (लूका 7:12; 8:42; 9:38; इब्र. 11:17)। यहाँ का मुख्य विशय एकता तथा अनोखापन है।

'' पिता ''

पुराने नियम में परमेष्वर को पिता कहकर पारिवारिक रूपक का प्रयोग किया है: इस्राएल को परमेष्वर का 'पुत्र' कहा गया (होषे 11:1; मलाकी 3:17); (2) व्यवस्थाविवरण में परमेष्वर को पिता कहा गया (1:31); (3) व्यवस्थाविवरण 32में इस्राएल को परमेष्वर का 'पुत्र' और परमेष्वर को 'पिता' कहा गया; (4) इस रूपक का प्रयोग भ.सं 103:13 में किया गया तथा इसका विस्तृत विवरण भ.सं 68: 5 (अनाथों का पिता) में है; (5) नबियों में यह सर्वसाधारण था (यषा. 1:2; 63:8 इस्राएल परमेष्वर का 'पुत्र', परमेष्वर पिता के रूप में 63:16;64:18; यिर्मा. 3:4,19; 31:9)

विषेशरूप से यूहन्ना में यीषु इस रूपक में संपूर्ण पारिवारीक संबन्ध की ओर गहराई की ओर ले जाते हैं (1:14,18; 2:16; 3:35;4:21,23;5:17,18,19,20,21,22,23,26,36,37,43,45;6:27,32,37, 44,45,46,57;8:16,19,27, 28,38,42,49,54; 10:15,17)।

"अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण"

यह पुराने नियम का *हेसेड़* (प्रतिज्ञात प्रेम और वफेदारी) और *एमेत* (विष्वासयोग्यता) से सम्बन्धित है जिसका प्रयोग नीतिवचन 16:6 में है। पुराने नियम का प्रतिज्ञात षब्द यीषु का चरित्र (यूहन्ना 1:17) को सूचित करता है। देखिए **विषेश षीर्शक सच्चाई 6:55 तथा 17:3।**

1:15

"वह मुझ से पहिले था"

यह यीषु के अस्तित्व के बारे में यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले का मजबूत दृढ़ कथन है (यूहन्ना 1:1; 8:56 – 59; 16:28; 17:5; 2कुरि. 8:9; फिलि. 2:6,7; कुलु. 1:17; इब्रा. 1:3; 10:5–8)। **अस्तित्व और की गई नबूवतें इस बात को पक्का करती हैं कि इतिहास से बढ़कर एक परमेष्वर है तथा वो इतिहास में कार्य कर रहे हैं। यह बाइबलीय विष्व–दृश्टि** का अभिन्न भाग है।

1:16 – 18

यूहन्ना रचित सुसमाचार की विषेशता यह ह कि जब भी लेखक ने ऐतिहासिक घटना, वार्तालाप, और षिक्षा को समाप्त करना चाहा तब अपने ही कथन के साथ किया। कई बार यीषु, यूहन्ना और दूसरों की बातों को पहचानना मुष्किल होता है। अधिकतर विद्वानों का मानना यह है 1:16 – 19 लेखक का ही कथन है।

1:16

" परिपूर्णता "

इसे यूनानी में *प्लेरोमा* कहते है। नॉस्टिक झूठे षिक्षक इसे एक ऊॅचा अच्छा परमेष्वर तथा एक अपेक्षाकृत कम परमेष्वर के बारे में बताने के लिए प्रयोग करते थे। यीषु ही परमेष्वर तथा मनुश्य के बीच के एक मात्र मध्यस्थ हैं (कुलु. 1:19; 2:9; इफि. 1:23; 4:13)। ऐसा लगता है कि प्रेरित यूहन्ना प्रारम्भिक नॉस्टिक विचारधारा पर हमला कर रहे है।

एन ए एस बी, एन आर एस वी "अनुग्रह पर अनुग्रह"
एन के जे वी "अनुग्रह के लिए अनुग्रह"
टी इ वी **"एक आषिश के बाद दूसरी आषिश "**
एन जे बी **"एक आषिश दूसरे का स्थान लेते हुए"**

यहाँ प्रष्न यह है कि हम इस अनुग्रह को किस प्रकार समझें? क्या यह (1) उद्धार के लिए मसीह में परमेष्वर की करूणा है? (2) मसीही जीवन के लिए परमेष्वर की करूणा है? (3) नई वाचा में मसीह के द्वारा परमेष्वर की करूणा है? यीषु के देहधारण में आष्चर्यजनक रीति से परमेष्वर का अनुग्रह दिया गया। **पतित मानवजाति के लिए** यीषु परमेष्वर का हाँ है (2 कुरि. 1:20)।

1:17

''व्यवस्था''

मूसा की व्यवस्था बुरी नहीं थी। संपूर्ण उद्धार दिलाने में यह अपर्याप्त थी (गल. 3: 23 – 29; रोमि. 4)।

'' अनुग्रह ''

यह पतित मानवजाति, लायक न होने के बावजूद भी, के प्रति परमेष्वर का प्रेम है (इफि. 2:8)। **षब्द** अनुग्रह (कारिस) पौलूस के लेखों का मुख्य षब्द है जिसका उपयोग यूहन्ना ने केवल इस अनुच्छेद में किया है (यूहन्ना 1:14,16,17)। पवित्रात्मा प्रेरणा प्राप्त नए नियम के लेखकों की यह स्वतन्त्रता थी कि वे अपनी इच्छानुसार षब्दों का चुनाव करें।

'' सच्चाई ''

यह इस अर्थ से प्रयोग किया (1) विष्वासयोग्यता (2) सच्चाई बनाम झूठ (यूहन्ना 1:14; 8:32; 14:6)। दोनों अनुग्रह और सच्चाई यीषु के द्वारा आए हैं।

''यीषु ''

मरियम के बेटे यीषु के मानवीय नाम का उल्लेख प्रस्तावना में यहाँ पहली बार हो रहा है।

'' परमेश्वर को किसी ने
कभी नहीं देखा, ''

कुछ कहते है यह निर्ग.33:20 – 23 के विरोध में हैं। इब्रानी षब्द का अर्थ है ''चमक '' न कि परमेष्वर का षारीरिक दर्षन। इस अनुच्छेद का अर्थ है केवल यीषु ही परमेष्वर की परिपूर्णता से प्रगट करते हैं (14:8)।

यह अनुच्छेद यीषु नासरी में परमेष्वर के अनोखे प्रगटीकरण को महत्व देता है। वो एकमात्र और परिपूर्ण स्वयं का प्रगटीकरण है।यीषु को जानने का अर्थ है परमेष्वर को जानना। यीषु स्वयं पिता का परिपूर्ण प्रगटीकरण है। उसके बिना स्पश्ट रूप से दैवीयता को जानना नामुमकीन है (कूलू.1:15 – 19; इब्रा. 1: 2,3)।

एन ए एस बी, '' परमेष्वर का एकलौता पुत्र''
एन के जे वी ''एकलौता पुत्र''
एन आर एस वी '' परमेष्वर का एकमात्र पुत्र''
टी इ वी ''एकलौता पुत्र''
एन जे बी ''**यह है** एकलौता पुत्र''

यूनानी हस्तलेखों में थोड़ा सा अन्तर है। पी66,पी75,बी, तथा सी में *थियॉस/* परमेष्वर **का प्रयोग है, परन्तु ए तथा सी3 में** ''परमेष्वर'' **की जगह ''पुत्र'' का प्रयोग है। यह यूहन्ना 3:16 और 1यूहन्ना 4:9 के वजह से आए होंगे (ब्रूस एम. मेटज़गर का ए टेक्सचुयल कमेन्टरी ऑन द ग्रीक न्यू टेस्टमेन्ट** पृश्ठ. 198**) यह यीषु की** परिपूर्ण **दैवीयता के प्रति एक ठोस सबूत है। इस आयत में हम यीषु के लिए 3 षीर्शक देख सकते हैं: (1)** एकलौता पुत्र (2) परमेष्वर (3) जो पिता की गोद में है।

''जो पिता की गोद में है''

यह आयतें 1 और 2 के समानता में है। यह घनिश्ठ संबन्ध के बारे में है।

एन ए एस बी, "उसी ने उसका विवरण किया"
एन के जे वी "उसी ने उसे घोशित किया"
एन आर एस वी, एन जे बी **"जिन्होंने उसकी पहचान करवाई"**
टी इ वी **"उसने उसकी पहचान करवाई "**

यूहन्ना 1:18 में यूनानी में प्रयोग किया गया षब्द से हमें *टीका* षब्द मिला है, जिससे परिपूर्ण प्रगटीकरण हमें प्राप्त है। यीषु का सबसे महत्वपूर्ण कार्य पिता को प्रगट करना था (**यूहन्ना** 14:7 – 10; इब्रा. 1: 2,3)। यीषु को देखने और पहचानने का अर्थ है पिता को देखना और पहचानना।

चर्चा के लिए प्रष्न

यह एक अध्ययन सहायक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि आप अपने बाइबल अनुवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। हममें से हरेक को उस प्रकाष में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्रात्मा प्राथमिक हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं थोप सकते।

यह प्रष्न चर्चा के लिए इसलिए दिए गए हैं ताकि आप इस भाग की मुख्य बातों पर विचार कर सकें। ये विचारों को जागृत करने के लिए हैं न कि परिभाशा प्रस्तुत करने लिए।

1. लॉगॉस की परिभाश दीजिए, तथा इसके बाइबलीय, प्राचीन धार्मिक, लौकिक प्रयोग के बारे में बताए।
2. यीषु के अस्तित्व की षिक्षा महत्वपूर्ण क्यों है?
3. उद्धार में मनुश्य की क्या भूमिका है? कैसे एक व्यक्ति यीषु को ग्रहण करता है?
4. वचन को देहधारी होने की अवष्यकता क्यों थीं?
5. इस अनुच्छेद की रूपरेखा बनाना इतना कठिन क्यों है?
6. यीषु को सूचित करने के लिए प्रयोग की गई विभिन्न धर्मषास्त्रीय
सच्चाईयों का सुची बनाएं (कम से कम 8)।
7. आयत 18 इतनी महत्वपूर्ण क्यों है?

प्रासंगिक अन्तरदृश्टि ***यूहन्ना 1: 19 – 51***

क. यह अनुच्छेद यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला के प्रति प्रारम्भिक कलीसिया की दो गलत धारणाओं की चर्चा कर रहा है:

1. जो यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के इर्द–गिर्द पनपना झगड़े का विशय बना (**यूहन्ना 1: 6–9,20,21,25; 3:22–36**)

2. 1:32–34 में चर्चा किए गए मसीह के व्यक्तित्व के प्रति। यही नॉस्टिक झूठी षिक्षा का हमला 1 **यूहन्ना 1 में भी हैं।** 1 यूहन्ना, यूहन्ना रचित सुसमाचार के लिए सहपत्र का काम करती है।

ख. यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के द्वारा यीषु के बपतिस्मा के बारे में यूहन्ना रचित सुसमाचार खामोष है। यूहन्ना द्वारा दिए गए यीषु के जीवन के घटनाक्रम में कलीसिया की धर्मनिश्ठा, बपतिस्मा तथा प्रभु भोज, अनुपस्थित है। ऐसा करने के लिए दो विषेश कारण हैं।

1. प्रारम्भिक कलीसिया का धर्मनिश्ठा पर अधिक ज़ोर देने के कारण यूहन्ना मजबूर हुआ कि इस बात का उल्लेख न किया जाए। उसके सुसमाचार सम्बन्धों पर आधारित है न कि संस्कृतियों पर। उसने बपतिस्मा तथा प्रभु भोज जो धर्मनिश्ठा है इन बातों का उल्लेख नहीं किया । यह अनुपस्थिती हमारे ध्यान को उसकी ओर खींच रही है।

2. यूहन्ना, अन्य सुसमाचारों के बाद लिखने के कारण, मसीह के जीवितांष को लेकर दूसरों को पूर्ती कर रहा है। समानान्तर सुसमाचार इन बातों को बताने के कारण यूहन्ना ने जिन बातों का उल्लेख नही किया उन बातों को लिख रहा है। उदाहरण के तौर पर ऊपरी कोठरी का वार्तालाप (यूहन्ना 13 –17) न कि भोज।

ग. यीषु के बारे में यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले की गवाही का विषेश महत्व। यूहन्ना द्वारा निम्नलिखित मसीहषास्त्रीय कथनः

1. यीषु परमेश्वर का मेम्ना है (1:29) यीषु का षीर्शक जिसका उल्लेख केवल इधर और प्रकाषितवाक्य में है।
2. यीषु का अस्तित्व (1ः 30)
3. यीषु परमेश्वर का पुत्र है (1ः 34)
4. यीषु पवित्रात्मा का प्रापक और दाता है।

घ. यीषु के व्यक्तित्व और काम के बारे में निम्नलिखित लोगों के व्यक्तिगत गवाहियों से बटोरी हुई सच्चाईः

1. यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला
2. अन्द्रियास और पतरस
3. फिलिप्पुस और नतनएल

यह इस सुसमाचार को लिखने का एक तरीका बन गया। इस सुसमाचार में यीषु के बारे में या यीषु के साथ 27 वार्तालाप या गवाहियाँ है।

षब्द और वाक्यांष अध्ययन

यूहन्ना 1ः 19 – 23

19. यूहन्ना की गवाही यह है, कि जब यहूदियों ने यरूशलेम से याजकों और लेवीयों को उस से यह पूछने के लिये भेजा, कि तू कौन है?

20. तो उस ने यह मान लिया, और इन्कार नहीं किया परन्तु मान लिया कि मैं मसीह नहीं हूँ।
21. तब उन्हों ने उस से पूछा, तो फिर कौन है? क्या तू एलिय्याह है? उस ने कहा, मैं नहीं हूँ: तो क्या तू वह भविष्यद्वक्ता है? उस ने उत्तर दिया, कि नहीं।
22. तब उन्होंने उस से पूछा, फिर तू है कौन? ताकि हम अपने भेजनेवालों को उत्तर दें; तू अपने विषय में क्या कहता है?
23. उस ने कहा, मैं जैसा यशायाह भविष्यद्वक्ता ने कहा है, जंगल में एक पुकारनेवाले का शब्द हूँ कि तुम प्रभु का मार्ग सीधा करो।

1:19

''यहूदियों ने ''

यूहन्ना रचित सुसमाचार में यह (1)यहूदिया में यीषु से दूर रहनेवाले, या (2) धार्मिक अगुवे की ओर इषारा करता है। कुछ विद्वानों का कहना है कि यह समस्त यहूदियों की ओर इषारा नहीं करता है। हलाँकि 90 ई0 में जामिना की सभा के बाद मसीहियों के प्रति यहूदियों के सताव में बढ़ौतरी हुई।

''याजकों और लेवीयों ''

यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला भी याजकीय परिवार से था (लूका 1:5)। लेवीयों का उल्लेख यूहन्ना रचित सुसमाचार में केवल यहाँ पाते है। सम्भव है कि वे मन्दिर के पुलिस होंगे। ये यीषु के विरोध में यरूषलेम से धार्मिक अगुवों के द्वारा भेजे गए जासूस थे (1:24)। याजक और लेवी सदूकी होते हैं तथा षास्त्री फरीसी होते हैं। यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले को सवाल के घेरे में लानेवाले ये दानों झुण्ड़ के थे। यीषु और उनके षिश्यों का विरोध करने के लिए राजनैतिक और धार्मिक अगुवे एक मत थे।

'' तू कौन है?''

यूहन्ना 8:25 में यीषु के साथ भी इस सवाल को दोहराया गया। यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला और यीषु की षिक्षा और काम ने धार्मिक अगुवों को बेचैन कर दिया, क्योंकि वे जानते थे इन दोनों में पुराने नियम की कुछ भविश्यात्मक बातें हैं। इसलिए यह सवाल यहूदियों के अन्त समय की प्रतिक्षा से जुड़े हैं, नए युग के अगुवे।

'' उस ने यह मान लिया,
और इन्कार नहीं किया
परन्तु मान लिया ''

यह बहुत षक्तिषाली कथन है। प्रतिज्ञात मसीह होने की बात को वो नकार रहे है।

'' मसीह ''

यह इब्रानी षब्द का अनुवाद है जिसका अर्थ है ''अभिशिक्त''। पुराने नियम के अनुसार परमेष्वर के विषेश काम के लिए एक खास व्यक्ति को अभिशेक किया जाता था। याजक, राजा, नबी का अभिशेक होता था। इसलिए कईयों ने सोचा कि यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला ही प्रतिज्ञात मसीह है (लूका 3:15)। क्योंकि वो ही एकमात्र सन्देषवाहक था जो लगभग 400 साल के बाद परमेष्वर की ओर से आया।

1:21

'' तो फिर कौन है?
क्या तू एलिय्याह है?''

क्योंकि एलिय्याह मरा नहीं पर जीवित स्वर्ग की ओर उठा लिया गया (2 राजा 2:1), और यह विष्वास किया जाता था कि वह प्रतिज्ञात मसीह से पहले आएगा (मला. 3:1; 4:5) यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले ने एलिय्याह के समान कार्य किया (ज़क. 13:4)।

'' मैं नहीं हूँ:''

यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला स्वयं को एलिय्याह की भविश्यात्मक भूमिका में नहीं देखता, परन्तु यीषु उसको मलाकी के भविश्यद्वाणी के पूर्तीकरण के रूप में देखते हैं (मत्ती 11:14; 17:12)।

'' तो क्या तू वह भविष्यद्वक्ता है?''

मूसा ने कहा था उसके बाद उसके समान एक भविष्यद्वक्ता आएगा (व्यवस्था. 18:15,18; प्रेरित. 3:22)। नए नियम में इस बात का उपयोग दो विभिन्न तरीके से किया है(1) प्रतिज्ञात मसीह से अलग दूसरा एक व्यक्तित्व (यूहन्ना 7:40 – 41) या (2) प्रतिज्ञात मसीह के साथ दूसरा एक व्यक्तित्व (प्रेरित. 3:22)।

1:23

'' मैं जंगल में एक
पुकारनेवाले का शब्द हूँ''

यह यषा. 40:3 के सेप्टूवजन्ट अनुवाद के उद्धृत तथा मलाकी 3:1 का सदृष्य है।

''प्रभु का मार्ग सीधा करो ''

यह यषा. 40:3 के उद्धृत तथा यषायाह के सेवक गीत (अध्याय 40 – 54) का भाग है (यषायाह 42:1–9; 49:1–7; 50:4–11; 52:13–53:12)। ये प्राथमिक रूप से इस्राएल के लिए कहे गए, परन्तु यषायाह 52:13–53:12 एक व्यक्ति की ओर इषारा करते है। प्रभु का मार्ग सीधा करने का अर्थ है उनके राजकीय दौरे की तैयारी। पहली षताब्दी के कुछ झूठे उपदेष्को के झूण्ड़ ने यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले को अपना अगुवा मान लिया था इसलिए प्रेरित यूहन्ना ने धर्मषास्त्रीय रीति से यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले का मूल्य घटाकर प्रस्तुत किया है।

1:24 – 28

24. ये फरीसियों की ओर से भेजे गए थे।
25. उन्हों ने उस से यह प्रश्न पूछा, कि यदि तू न मसीह है, और न एलिय्याह, और न वह भविष्यद्वक्ता है, तो फिर बपतिस्मा क्यों देता है?
26. यूहन्ना ने उन को उत्तर दिया, कि मैं तो जल से बपतिस्मा देता हूँ; परन्तु तुम्हारे बीच में एक व्यक्ति

खड़ा है, जिसे तुम नहीं जानते।
27. अर्थात् मेरे बाद आनेवाला है, जिस की जूती का बन्ध मैं खोलने के योग्य नहीं।
28. ये बातें यरदन के पार बैतनिय्याह में हुई, जहाँ यूहन्ना बपतिस्मा देता था।

1:24

''ये फरीसियों की ओर से भेजे गए थे ''

इसका अर्थ यह हो सकता है:(1) यूहन्ना से सवाल करने फरीसियों ने उन्हें भेजा (1:19) या (2) सवाल करनेवाले फरीसी थे,परन्तु यह बात थोड़ीसी विरोधाभास लग रही है क्योंकि याजक सदूकी होते थे(1:9)

विषेश षीर्शक – फरीसी

1. इस षब्द का उत्भव निम्नलिखित किन्हीं एक से होगा।

क. **''अलग किए गए''। इनका प्रचलन मकाबियन के समय पर हुआ** (अधिकतर इस विचार को मानते है।)**।**

ख. **''विभाजन करना''। यह एक ही इब्रानी मूल षब्द का दूसरा अर्थ है। कुछ कहते है इसे किसी अनुवादक के द्वारा प्रयोग किया गया** (2 तिमु. 2:15)**।**

ग. **''पारसी''। यह एक ही मूल षब्द का अरामिक अर्थ है।** फरीसियों के कुछ उपदेष पारसी धर्म के साथ मेल खाते है।

2. इनकी प्रगति **मकाबियन के समय के भक्तों से हुई। यह एन्टियाकस् 4 एपीपानोस के विरोध में निकले कई झुण्ड में से एक हो सकते हैं।** फरीसियों का नाम सर्वप्रथम जॉसीफॉस का एन्टिक्यूटीस् ऑफ ज्वूस 8.5. 1–3 में उल्लेखित है।

3. मुख्य षिक्षा / उपदेष

क. **मसीह के आगमन में विष्वास। यह यहूदी भविश्यात्मक साहित्यों, 1 हानूक, से प्रभावित है।**

ख. **परमेष्वर प्रतिदिन के जीवन में कार्यषील है। यह सदूकियों के विचार के विरोध में है।** धर्मषास्त्रीय रीति से फरीसियों की अधिकतर षिक्षाएं **सदूकियों की** षिक्षाओं **के विरोध में है।**

ग. भौमिक जीवन पर आधारित भविश्य षारीरिक जीवन, जिसमें न्याय और प्रतिभल है (दानिएल 12:2)।

घ. पुराने नियम तथा मौखिक परम्परा (*तालमूद*) की आधिकारिकता, उन्हें मालूम था कि जैसे वे रब्बियों की पाठषाला में पुराने नियम में कही गई आज्ञाओं की व्याख्या करते हैं वैसे आज्ञाकारी बनना। इसकी व्याख्या दो विभिन्न विचारधारा रखनेवाले रब्बियों के आपसी तर्क–वितर्क से ही होती थी। आखिर इस व्याख्या को बॅबिलोनियन तालमूद तथा पलिस्तीनियन तालममूद में लिखा जाता था। वे विष्वास करते थे कि मूसा ने सिय्योन पर्वत पर इसे पाया। इस कार्यप्रणाली का ऐतिहासिक आरम्भ एज़्रा और महान सिनगॉग के बीच हुई वाद–विवाद से हुआ (बाद में इसे सनहद्रीन कहा गया)।

ङ **उच्चस्तरीय स्वर्गदूत षास्त्र। इसमें दोनों बुरे तथा भले आत्मिक प्राणी सम्मिलित है। इसकी प्रौढ़ता पारसी धर्म और यहूदी भविश्यात्मक साहित्यों से** हुई है।

1:25

''तो फिर बपतिस्मा क्यों देता है?''

अन्यजाती से यहूदी बननेवालों का बपतिस्मा सधारण घटना थी, परन्तु यहूदियों का बपतिस्मा चौकानेवाली बात थी। यह यषा. 52:15; यज़े. 36:25; जक. 13:1 से लिया हुआ होगा।

''यदि''

यह पहले दर्जे का षर्त वाक्य है जो लेखक के नज़रिये से उनके लेख के लिए सत्य है।

''न मसीह है, और न एलिय्याह,
और न भविष्यद्वक्ता है?''

मृतसागर चर्मलेखों के अनुसार एक विचारधारा इस प्रकार है कि ये तीनों मसीह के अलग–अलग चित्र होंगे। प्रारम्भिक कलीसिया के अगुवे ने यह भी विष्वास किया कि मसीह के पुनरागमन से पहले एलिय्याह भौतिक रूप से आएंगे (क्रिस्टोसम् , जरॉम, ग्रिगरी , अगस्टीन)।

1:26

''मैं तो जल से बपतिस्मा देता हूँ''

आयत 33 के सदृष्य में हैं।

1:27

'' जिस की जूती का बन्ध
मैं खोलने के योग्य नहीं।''

यह एक गुलाम के कार्य को दर्षाता है जब उसका स्वामी घर आता है तो उसे चाहिए कि उनका जूता खोले। रब्बियों पर आधारित यहूदियों का यह मत था कि एक षिश्य अपने रब्बी के जूते खोलने को छोड़कर बाकी सब काम करने की तैय्यारी में एक गुलाम के तरह रहें। यह अत्यन्त नम्रता का रूपक है।

1:28

''बैतनिय्याह''

यह यरदन नदी के पूरब तट के यरीहो के पास का षहर है।

1:29 – 34

29. दूसरे दिन उस ने यीशु को अपनी ओर आते देखकर कहा, देखो, यह परमेश्वर का मेम्ना है, जो जगत के पाप उठा ले जाता है।
30. यह वही है, जिस के विषय में मैं ने कहा था, कि एक पुरूष मेरे पीछे आता है, जो मुझ से श्रेष्ठ है, क्योंकि वह मुझ से पहले था।
31. और मैं तो उसे पहचानता न था, परन्तु इसलिये मैं जल से बपतिस्मा देता हुआ आया, कि वह इस्राएल पर प्रगट हो जाए।
32. और यूहन्ना ने यह गवाही दी, कि मैं ने आत्मा को कबूतर की नाईं आकाश से उतरते देखा है, और वह उस पर ठहर गया।
33. और मैं तो उसे पहचानता न था, परन्तु जिस ने मुझे जल से बपतिस्मा देने को भेजा, उसी ने मुझ से कहा, कि जिस पर तू आत्मा को उतरते और ठहरते देखे; वही पवित्रा आत्मा से बपतिस्मा देनेवाला है।
34. और मैं ने देखा, और गवाही दी है, कि यही परमेश्वर का पुत्र है।

1:29

''देखो, यह परमेश्वर का मेम्ना है,''

जल्द ही फ़सह पर्व होनेवाला है(2:13)। इसलिए यह मिस्र से (निर्ग. 12) छुटकारा (अर्थात उद्धार) दिलानेवाले उस मेम्ने को दर्षाता है। हलॉकि इसकी और भी व्याख्या है (1) षायद दुःखभोगी सेवक को दर्षाता है, यषा. 53: 7; (2) षायद झाड़ियों से मिले हुआ मेढे को दर्षाता है, उत्पती 22:8; (3) मन्दिर में जारी रहनेवाले बलीदान को दर्षाता है, निर्ग. 29:38–46। वास्तविकता कुछ भी हो बली होने के उद्देष्य से इस मेम्ने को भेजी गया।
पौलूस ने इस रूपक का उपयोग कभी नहीं किया, यूहन्ना ने इस रूपक का उपयोग नाम मात्र के लिए ही किया है (1:29,36)। 21:15 में यूनानी षब्द ''छोटे मेम्ने'' का प्रयोग हुआ है, और 28 बार इसे प्रकाशितवाक्य में पाते हैं।
यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के इस षब्द के प्रयोग के पीछे एक ओर कारण हो सकता हैः पुराने तथा नए नियम के बीच के अन्तराल में जो भविश्यात्मक साहित्य हुआ है उनमें मेम्ने को जयवन्त योद्धा बताया गया। बली का विचार अभी भी स्थाई है, परन्तु मेम्ने का न्यायाधीष होना पूर्वकाल से ही तय है (प्रकाष. 5:5–6, 12–13)।

''जो जगत के पाप उठा ले जाता है।''

अर्थात् उठाना तथा लेकर चलना। यह लेवी. 16 में कहे गए बली के बकरे के विचार के सदृष्य है।
यह मेम्ने के विष्वस्तरीय काम को दर्षाता है। यहाँ पाप षब्द एकवचन है। पाप की समस्या जो विष्व में है उसे यीषु ने निपटाया।

1:30

''वह मुझ से पहिले था।''

यह आयत 15 के महत्व को दोहराती है। यह यीषु के अस्तित्व और दैवीयता का दूसरा प्रर्दषन है(यूहन्ना 1:1, 15; 8:58; 16:28; 17:5, 24; 2कुरि. 8:9; फिलि. 2:6,7; कुलु. 1:17; इब्रा. 1:3)।

1:31

"कि वह इस्राएल पर प्रगट हो जाए।"

यह यूहन्ना का साधारण षब्द है(2:11; 3:21; 7:4; 9:3; 17:16; 21:14), परन्तु इसे समानान्तर सुसमाचारों में कम पाया गया, केवल मरकूस 4:22 में इसका उल्लेख है। यूहन्ना के बपतिस्मा के दो पहलू है (1) लोगों को तैयार करना (2) मसीह को प्रगट करना।

1:32–33

यूहन्ना ने देखा हुआ पवित्रात्मा का आगमन और यीषु में उसकी आवाज की तीन प्रकार की विषेशता इसमें हैं।

1:32

"आत्मा को कबूतर की नाईं
आकाश से उतरते देखा है"

यह मसीह की पहचान कराने का यषायाह का तरीका था (यषायाह 42:1; 59:21; 61:1) इसका अर्थ यह नहीं कि इससे पहले यीषु के पास आत्मा नहीं थी।यह परमेष्वर के विषेश–चुनाव तथा तैयारी का तरीका था। यह प्रथमिक रूप से यीषु के लिए नही परन्तु यूहन्ना के लिए था।
दो युगों के बारे में यहूदी विचार रखते थेः वर्तमान बुरे युग और भविश्य के धार्मिक युग। नए युग जो आत्मा का युग कहलाता है। यही दर्षन यूहन्ना के साथ बाँटा होगा कि(1) यह मसीह है तथा (2) नए युग का भोर हुआ है।

"कबूतर"

यह (1) इस्राएल के लिए रब्बियों का चिन्ह (2) आत्मा का रूपक जो मण्डलानेवाले पक्षी के समान है (उत्प.1:2) (3) आत्मा के उतरने के ढ़ंग को दर्षाने के लिए प्रयोग किया गया (आत्मा एक पक्षी नही है।)

"ठहर गया"

देखिए विषेश षीर्शक 1 यूहन्ना 2:10

1:33

" मैं तो उसे पहचानता न था "

इसका अर्थ यह नही कि यूहन्ना यीषु को नहीं जानता पर मसीह के रूप में पहचानता नहीं था। वे रिष्तेदार होने के कारण पिछले सालों में अवष्य मिले होंगे।

" परन्तु जिस ने मुझे जल से बपतिस्मा देने को भेजा,
उसी ने मुझ से कहा,"

जैसे दूसरे भविश्यद्वक्ताओं के साथ परमेष्वर ने बात की वैसे यूहन्ना के साथ भी की। यूहन्ना को बपतिस्मा में होनेवाली विषेश बातों से मसीह को पहचानना था।

यूहन्ना का बपतिस्मा एक धार्मिक अधिकार रखता था। यरूषलेम के अधिकारियों ने उस अधिकार को जानना चाहा (1:19–28)। यूहन्ना यीषु को अपने अधिकार का श्रोत मानता है। यूहन्ना के पानी के बपतिस्मा से उत्तम है यीषु की आत्मा में बपतिस्मा । यीषु का पानी में स्वयं का बपतिस्मा आत्मा में बपतिस्मा का चिन्ह बनता है, जो कि नए युग मे प्रवेष है।

"वही पवित्र आत्मा से
बपतिस्मा देनेवाला है"

यह कथन 1 कुरि. 12:13 के अनुसार प्राथमिक रूप से एक व्यक्ति का परमेष्वर के परिवार में षामिल होने को दिखाता है। आत्मा पाप के बारे में निरूत्तर करती है, यीषु की ओर आकर्शित करती है तथा मसीह में बपतिस्मा दिलाती, और नए विष्वासी में यीषु को उत्पन्न करती है (यूहन्ना 16:8713)।

1:34

" और मैं ने देखा,
और गवाही दी है,"

यह उस काम को बताता है जो पूरा हो चुका है तथा जारी भी है। यह 1 यूहन्ना की समानता में है।

" कि यही
परमेश्वर का पुत्र है। "

1:49 में नतनएल ने इस षीर्शक का प्रयोग किया है। मत्ती 4:3 में षैतान ने भी इस षीर्शक का प्रयोग किया है। परन्तु यूनानी हस्तलेख पी5 और आलेफ में परमेश्वर के पुत्र के बदले में परमेश्वर क चुने हुए का प्रयोग है। यूहन्ना में " परमेश्वर का पुत्र " षब्दसमूह का प्रयोग आम हैं।

1: 35 – 42

35. दूसरे दिन फिर यूहन्ना और उसके चेलों में से दो जन खड़े हुए थे। 36. और उस ने यीशु पर जो जा रहा था दृष्टि करके कहा, देखो, यह परमेश्वर का मेम्ना है।
37. तब वे दोनों चेले उस की सुनकर यीशु के पीछे हो लिए।
38. यीशु ने फिरकर और उन को पीछे आते देखकर उन से कहा, तुम किस की खोज में हो? उन्हों ने उस से कहा, हे रब्बी, (अर्थात् हे गुरू) तू कहाँ रहता है? उस ने उन से कहा, चलो, तो देख लोगे।
39. तब उन्हों ने आकर उसके रहने का स्थान देखा, और उस दिन उसी के साथ रहे; और यह दसवें घंटे के लगभग था।
40. उन दोनों में से जो यूहन्ना की बात सुनकर यीशु के पीछे हो लिए थे, एक तो शमौन पतरस का भाई अन्द्रियास था।
41. उस ने पहिले अपने सगे भाई शमौन से मिलकर उस से कहा, कि हम को ख्रिस्तस अर्थात् मसीह मिल गया।
42. वह उसे यीशु के पास लायाः यीशु ने उस पर दृष्टि करके कहा, कि तू यूहन्ना का पुत्र शमौन है, तू केफा, अर्थात् पतरस कहलाएगा।

<u>1:35</u>

<u>" उसके चेलों में से दो जन "</u>

इन षिश्यों को बुलाने की घटना को मरकूस अलग षैली से प्रस्तुत करता है(मरकूस 1:16–20)। यह पक्का पता नही है कि उन्हें बुलाने से पहले यीषु का और गलील के इन षिश्यों के साथ कोई सम्बन्ध रहा कि नहीं। यीषु के समय में किसी को रब्बी के षिश्य बनने के लिए विषेश अनुषासन की विभिन्न प्रक्रिया से होकर गूज़रना था। उस प्रक्रिया का उल्लेख रब्बियों की पुस्तक में है परन्तु उसे सुसमाचार में क्रमानुसार नहीं अपनाया है। जिन दो षिश्यों का उल्लेख यहाँ है वे (1) अन्द्रियास (1:40) (2) यूहन्ना (इस सुसमाचार में वह स्वयं को नाम से संबोधित नहीं करते)
षब्द षिश्य का अर्थ (1) सीखनेवाला, या (2) अनुयायी , हो सकता है। यह यीषु मसीह पर, जिन्हें यहूदियों के प्रतिज्ञात मसीह के रूप में, विष्वास किए हुए लोगों के प्रारम्भिक नाम थे। नए नियम षिश्यों की कामना करते हैं न कि केवल निर्णयों की (मती.13)। मसीहत एक निर्णय (मनफिराव और विष्वास) से आरम्भ होकर लगातार जारी रहनेवाला आज्ञाकारिता तथा धैर्य का निर्ण्य है। मसीहत स्वर्ग पहुँचने का टिकट नहीं है परन्तु यीषु के साथ एक सेवक/दोस्त का सम्बन्ध है।

<u>1:37</u>

<u>" वे दोनों चेले उस की सुनकर "</u>

यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला स्वयं से लोगों का ध्यान हटाकर यीषु की ओर इषारा करता हैं(3:30)।

<u>1:38</u>

<u>" हे रब्बी, (अर्थात् हे गुरू)"</u>

जो मूसा की व्यवस्था और परम्परा(तालमूद) के प्रभाव और प्रयोग के बारे में अच्छे से जानते थे उन्हें पहली षताब्दी के यहूदी धर्म रब्बी कहते थे। इसका षाब्दिक अर्थ है गुरू। षिक्षक की समानता में प्रेरित यूहन्ना ने इसका प्रयोग किया है (11:8, 28; 13:13,14; 20:10)। इन षब्दों की व्याख्या से यह कह सकते है कि यूहन्ना ने इसे अन्यजातियों के लिए लिखा है (1:38,41,42)।

<u>" तू कहाँ रहता है?"</u>

यह गुरू षिश्य सम्बन्धों को बताने का एक अनोखा तरीका है। इस प्रष्न ने इस बात को स्पश्ट किया कि मार्ग में केवल प्रष्न से बढ़कर वे यीषु के साथ अधिक समय बिताना चाहता थे (1:39)।

<u>1:39</u>

<u>"यह दसवें घंटे के लगभग था "</u>

यह बताना कठीन है कि यूहन्ना किस समय का विवरण कर रहा है, षायद यह (1) रोमी समय है जिसका आरम्भ प्रभातकाल के 12 बजे या (2) दोपहर के 12 बजे या (3) यहूदी समय जो सायंकाल के 6 बजे आरम्भ होता है। परन्तु यूहन्ना 19:14; मरकूस 15:25 के साथ इसकी तुलना की जाए तो यह रोमी समय लगता है।

यदि इसकी तुलना यूहन्ना 11:9 के साथ की जाए तो यह यहूदी समय लगता है। यूहन्ना ने सम्भवत् दोनों का उपयोग किया। यहाँ पर रोमी समय का दोपहर का वक्त है, अर्थात 4 बजे।

1:41

एन ए एस बी, "पहले उसने अपने भाई को पाया"
एन के जे वी, एन आर एस वी " उसने अपने भाई को पहले पाया "
टी इ वी "एकदम उसने पाया"
एन जे बी "पहले अन्द्रिास ने किया"

हस्तलेखों का अन्तर अनुवाद को प्रभावित करता है। विकल्प निम्नलिखित हैः (1) **पहला कार्य अन्द्रिास ने किया कि** (2) पहला व्यक्ति जिसको उसने देखा (3) पहले जाकर कहनेवाला **अन्द्रिास** ही था।

"मसीह"

देखिए नोट 1:20

1:42

"यीशु ने उस पर दृष्टि करके "

इस व्याख्यांष का अर्थ है ध्यानपूर्वक देखना।

"यूहन्ना का पुत्र शमौन "

पतरस के नाम के प्रति नया नियम असमंजस में हैं। मत्ती 10:17 में पतरस को योना का पुत्र कहा गया (*ऐयानॉस*), परन्तु यहाँ यूहन्ना का पुत्र कहा है *(ऐयान्नॉस)* यूहन्ना नाम पी66, पी75, आलेफ, और एल में है। योना नाम ए, बी3, के और भी कुछ हस्तलेखों में है। अरामिक नामों के अनुवाद में अक्सर यह समस्या रही है।

" तू केफा,
अर्थात् पतरस कहलाएगा। "

केफा पत्थर का अरामिक (*केपा*)है, इसे यूनानी में *केफास* कहते हैं। यह षब्द किसी की दृढ़ता,काबिलीयत, स्थाईपन को दर्षाता है।

1:43 — 51

43.दूसरे दिन यीशु ने गलील को जाना चाहा; और फिलिप्पुस से मिलकर कहा, मेरे पीछे हो ले।
44. फिलिप्पुस तो अन्द्रियास और पतरस के नगर बैतसैदा का निवासी था। 45. फिलिप्पुस ने नतनएल से मिलकर उस से कहा, कि जिस का वर्णन मूसा ने व्यवस्था में और भविष्यद्वक्ताओं ने किया है, वह हम को मिल गया; वह यूसुफ का पुत्र, यीशु नासरी है।
46. नतनएल ने उस से कहा, क्या कोई अच्छी वस्तु भी नासरत से निकल सकती है? फिलिप्पुस ने उस से कहा, चलकर देख ले।

47. यीशु ने नतनएल को अपनी ओर आते देखकर उसके विषय में कहा, देखो, यह सचमुच इस्राएली है: इस में कपट नहीं।
48. नतनएल ने उस से कहा, तू मुझे कहाँ से जानता है? यीशु ने उस को उत्तर दिया; उस से पहिले कि फिलिप्पुस ने तुझे बुलाया, जब तू अंजीर के पेड़ के तले था, तब मैं ने तुझे देखा था।
49. नतनएल ने उस को उत्तर दिया, कि हे रब्बी, तू परमेश्वर का पुत्र है; तू इस्राएल का महाराजा है।
50. यीशु ने उस को उत्तर दिया; मैं ने जो तुझ से कहा, कि में ने तुझे अंजीर के पेड़ के तले देखा, क्या तू इसी लिये विश्वास करता है? तू इस से भी बड़े बड़े काम देखेगा।
51. फिर उस से कहा, मैं तुम से सच सच कहता हूँ कि तुम स्वर्ग को खुला हुआ, और परमेश्वर के स्वर्गदूतों को मनुष्य के पुत्र के ऊपर उतरते और ऊपर जाते देखोगे।

1:43

'' दूसरे दिन ''

समस्त सुसमाचार में यूहन्ना कालानुक्रमिक षब्दसमूहों का उपयोग करता है।

''यीशु ने जाना चाहा ''

यूहन्ना यीषु के प्रारम्भिक यहूदिया की सेवकोई के बारे में, जिसका उल्लेख समानन्तर सुसमाचारों में नहीं है, रेखांकित करता है। यूहन्ना रचित सुसमाचार यहूदिया विषेशरूप से यरूषलेम की सेवकोई पर अधिक जोर देता है।

''मेरे पीछे हो ले''

यह स्थाई षिश्यता के लिए रब्बी का बुलावा है। इस सम्बन्ध के प्रति यहूदियों के पास कुछ मार्गनिर्देषन थे।

1:44

'' फिलिप्पुस जो बैतसैदा का निवासी था''

इस षहर के नाम का अर्थ है ''मछली पकड़ने का भवन''। यह अन्द्रियास और पतरस का नगर है।

1:45

'' नतनएल ''

इस इब्रानी नाम का अर्थ है ''परमेष्वर ने दिया''। समानन्तर सुसमाचारों में इस नाम से इसका उल्लेख नही हैं। नवीन विद्वानों की मानें तो यह बरतलोमी है, परन्तु यह केवल एक अनुमान ही है।

'' व्यवस्था और भविष्यद्वक्ताओं ''

यह इब्रानी कानोन की तीन में से दो बातों को सूचित करता है: व्यवस्था, भविष्यद्वक्ता और लेख (90 ई0 में जिसे जामनिया में क्रमीकृत किया गया)। यह समस्त पुराने नियम को दर्षाने का एक तरीका है।

''यूसुफ का पुत्र, यीशु नासरी ''

इसे यहूदियों की समझ में समझना चाहिए। यीषु नासरत में रहते थे और उस भवन के पिता का नाम यूसुफ था। यह यीषु का बेतनलेहम में पैदा होने से इन्कार नहीं करते (मीका 5:2) न कुंवारी से जन्म का (यषा. 7:14)।

1:46

'' नतनएल ने उस से कहा,
क्या कोई अच्छी वस्तु भी नासरत से
निकल सकती है?''

निष्चयरूप से फिलिप्पुस और नतनएल पुराने नियम को जानते थे, उन्हें मालूम था कि मसीह बेतलहेम से ही आएगा (मीका 5:2) न कि अन्यजातियो की गलील के नासरत से (षायद वे यषा. 9:1–7 को ध्यान में नही रखा)।

1:47

एन ए एस बी, एन के जे वी, एन आर एस वी ''इस में कपट नहीं''
टी इ वी **''उसमें कोई गलती नही''**
एन जे बी **''इसमें पाखण्डीपन नही''**

अर्थात् सीधे मनवाले व्यक्ति (भ.सं. 32:2) चुने हुए वंष, इस्राएल का सही चित्रीकरण।

1:48

''यीशु ने उस को उत्तर दिया;
उस से पहिले कि फिलिप्पुस ने तुझे बुलाया,
जब तू अंजीर के पेड़ के तले था,
तब मैं ने तुझे देखा था। ''

यीषु ने यहाँ स्वयं को मसीह बताने के लिए नतनएल के सामने अपनी आलौकिक बुद्धी का प्रयोग किया।

कई बार यह समझना कठीन हो जाता है कि किस प्रकार यीषु की मानवीयता और दैवीयता कार्य करती है। यहाँ पर यीषु अपनी आलौकिकता का प्रयोग करते हैं।

1:49

*'' नतनएल ने उस को उत्तर दिया,
कि हे रब्बी, तू परमेश्वर का पुत्र है;
तू इस्राएल का महाराजा है। ''*

दोनों षीर्शकों को ध्यान दीजिए! दोनों में मसीह का प्रभाव है। प्रारम्भिक षिश्यों ने यीषु को यहूदियों की सोच विचार में समझा। वे यीषु के व्यक्तित्व और दुःख भोगी सेवक (यषा. 53) के तौर पर उनके काम को पुनरूत्थान तक नहीं समझ पाए।

1:51

एन ए एस बी, '' मैं तुम से सच सच कहता हूँ''
एन के जे वी ''**बड़े निष्चय से** मैं तुम से कहता हूँ''
एन आर एस वी '' मैं तुम से सच कहता हूँ''
टी इ वी ''मैं तुम से सच्चाई कहता हूँ''
एन जे बी **''सच में''**

यह आक्षरिक रूप से ''आमीन आमीन'' है। केवल यूहन्ना रचित सुसमाचार
में यीषु ने इस षब्द को दोहराया वह भी 25 बार। **आमीन विष्वास का इब्रानी षब्द *(एमेत)* है। इसे स्थिरता और भरोसे के लिए रूपक के तौर पर पुराने नियम में प्रयोग किया गया है। इसे विष्वास या विष्वासयोग्यता में अनुवाद किया गया। इसे समयानुसार निष्चयता के लिए प्रयोग करना षुरू कर दिया। यह प्रभु यीषु के महत्वपूर्ण कथन की ओर ध्यान खींचने की एक अनोखी षैली थी (1:51; 2:3,5,11; 5:19,24,25; 6:26,32,47,53; 8:34,51,58; 10:1,7: 12:24; 13:16,20,21,38; 14:12; 14:12; 16:20,23; 21:18)।**
यहाँ पर प्रयोग किए गए सर्वनाम और क्रिया बहुवचन है। वहाँ पर उपस्थित सभों को सम्बोधित कर रहे हैं।

'' स्वर्ग को खुला हुआ ''

षब्द स्वर्ग यहाँ बहुवचन है, इब्रानी भाशा में भी यह बहुवचन है। यह (1) उत्पत्ती 1 में बताए गए पृथ्वी के ऊपर के वातावरण या (2)परमेष्वर की उपस्थिती, को दर्षाता है।

*''स्वर्गदूतों को ऊपर उतरते
और ऊपर जाते देखोगे।''*

यह बेतेल में याकूब की अनुभव की ओर इषारा करता है (उत्पत्ती. 28:10)। यीषु कह रहे कि जो वायदा परमेष्वर ने यकूब के साथ किया था परमेष्वर ने उन तमाम बातों का उपाय किया।

'' मनुष्य के पुत्र ''

यीषु ने स्वयं के लिए प्रयोग किए हुए षीर्शक हैं। यह मनुश्य प्राणी को दर्षाने के लिए इब्रानी में प्रयोग होनेवाला षब्दसमूह है (भ.सं. 8:4; यहेज़. 2:1)। परन्तु दानिय्येल, 7:13 के प्रयोग के कारण इसे दैवीय योग्यताएं मिली हैं। अपने स्वभाव की विषेशता के कारण यीषु ने इस षीर्शक का प्रयोग किया है (1 यूहन्ना 4:1–6)।

चर्चा के लिए प्रष्न

यह एक अध्ययन सहायक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि आप अपने बाइबल अनुवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। हममें से हरेक को उस प्रकाष में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्रात्मा प्राथमिक हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं थोप सकते।

यह प्रष्न चर्चा के लिए इसलिए दिए गए हैं ताकि आप इस भाग की मुख्य बातों पर विचार कर सको। ये विचारों को जागृत करने के लिए हैं न कि परिभाशा प्रस्तुत करने लिए।

1. यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले से यरूषलेम के परिशद ने यह क्यों पूछा कि वह उन तीन पुराने नियम के महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक है?
2. आयत 19 – 30 में यीषु के बारे में यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के द्वारा प्रयोग किए गए मसीहषास्त्र को पहचानिए?
3. षिश्यों की बुलाहट के विशय में समानन्तर सुसमाचार और यूहन्ना रचित सुसमाचार में इतना अन्तर क्यों है?
4. वे यीषु के बारे में क्या समझे? आयत 39 में उन्होंने यीषु के लिए उपयोग किए हुए षीर्शक पर ध्यान दीजिए।
5. यीषु स्वयं को किस नाम से संबोधित करते है? क्यों?

<u>यूहन्ना – 2</u>

पाँच आधुनिक अंग्रेजी अनुवादों के विच्छेद

यू बी एस[4] काना में विवाह	एन के जे वी पानी का दाखरस में परिवर्तन	एन आर एस वी काना में विवाह	टी इ वी काना में विवाह	जे बी काना में विवाह
2:1 – 11	2:1 – 12	2:1 – 11	2:1 – 3 2:4 2:5 2:6 – 10 2:11	2:1 – 10 2:11 – 12
2:12		2:12	2:12	
मन्दिर का षुद्धिकरण	यीषु मन्दिर को षुद्ध करते हैं	मन्दिर का षुद्धिकरण		मन्दिर का षुद्धिकरण
2:13 – 22	2:13 – 22	2:13 – 22	2:13 – 17 2:18 2:19 2:20 2:21 – 22	2:13 – 22
यीषु सब मनुश्य को जानते हैं	हृदयों को जाँचनेवाला		मनुश्य स्वभाव के बारे में यीषु की जानकारी	यीषु यरूषलेम में
2:23 – 25	2:23 – 25	2:23 – 25	2:23 – 25	2:23 – 25

<u>अध्ययन कालचक्र तीन</u>

अनुच्छेद में वास्तविक लेखक की मनसा का अनुकरण करना।

यह पढ़ने के लिए एक मार्गदर्षक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि बाइबल का अनुवाद करने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं। हम में से हरेक को उस रोषनी में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्रमुख हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं छोड सकते।

बाइबल की पूरी पुस्तक को एक ही बार में पढ़िए। विशय को पहचानिए। अपने विच्छेद की तुलना नए पांच अनुवादों के विच्छेद से कीजिए। अनुच्छेद प्रेरणा पाया हुआ नहीं पर यह वास्तविक लेखक के उद्देष्य को समझने में सहायक है जो कि अनुवाद का हृदय है। हर अनुच्छेद का केवल एक ही अर्थ होता है।

1) पहला अनुच्छेद

2) दूसरा अनुच्छेद

3) तीसरा अनुच्छेद

4) इत्यादि

प्रासंगिक अन्तरदृश्टि 2:1 – 11

क. यीषु अपने दिनों के सब धार्मिक अगुवों से अलग थे। आम जनता के साथ उन्होंने खाया पिया। यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला जंगल से आया हुआ एकांतिक व्यक्ति था, यीषु सर्वविदित व्यक्ति थे।

ख. उनका चिन्ह घरेलू था। आम जनता के लिए उनका ध्यान और सोच यीषु के स्वभाव का एक हिस्सा है और पाख्ण्डी धार्मिक लोगों के प्रति उनका रोश यीषु के स्वभाव का दूसरा हिस्सा है। लोगों का प्राथमिकता यीषु की स्वतन्त्रता को प्रगट करता है।

ग. ये पहले 7 चिन्ह हैं जो यीषु के स्वभाव और सामर्थ को प्रगट करते हैं (2 –11)।

1. काना के विवाह में पानी को दाखरस में बदलना (यूहन्ना 2:1–11)
2. राजकर्मचारी के पुत्र को चंगा करना (यूहन्ना 4:46–54)
3. यरूषलेम के बैतहसदा कुण्ड में लंगडे को चंगा करना (यूहन्ना 5:1 –18)
4. पाँच हजार पुरुशों को खिलाना (यूहन्ना 6:1–15)
5. गलील की झील के ऊपर चलना (यूहन्ना 6:16–21)
6. जन्म के अन्धे को दृश्टिदान (यूहन्ना 9:1–41)
7. बैतनिय्याह का लाज़र को जिलाना (यूहन्ना 11:1–57)

षब्द और वाक्यांष अध्ययन

यूहन्ना 2:1 – 11

1. फिर तीसरे दिन गलील के काना में किसी का ब्याह था, और यीशु की माता भी वहाँ थी।
2. और यीशु और उसके चेले भी उस ब्याह में नेवते गए थे।
3. जब दाखरस घट गया, तो यीशु की माता ने उस से कहा, कि उन के पास दाखरस नहीं रहा।
4. यीशु ने उस से कहा, हे महिला मुझे तुझ से क्या काम? अभी मेरा समय नहीं आया।
5. उस की माता ने सेवकों से कहा, जो कुछ वह तुम से कहे, वही करना। 6. वहाँ यहूदियों के शुद्ध करने
की रीति के अनुसार पत्थर के छः मटके धरे थे, जिनमें दो दो, तीन तीन मन समाता था।
7. यीशु ने उन से कहा, मटको में पानी भर दो उन्होंने उन्हें मुहाँमुँह भर दिया।
8. यीशु ने उन से कहा, अब निकालकर भोज के प्रधान के पास ले जाओ। 9. वे ले गए, जब भोज के प्रधान
ने वह पानी चखा, जो दाखरस बन गया था, और नहीं जानता था, कि वह कहाँ से आया है, (परन्तु जिन सेवकों ने पानी निकाला था, वे जानते थे) तो भोज के प्रधान ने दूल्हे को बुलाकर, उस से कहाँ

10. हर एक मनुष्य पहले अच्छा दाखरस देता है और जब लोग पीकर छक जाते हैं, तब मध्यम देता है; परन्तु तू ने अच्छा दाखरस अब तक रख छोड़ा है।
11. यीशु ने गलील के काना में अपना यह पहला चिन्ह दिखाकर अपनी महिमा प्रगट की और उसके चेलों ने उस पर विश्वास किया।

2:1

'' किसी का ब्याह था ''

गाँव में विवाह एक बड़ी सामाजिक घटना थी। कई बार समस्त जनता इसमें षामिल होती थी और यह कई दिनों तक चलता रहता था।

'' यीशु की माता भी वहाँ थी। ''

मरीयम वहाँ की तैयारी में मदद कर रही थीं। इस बात का सबूत (1) सेवकों से उनका कहना (2:5) और (2) खान पान के ऊपर उनकी चिन्ता (2:3) से मिलता है। इस काम को रिष्तेदार या मित्र करते थे।

2:3

'' उनके पास
दाखरस नहीं रहा। ''

अतिथियों को दाखरस पिलाना इब्रानी संस्कृती हैं। यह दाखरस अवष्य उत्तेजित करनेवाला था जैसे कि (1) भोज के प्रधान का बयान (9 – 10) यीषु के समय की यहूदी संस्कृती, और (3) साफ सुधरे वातावरण प्रक्रिया की कमी।

विषेश षीर्शकः दाखरस और तीव्र पेयजल।

1. बाइबलीय षब्द

क. पुराना नियम

1. *यायीन* – यह दाखरस के लिए साधारण रीति से उपयोग किया गया षब्द है, जिसका उल्लेख 141 बार है। षब्द–विषेश की उत्पत्ति के बारे में जानकारी नही है, क्योंकि यह एक इब्रानी मूल षब्द नहीं है। इस षब्द का अर्थ है उत्तेजित फलों का रस, विषेशरूप से अंगूर का रस। कुछ अनुच्छेद निम्नलिखित हैः उत्पत्ति 9:21; निर्ग. 29:40; गिनती. 15:5, 10

2. *तिरोश* – यह *''नए दाखरस''* के लिए है। वहाँ के वतावरण की विषेशता के कारण रस निकालने के 6 घण्ट के अन्दर उत्तेजित हो जाता है। उत्तेजन प्रक्रिया के लिए इस षब्द का प्रयोग होता है। कुछ अनुच्छेद निम्नलिखित हैः

व्यव्स्था. 12:17; 18:4; यषा. 62:8–9; होषै 4:11

3. *एसिस* – यह मदिरा के लिए प्रयोग करते है। (योएल. 1:5; यषा. 49:26)

4. *सेकर* – यह तीव्र पेयजल के लिए है। यहाँ इब्रानी मूल षब्द ''षराब'' या ''षराबी''का प्रयोग है। यह *यायीन* के सदृष्य है (नीति. 20:1; 31:6; यषा. 28:7)।

ख. नए नियम

1. *ओइनॉस* – *यायीन* का यूनानी षब्द।
2. *नियोस ओइनॉस (नए दाखरस)* – *तिरोश* का यूनानी षब्द (मरकूस 2:22)।
3. *ग्लूकॉस विनॉस (मीठा दाखरस)* – उत्तेजन प्रक्रिया की प्रारम्भिक अवस्था (प्रेरित. 2:13) ।

2. बाइबलीय उपयोग

क. पुराना नियम

1. दाखरस परमेष्वर का दान है (उत्.27:28; भ.सं.104:14–15; सभो.9:7;होषै. 2:8,9; योएल. 2:19,24; आमोस. 9:13; जक.10:7)।
2. दाखरस बलीदान का एक भाग है (निर्ग. 29:40; लैव्य. 23:13; गिन. 15:7,10; 28:14; व्यवस्था. 14:26; न्यायी. 9:13)।
3. दाखरस औशध के रूप में उपयोग किया गया (2षामू.16:2;नीति.3:16–17)।
4. दाखरस एक वास्तविक समस्या हो सकती है (नूह–उत्. 9:21; लूत–उत्. 19:33,35; षिमषोन–न्यायी.16:19; नाबाल–1षमू. 25:36; ऊरिय्याह–2षमू.11:13; अम्मोन–2षामू. 13:28; एलाह–1राजा. 16:9; बेनहदद–1राजा. 20:12; अधिकारी–आमोस. 6:6; स्त्रियाँ–आमोस.4) ।
5. दाखरस दुरूपयोग किया जा सकता है (नीति.20:1; 23:29–35; 31:4,5; यषा. 5:11,22; 19:14; 28:7,8; होषै. 4:11)।
6. दाखरस कुछ एक झुण्ड के लिए मना था (याजक–लैव्य. 10:9; यहेज. 44:21; नाजीर–गिन. 6; अधिकारी–नीति. 31:4,5; यषा. 56:11,12; होषै. 7:5)।
7. दाखरस अन्तिम समय षास्त्र में उपयोग किया गया (आमो. 9:13; याएल. 3:18; जक. 9:17)।

ख. अन्दर पवित्रषास्त्रीय

1. थोडा सा दाखरस मद्दगार है (एकली. 31:27–30)
2. रब्बियों की मानें तो दाखरस सब औशधों में श्रेश्ठ हैं, जहाँ इसकी कमी है वहाँ नषीली दवाईयों की अवष्यकता है (बी बी 58बी)।

ग. नए नियम

1. यीषु ने पानी को दाखरस में परिवर्तित किया (यूह. 2:1–11)।
2. यीषु ने दाखरस पीया (मत्ती.11:18,19; लूका.7:33–34; 22:17)।
3. लोगों ने आरोप लगाया कि पतरस ने पेन्तकुस्त के दिन नया दाखरस पीया (प्रेरित. 2:13)।
4. दाखरस औशध के रूप में उपयोग किया जा सकता है (मरकुस. 15:23; लूका. 10:34; 1तिमु. 5:23)।

5. अगुवे इसका दुरूपयोग करनेवाले न हो। इसका अर्थ यह नहीं कि परिपूर्ण परहेज़ करनेवाले हो (1तिमु. 3:3,8; तीतुस. 1:7; 2:3; 1पत. 4:3)।
6. दाखरस अन्तिम समय षास्त्र में उपयोग किया गया (मत्ती. 2:1; प्रकाषित. 19:9)।
7. मदोन्मत्तता निन्दा का विशय है (मत्ती. 24:49; लूका. 11:45; 21:34; 1कुरि. 5:11–13; 6:10; गला. 5:21; 1पत. 4:3; रोमि. 13:13,14)।

3. धर्मषास्त्रीय अन्तरदृश्टि

क. तर्कषास्त्रीय संघर्श

1. दाखरस परमेष्वर का दान है।
2. मतवालापन एक बड़ी समस्या है।
3. कुछ संस्कृती के विष्वासियों को अपनी स्वतंत्रता पर सुसमाचार के कारण रोक लगाना है (मत्ती. 15:1–20; मरकुस. 7:1–23; 1कुरि. 8:10; रोमि. 14:1; 15:13)

ख. दी गई सीमाओं से बाहर जाने का रूझान

1. समस्त वस्तुओं का श्रोत परमेष्वर है (सृश्टि ''बहुत अच्छे'' है, उत. 1:31)।
2. पतित मानवजाती ने परमेष्वर की ओर से दिए गए समस्त तोहफे का दुरूपयोग परमेष्वर की ओर से दी गई सीमाओं से बाहर जाकर किया ।

ग. दुरूपयोग हम में है, न कि वस्तुओं में। भौतिक सृश्टि में कोई बुराई नही है (मरकुस.7:18–23; रोमि. 14:14,20; 1कुरि. 10:23–26; 1तिमु. 4:4; तीतुस. 1:15)।

4. पहली षताब्दी के यहूदी संस्कृती तथा उत्तेजन प्रक्रिया

क. रस निकालने के तुरन्त 6 घण्टे के बाद उत्तेजन प्रक्रिया षुरू हो जाती है विषेशरूप से साफ सुधरे वातावरण के कमी में।

ख. यहूदी संस्कृती के अनुसार रस के ऊपर जब झाग आना षुरू होता है तब इस दाखरस का दषांष देना है (*मा असेरॉथ 1:7*)। इसे ''*नया दाखरस*'' या '' *मीठा दाखरस* ''कहा जाता है।

ग. एक सप्ताह के बाद प्रारम्भिक उत्तेजन प्रक्रिया पूर्ण हो जाती हैं।

घ. उत्तेजन प्रक्रिया का दूसरा चरण 40 दिन तक चलता है। इस समय के दाखरस को *''मान्य दाखरस '* कहते हैं जिसे बली वेदी पर चढ़ाते हैं *(एदुयोत्त. 6:1)*

ङ अधिक समय तक रहे हुए दाखरस को उत्तम माना जाता है, परन्तु इसे उपयोग करने से पहले छानना अवष्य है।

च. उत्तेजन प्रक्रिया में एक साल रहनेवाले दाखरस को मान्यता दी जाती है। अधिक से अधिक तीन साल तक इसे सम्भालकर रख सकते हैं। इसे पुराना दाखरस कहते है जिसे पानी के साथ मिलाना अवष्य है।
5. आयत 33 की ''स्वीकृती'' आयत 36 के साथ किस प्रकार संबन्धित है ? इस वाद विवाद में षब्द '' अनाज्ञाकारी बनना'' का क्या संबन्ध है ?
6. लोग क्योंकर यीषु नासरी को उद्धारकर्ता के रूप में भरोसा करेंगे? कारण की सुची बनाए (आयत 31—36)। ?
7. आयत 36 का षब्द '' क्रोध '' वर्तमानकाल क्रिया क्यों है ?

यूहन्ना — 4

पाँच आधुनिक अंग्रेजी अनुवादों के विच्छेद

यू बी एस[4] यीशु और सामरी स्त्री	एन के जे वी सामरी स्त्री उसके अपने मसीह से मिलती है	एन आर एस वी यीशु और सामरी लोग	टी इ वी यीशु और सामरी लोग	जे बी यीशु सामरी लोगों के बीच
4:1—6	4:1—26	4:1—6	4:1—4	4:1—10
			4:5—6	
4:7—15		4:7—15	4:7—8	
			4:9	
			4:10	
			4:11—12	4:11—14
			4:13—14	
			4:15	4:15—24
4:16—26		4:16—26	4:16	
			4:17क	
			4:17ख—18	
			4:19—20	
			4:21—24	
			4:25	4:25—26
	....		4:26	
4:27—30	4:27—38	4:27—30	4:27	4:27—30
			4:28—30	
4:31—38		4:31—38	4:31	4:31—38
			4:32	
			4:33	
	संसार का उद्धारकर्ता		4:34—38	
4:39—42	4:39—42	4:39—42	4:39—40	4:39—42
			4:41—42	
राजकर्मचारी के बेटे की चंगाई	गलील में सवागत	यीशु और अन्यजाती	यीशु राजकर्मचारी के बेटे को चंगा करते हैं	यीशु गलीली में
4:43—45	4:43—45 कुलीन व्यक्ति के बेटे की चंगाई	4:43—45	4:43—45	4:43—45 राजकर्मचारी के बेटे की चंगाई
4:46—54	4:46—54	4:46—54	4:46—48	4:46—53
			4:49	
			4:50—51	
			4:52—53	
			4:54	4:54

<u>अध्ययन कालचक्र तीन</u>

अनुच्छेद में वास्तविक लेखक की मनसा का अनुकरण करना।

यह पढ़ने के लिए एक मार्गदर्षक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि बाइबल का अनुवाद करने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं। हम में से हरेक को उस रोषनी में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्रमुख हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं छोड सकते।

बाइबल की पूरी पुस्तक को एक ही बार में पढ़िए। विशय को पहचानिए। अपने विच्छेद की तुलना नए पांच अनुवादों के विच्छेद से कीजिए। अनुच्छेद प्रेरणा पाया हुआ नहीं पर यह वास्तविक लेखक के उद्देष्य को समझने में सहायक है जो कि अनुवाद का हृदय है। हर अनुच्छेद का केवल एक ही अर्थ होता है।

1) पहला अनुच्छेद

2) दूसरा अनुच्छेद

3) तीसरा अनुच्छेद

4) इत्यादि

प्रासंगिक अन्तरदृश्टि 4:1 – 54

क. अध्याय 3 तथा 4 में एक उद्देष्यपूर्ण ढाँचा है
1. श्रीमान धार्मिक (नीकुदेमुस) बनाम कुंवारी बहिश्कृत (कुए के पास की स्त्री)।
2. यरूषलेम केन्द्रित यहूदी धर्म (कट्टर) बनाम सामरिया केन्द्रित यहूदी धर्म (विधर्मी)।

ख. यीषु के व्यक्तित्व और काम की सच्चाई प्रौढ़ता प्राप्त करते हुए
1. कुए के पास की स्त्री के साथ वार्तालाप 4:1–26
2. षिश्यों के साथ वार्तालाप 4:27–38
3. गॉववालों की गवाही 4: 39–42
4. गलीलियों द्वारा स्वागत्म 4: 43–45
5. चिन्ह/चमत्कार, रोग के ऊपर यीषु का सामर्थ 4: 46–54

षब्द और वाक्यांष अध्ययन

4:1 – 6

1. फिर जब प्रभु को मालूम हुआ, कि फरीसियों ने सुना है, कि यीशु यूहन्ना से अधिक चेले बनाता, और उन्हें बपतिस्मा देता है।
2. (यद्यपि यीशु आप नहीं बरन उसके चेले बपतिस्मा देते थे)।
3. तब यहूदिया को छोड़कर फिर गलील को चला गया।
4. और उस को सामरिया से होकर जाना अवश्य था।
5. सो वह सूखार नाम सामरिया के एक नगर तक आया, जो उस भूमि के पास है, जिसे याकूब ने अपने पुत्र यूसुफ को दिया था।

6. और याकूब का कूआं भी वहीं था; सो यीशु मार्ग का थका हुआ उस कूएं पर योंही बैठ गया, और यह बात छठे घण्टे के लगभग हुई।

4:1

'' प्रभु ''

काफी वर्शों के बाद यूहन्ना उस घटना को याद कर रहा है (आत्मा की सहायता से)। एक ही वाक्य में एक ही व्यक्ति को ''प्रभु'' तथा ''यीषु'' करके पुकार रहे हैं।

'' फरीसियों ''

देखिए नोट 1:24

'' सुना है, कि यीशु यूहन्ना से अधिक चेले बनाता,
और उन्हें बपतिस्मा देता है। ''

यीषु के षिश्य और यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के षिश्य के बीच का संघर्श का कारण यीषु उस जगह से निकल गया। समानन्तर सुसमाचार उल्लेख करता है कि हेरोद अन्दिपास ने यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला को गिरफ़तार किया इसलिए यीषु उस जगह से निकल गया (मत्ती. 4:12; मरकूस. 1:14; लूका. 3:20)।

4:2

''यीशु आप नहीं बपतिस्मा देते थे ''

यह बपतिस्मा के प्रति अपमानजनक कथन नहीं है पर मनुश्य के स्वयं केन्द्रित स्वभाव की पहचान है। यीषु ने अपनी सेवा के आरम्भ में बपतिस्मा दिया (3:22) परन्तु बाद में छोड़ दिया।

4:3

'' तब यहूदिया को छोड़कर
फिर गलील को चला गया। ''

यह यीषु के भौगोलिक भ्रमण को दर्षानेवाला कथन है।

4:4

'' उस को सामरिया से होकर जाना अवश्य था। ''

अवश्य के लिए यूनानी भाशा में 'डेई' षब्द का प्रयोग है इसका उपयोग इस संदर्भ में कई बार हुआ है (3:7,14,30)। यीषु के पास इस मार्ग में एक विषेश योजना है। यह सबसे छोटा मार्ग है। जोसिफुस की मानें तो गलील के यहूदी इस मार्ग का उपयोग करते थे। यह बात सच्च है कि यहूदिया के यहूदी सामरियों से घृणा करते थे कि वे मिश्रित जाती है, इसलिए वे उनकी भूमि से होकर नही चलते थे।

विषेश षीर्शक : जातिवाद

क) *भूमिका*

1) यह पतित मानवजाति की अपने समाज में विष्वव्यापी प्रतिक्रिया है। यह मानवजाति का अहंकार है, दूसरों के पिछे छुपकर अपना पक्ष साबित करना। जातिवाद कई तरह से नया विचार है, जबकी राश्ट्रवाद प्रचीनतम विचार है।

2) राश्ट्रवाद बाबुल से षुरू हुआ (उत्प.11) और जो कि वास्तविक तौर पर नूह के पुत्रें से सम्बन्धित है जहाँ से जातियों की षुरूवात हुई (उत्प.10)। पर वचन से ये बिलकुल स्पश्ट है कि मानवजाति का एक ही श्रोत है (उत्प.1:3; प्रेरित.17:24–26)।

3) जातिवाद बहुत से भेदभावों में से एक है। कुछ और हैं (1) षिक्षा में भेदभाव; (2) आर्थिक अहंकार और भेदभाव; (3) स्वधर्मी धार्मीक कट्टरता; और (4) सैद्धान्तिक राजनैतिक षोशण।

ख) *बाइबल की सामग्री*

पुराना नियम

1) उत्प.1:27 मानवजाति को परमेष्वर ने नर और नारी के रूप में अपने ही स्वरूप में रचा, जो उन्हें अद्वितिय बनाता है। यह उनके व्यक्तिगत मूल्य और अस्तित्व को भी प्रगट करता है (यूह.3:16)।

2) उत्प.1:11–25 में दस बार लिखा है ''...एक एक की जाति के अनुसार...''। ये जाति भेदभाव की सराहना करने के लिए प्रयोग किया जाता है। पर संदर्भ से ये बिलकुल स्पश्ट है कि ये जानवरों और पेड़–पौधों के लिए है मानवजाति के लिए नहीं।

3) उत्प.9:18–27 का प्रयोग जातिय षोशण की सराहना करने के लिए किया जाता है। यह ध्यान में रखना अति आवष्यक है कि परमेष्वर ने कनान को श्राप नहीं दिया। नषे से जागने के बाद उसके पिता नूह ने ही उसे श्राप दिया। बाइबल कहीं पर भी यह नहीं बताती कि परमेष्वर ने इसे मन्जुर किया। यदि उन्होंने ऐसा किया तो भी यह काली जाति को प्रभावित नहीं करता। कनान उन लोगों का पिता था जो पलिस्तीन में रहते थे और मिस्र के चित्र बताते हैं कि वे काले नहीं थे।

4) यहो.9:23 का प्रयोग इस उद्देष्य से किया गया कि एक जाति दूसरी जाति के दासत्व में रहेगी। जबकी इस संदर्भ में गिबोन भी उसी जाति में से हैं जिससे यहूदी हैं।

5) एज्रा.9–10 और नहे.13 का प्रयोग जातिवाद के विचार के लिए किया गया है पर इस संदर्भ षादियाँ जाति (सभी नूह के एक ही पुत्र की संतान थे) के कारण नहीं पर धार्मिक कारणों से गलत ठहराई गईं।

नया नियम

1) <u>सुसमाचार</u>

क. यीषु ने यहूदियों और सामरियों के बीच की नफ़रत का कई जगह प्रयोग किया, जो यह बताता है कि जातिय नफ़रत गलत है।
– अच्छे सामरी का दृश्टान्त (लूका.10:25–37)

– कुँए के पास सामरी स्त्री (यूह.4:4)

– धन्यवादि कोढ़ी (लूका.17:7–19)

ख. सुसमाचार सारी मानवजाति के लिए है
– यूह.3:16

– लूका.24:46–47

– इब्रा.2:9

– प्रका.14:6

ग. परमेष्वर के राज्य में सारी मानवजाति से लोग होंगे

– लूका.13:29

– प्रका.5

2) <u>प्रेरितों के काम</u>

क. पेरित.10 सम्भवतः वो मूलपाठ है जो परमेष्वर के सार्वभौमिक प्रेम और संदेष को प्रस्तुत करता है।

ख. पतरस पर प्रेरित.11 के उनके कार्य के कारण आक्रमण किया गया और इस समस्या का समाधान प्रेरित. 15 की यरूषलेम सभा तक नहीं हुआ। पहली सदी के यहूदियों और अन्यजातियों के बीच बहुत अधिक भेदभाव था।

3) <u>पौलुस</u>

क. मसीह में कोई रूकावट नहीं है

(1) गला.3:26–28

(2) इफि.2:11–22

(3) कुलु.3:11

ख. परमेष्वर किसी व्यक्ति का पक्ष नहीं लेते

(1) रोमियों.2:11

(2) इफि.6:9

4) <u>पतरस और याकूब</u>

(१) परमेष्वर किसी व्यक्ति के प्रति पक्षपात नहीं करते, 1पत.1:17

(२) क्योंकि परमेष्वर पक्षपात नहीं करते इसलिए मनुश्य को भी नहीं करना चाहिए, याक.2:1।

5) <u>यूहन्ना</u>

क. विष्वासियों की ज़िम्मेदारी से सम्बन्धित दृढ़ वाक्यों में से एक 1यूह.4:20 में मिलता है।

ग) <u>*सारांष*</u>

1) जातिवाद या कोई भी भेदभाव परमेष्वर की सतान के लिए पूर्णतया गलत है। हैनली बारनीटी द्वारा कहा गया वाक्य, जो उन्होंने ग्लोरीटा, न्यू मैक्सीको में क्रिष्चन लाइफ कमीषन में 1964 में कहाँ वह है ''जातिवाद बिलकुल गलत और झुठा है क्योंकि यह गैरबाइबलीय और गैरमसीही है, बयान करने की आवष्यकता नहीं कि ये गैरविज्ञानिक है।''

2) ये समस्या मसीहियों को अवसर प्रदान करती है कि वह मसीही प्रेम, क्षमा और खोए हुए संसार के प्रति समझ दिखाऐं। इस क्षेत्र में अवसर को ठुकराना मसीही की अपरिपक्वता को प्रगट करता है और षैतान को अवसर देता है कि वह विष्वासी के विष्वास, पुश्ठि और उन्नति में रूकावट डाले। यह खोए हुए लोगों को मसीह के पास आने में भी रूकावट है।

3) मैं क्या कर सकता हूँ? (ये भाग क्रिष्चन लाइफ कमीषन की पुस्तिका ''जाति सम्बन्ध'' से लिया गया है)

<u>*''व्यक्तिगत स्तर पर''*</u>

(1) जातिवाद से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को ग्रहण कीजिए।

(2) प्रार्थना, बाइबल अध्ययन, और दूसरी जाति के लोगों के साथ संगति रखिए और जातिय भेदभाव से बाहर निकालने की कोषिष कीजिए।

(3) जहाँ पर जातिय नफ़रत को फैलाने वाले लोगों को चुनौती देने वाला कोई नहीं वहाँ जाति के प्रति अपने विचारों को व्यक्त करो।

<u>*''पारिवारीक जीवन में''*</u>

(1) जातियों के प्रति भावना के परिवार के उत्तरदायित्व के महत्व को पहचानिए।

(2) बच्चे और माता पिता जाति के बारे में बाहर क्या सुनते हैं उसके बारे में चर्चा करके मसीही भावना को

उत्पन्न करो।

(3) माता पिता को दूसरी जाति के प्रति उदाहरण प्रस्तुत करते समय सावधान रहना चाहिए।

(4) दूसरी जाति वालों के साथ पारिवारीक सम्बन्ध बनाने के अवसरों की खोज कीजिए।

''आपकी कलीसिया में''

(1) जाति के बारे में बाइबल की सच्चाईयों की षिक्षा और प्रचार कीजिए, जिसके द्वारा कलीसिया के लोग उत्साहित होकर सारे समाज के लिए एक उदाहरण बन सकें।

(2) जैसे नए नियम की कलीसिया सभी जातियों के लिए खुली थीं वैसे ही ध्यान दीजिए कि आपकी कलीसिया भी सभी जाति के लोगों को आराधना, संगति, और सेवा में आने देने के लिए खुली हो (इफि. 2:11—22; गला.3:26—29)।

''प्रतिदिन के जीवन में''

(1) कार्य क्षेत्र में हर प्रकार के जातिय भेदभाव पर विजय पाने के लिए सहायता कीजिए।

(2) सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर सभी जातियों के लिए समान अधिकार प्राप्त करने के अवसरों में कार्य कीजिए, यह ध्यान में रखकर कि जाति की समस्या पर आक्रमण करना है न कि किसी व्यक्ति पर। उद्‌देष्य है समझ पैदा करना न कि कड़ुवाहट पैदा करना।

(3) यदि यह सही जान पड़ता हो तो समाज की भलाई सोचने वाले लोगों के साथ मिलकर एक समिति का गठन कीजिए जो सर्व षिक्षा के बारे में और सभी जातियों के आपसी सम्बन्ध को सुधारने का कार्य करे।

(4) जातिय न्याय और जो राजनैतिक लाभ के लिए जातिय षोशण को बढ़ावा देते हैं, ऐसे लोगों के विरूद्ध कानून और उसे पारित करने वाले लोगों का साथ दीजिए।

(5) कानून पारित करने वाले लोगों से अनुरोध कीजिए कि वे कानून को बिना भेदभाव के पारित करें।

(6) हिंसा को रोकिए और कानून के प्रति आदर फैलाइऐ और मसीही नागरिक होने के नाते देखिए कि जो लोग भेदभाव उत्पन्न करते हैं उनके हाथ में कानून व्यवस्था साधन न बने।

(7) मानवीय सम्बन्ध में मसीह के मन और आत्मा को आदर्ष रूप में प्रगट करो।

'' सामरिया से होकर ''

सामरियों और यहूदियों के बीच में ई0पू0 8वी षताब्दी से गहरी नफ्रत थी। 722 ई0पू0 में अष्षूर लोगों ने राजधानी सामरिया समेत उत्तर दिषा के 10 गोत्रों को गुलाम बनाकर मेदियों में ले गए (2 राजा. 17:6)। कुछ को उत्तर में ही बसा दिया (2 राजा. 17:24)। उन वर्शों में अन्यजातिय लोगों ने उनसे विवाह किया। सो यहूदी यह समझते है कि सामरी इनमें से जन्मी हुई मिश्रित जाती है (एज़्रा. 4:1—4)। यह यूहन्ना 4:9 का पृश्ठभूमि है।

4:5

''सूखार नाम सामरिया के एक नगर तक आया,
जो उस भूमि के पास है,
जिसे याकूब ने अपने पुत्र यूसुफ को दिया था''

(उत. 33:18,19; यहो. 24:32)। कई विष्वास करते है कि सूखार ही षेकेम है, परन्तु इस बारे में कोई उल्लेख नए नियम में नही है।

4:6

''याकूब का कूआं भी वहीं था;''

यह वास्तव में 100 फुट गहराई में खोदा हुआ जलाषय था। इसमें बारिष का पानी इकट्टा किया करते थे। इस कुएं के विशय में पुराने नियम में कोई उल्लेख नही हैं।

''यीशु मार्ग का थका हुआ ''

यहाँ पर यीषु का मानवीय स्वभाव हम देखते है। परन्तु लोगों को प्रेम करने में यीषु थके हुए नही थे।

एन ए एस बी, एन के जे वी, जे बी **''समय** छठे घण्टे के लगभग **था''**
एन आर एस वी, टी इ वी **''दोपहर का वक्त था''**

यूहन्ना का समय के प्रयोग के प्रति कई तर्क–वितर्क है। ऐसा लगता है यूहन्ना में दिन का आरम्भ सुबह 6 बजे होता है; इसलिए यीषु अब दिन की सबसे अधिक गर्मी में कुए के पास बैठे हुए है।

4:7 — 14

7. इतने में एक सामरी स्त्री जल भरने को आईः यीशु ने उस से कहा, मुझे पानी पिला।
8. क्योंकि उसके चेले तो नगर में भोजन मोल लेने को गए थे।
9. उस सामरी स्त्री ने उस से कहा, तू यहूदी होकर मुझ सामरी स्त्री से पानी क्यों मांगता है? (क्योंकि यहूदी सामरियों के साथ किसी प्रकार का व्यवहार नहीं रखते)।
10. यीशु ने उत्तर दिया, यदि तू परमेश्वर के वरदान को जानती, और यह भी जानती कि वह कौन है जो तुझ से कहता है; मुझे पानी पिला तो तू उस से मांगती, और वह तुझे जीवन का जल देता।
11. स्त्री ने उस से कहा, हे प्रभु, तेरे पास जल भरने को तो कुछ है भी नहीं, और कूआं गहरा हैः तो फिर वह जीवन का जल तेरे पास कहाँ से आया?
12. क्या तू हमारे पिता याकूब से बड़ा है, जिस ने हमें यह कूआं दिया; और आपही अपने सन्तान, और अपने दासों समेत उस में से पीया?
13. यीशु ने उस को उत्तर दिया, कि जो कोई यह जल पीएगा वह फिर प्यासा होगा।
14. परन्तु जो कोई उस जल में से पीएगा जो मैं उसे दूंगा, वह फिर अनन्तकाल तक प्यासा न होगाः वरन

जो जल मैं उसे दूंगा, वह उस में एक सोता बन जाएगा जो अनन्त जीवन के लिये उमड़ता रहेगा।

4:7

''एक सामरी स्त्री आईः''

इस समय में इस स्त्री का वहाँ आना समाज में उसकी पदवी को दर्षाता है।

'' मुझे पानी पिला। ''

यह आज्ञा अति आवष्यकता को दिखाते है।

4:8

यह आयत यहूदियों द्वारा बहिश्कृत जाती की उस स्त्री से निजी वार्तालाप के लिए मंज बनाती है।

4:9

*'' तू यहूदी होकर
मुझ सामरी स्त्री से पानी क्यों मांगता है?''*

सामरियों द्वारा उपयोग की गई बाल्टि का उपयोग यहूदियो के लिए मना था (लैव.15)। यीषु दो संब्रदायिक बातों का इनकर कर रहे थेः (1) सामरी से बात करना ; (2) सार्वजनिक रूप से एक स्त्री से बातें करना।

4:10

''यदि''

यह एक द्वितीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है जिसे ''वास्तविकता के विरुद्ध ''कहा जाता हैं। अर्थात् कथन गलत है और उसका निशकर्श भी गलत है।

'' जीवन का जल ''

इस षब्द के लिए पुराने नियम की रूपकात्मक पृश्ठभूमि है (भं.सं. 36:9; यषा. 12:3; 44:3; यिर्मा. 2:13; 17:13; जक. 14:8)। यीषु ने इस षब्द को ''आत्मिक जीवन'' के पर्यायवाची षब्द के रूप में प्रयोग किया है। सामरी स्त्री ने सोचा कि कुएं के पानी के बजाए बहता हुआ पानी के बारे में यीषु कह रहे हैं।

4:11

'' हे प्रभु,''

यह यूनानी षब्द *कुरियोस* का संबोधनवाचक षब्द *कुपै* है। इसे नम्र संबोधन (मालिक) तथा धर्मषास्त्रीय कथन (प्रभु) के लिए प्रयोग करते है, यह यीषु की पूर्ण ईष्वरीयता को दर्षाता है जैसे रोमि. 10:13 में है। यहाँ पर नम्र संबोधन है।

'' क्या तू हमारे पिता याकूब से बड़ा है ?''

यह एक व्यंग्यात्मक कथन है। सामरी स्त्री अपने पूर्वजों की महानता के विशय में घमण्ड कर रही है जिसे एप्रैम और मनष्षे के द्वारा याकूब से मिली है। आष्चर्य की बात है कि इसी बात को ही यीषु भी कह रहे है!

4:13—14

'' जो कोई उस जल में से पीएगा जो मैं उसे दूंगा,
वह फिर अनन्तकाल तक प्यासा न होगा:''

इसमे मसीह प्रभाव है (यषा. 49:10)। आयत 13 बार बार पीने के विशय में कहती है परन्तु आयत 14 एक ही बार पीने के बारे में कहती है।

'' उस में एक सोता बन जाएगा
जो अनन्त जीवन के लिये उमड़ता रहेगा।''

अर्थात् ''लगातार उमड़ते रहना (यषा. 58:11, यूहन्ना. 7:38)।

4:15 — 26

15. स्त्री ने उस से कहा, हे प्रभु, वह जल मुझे दे ताकि मैं प्यासी न होऊं और न जल भरने को इतनी दूर आऊं।
16. यीशु ने उस से कहा, जा, अपने पति को यहाँ बुला ला।
17. स्त्री ने उत्तर दिया, कि मैं बिना पति की हूँ: यीशु ने उस से कहा, तू ठीक कहती है कि मैं बिना पति की हूँ।
18. क्योंकि तू पांच पति कर चुकी है, और जिस के पास तू अब है वह भी तेरा पति नहीं; यह तू ने सच कहा है।
19. स्त्री ने उस से कहा, हे प्रभु, मुझे ज्ञात होता है कि तू भविष्यद्वक्ता है। 20. हमारे बापदादों ने उसी पहाड़ पर भजन किया: और तुम कहते हो कि वह जगह जहाँ भजन करना चाहिए यरूशलेम में है।
21. यीशु ने उस से कहा, हे नारी, मेरी बात की प्रतीति कर कि वह समय आता है कि तुम न तो इस पहाड़ पर पिता का भजन करोगे न यरूशलेम में।
22. तुम जिसे नहीं जानते, उसका भजन करते हो; और हम जिसे जानते हैं उसका भजन करते हैं; क्योंकि उद्धार यहूदियों में से है।
23. परन्तु वह समय आता है, वरन अब भी है जिस में सच्चे भक्त पिता का भजन आत्मा और सच्चाई से करेंगे, क्योंकि पिता अपने लिये ऐसे ही भजन करनेवालों को ढूंढ़ता है।

24. परमेश्वर आत्मा है, और अवश्य है कि उसके भजन करनेवाले आत्मा और सच्चाई से भजन करें।
25. स्त्री ने उस से कहा, मैं जानती हूँ कि मसीह जो ख्रीस्तुस कहलाता है, आनेवाला है; जब वह आएगा, तो हमें सब बातें बता देगा।
26. यीशु ने उस से कहा, मैं जो तुझ से बोल रहा हूँ, वही हूँ।

4:15

इस स्त्री ने भी यीशु को नीकुदेमुस के समान भौतिकरूप से समझने की कोषिष की हैं। षिश्यों के लिए भी यह एक सामान्य बात नही थी । उन्होंने कई बार यीशु की रूपकात्मक बातों की गलत व्याख्या की है (4:31—33; 11:11—13)।

4:16

''जा, बुला ला''

यह एक वर्तमानकाल आज्ञा है।

4:17

'' मैं बिना पति की हूँ''

पाप का सामना करना आवष्य है। पाप के प्रति यीशु ने कभी अरोप नहीं लगााया न लगाएंगे।

4:18

'' तू पांच पति कर चुकी है,''

भौतिक स्तर से आत्मिक स्तर की ओर उस स्त्री को लाने के लिए यीशु अपने अलौकिक ज्ञान का प्रयोग कर रहे हैं (1:48)।

4:19

'' मुझे ज्ञात होता है कि तू भविष्यद्वक्ता है। ''

स्त्री अब तक मसीह के ज्ञात में नही पहुँची। इस वाक्यांश के प्रयोग के द्वारा स्त्री परमेष्वर के साथ अपने रिष्ता के बारे में बताने की प्रयास कर रही है (3:2 में नीकुदेमुस के समान)।
अनेक टिप्पणीकार इसे व्यवस्था. 18:15—22 के मसीह के प्रति व्याख्या समझते है।

4:20

'' हमारे बापदादों ने ''

यह इब्राहिम और याकूब की ओर इषारा करते है (उत. 12:7; 33:20)।

" उसी पहाड़ पर भजन किया: "

यह एक धर्मषास्त्रीय तर्क–वितर्क की ओर इषारा करता है कि परमेष्वर (यहोवा) की आराधना कहाँ पर की जाएं। यहूदी बताते है कि मोरियाह पहाड़ पर और सामरी कहते है गेरिज़िम् पहाड़ पर। जब तक धर्म और दर्षनषास्त्र एक को व्यक्तिगत तौर से प्रभावित नही करता तब तक वह उससे सीखते है।

4:21

" कि वह समय आता है कि
तुम न तो इस पहाड़ पर पिता का भजन करोगे न यरूशलेम में।
22. तुम जिसे नहीं जानते, उसका भजन करते हो;"

यह उस स्त्री और षिश्यों को हिलाकर रखनेवाला कथन था। यहाँ प्रथमिकता व्यक्ति के लिए है न कि जगह के लिए।

4:22

" क्योंकि उद्धार यहूदियों में से है। "

यह मसीह के उत्भव को साबित करता है (उत.12:2–3; रोमि. 9:4–5)।

4:23

" परन्तु वह समय आता है,
वरन अब भी है "

यह मलाकी 1:11 की विष्वस्तरीय आराधना की ओर संकेत है। यह स्पश्ट है कि यीषु अपने जीवनकाल में और मृत्यु के बाद अनन्तजीवन का तोहफा लाए हैं। यह कथन मसीह के दो आगमन के बीच के संघर्श को बताता है। दो यहूदी युगों का अन्तराल बढ़ गया है। पवित्रात्मा का नया युग वर्तमान है, फिर भी हम पाप और बुराई के उस प्रचीन युग में जी रहे हैं।

"आत्मा और सच्चाई से"

षब्द *"आत्मा"* इस बात को स्पश्ट करता है कि आराधना प्रदेष और षरीर में आधारित नहीं है। षब्द "सच्चाई" के लिए यूनानी भाषा में प्रयोगित षब्द का अर्थ है 'मानसिक विचार' परन्तु इब्रानी भाषा में प्रयोगित षब्द का अर्थ है 'विष्वासयोग्यता' या 'भरोसा'। सच्चाई पर देखिए **विषेश षीर्शक 6:55 तथा 17:3।**

" पिता "

नए नियम में इस प्रकार यीषु को अनोखा पुत्र बताए बिना परमेष्वर को पिता कहना असाधारण है।

" क्योंकि पिता अपने लिये

ऐसे ही भजन करनेवालों को ढूंढ़ता है।"

परमेष्वर पतित मानवजाती को अपनाने के लिए अभी भी कार्यषील है (यषा. 55; यहेज. 18:23,32)।

4:24

" परमेश्वर आत्मा है,"

परमेश्वर के चरित्र को दर्षानेवाले कई वाक्यांष यूहन्ना में हैः (1) परमेष्वर प्रेम है; (2) परमेष्वर ज्योति है; (3) परमेष्वर आत्मा है। अर्थात् (1)भौतिक नहीं है; (2) एक जगह में सीमित नहीं है; (3) समय तथा घटना के साथ कोई लेन देन नहीं है; (4) स्वर्गीय बनाम भौमिक।

4:25

"जब वह आएगा,
तो हमें सब बातें बता देगा"

यह संकेत करता है कि सामरी भी एक मसीह की प्रतीक्षा में है। तथा यह भी दर्षाता है कि उन्हें मालूम था कि वो परमेष्वर की पूर्णता को प्रगट करेंगे।

4:26

" मैं जो तुझ से बोल रहा हूँ, वही हूँ।"

यह यषा. 52:6 का संकेत है। यह उसकी ईष्वरीयता का साफ सबूत है। यह पुराने नियम के यहोवा (निर्ग. 3:12,14) जो वाचा का नाम है उसकी स्पश्टता है। यीषु ने इस पुराने नियम के नाम का उपयोग इसलिए किया कि लोग जानें कि यीषु में यहोवा का स्पश्ट स्वयं प्रकाषन है (यूहन्ना. 8:24,28,58; 13:19; 18:5 तुलना करें यषा. 41:4; 43:10; 46:4)। इसमें 'मैं हूँ 'का प्रयोग यूहन्ना के " मैं हूँ" कथन जो 6:35,51; 8:12; 10:7,9,11,14; 11:25; 14:6; 15:1,5 से बिल्कुल भिन्न है।

4:27 – 30

27. इतने में उसके चेले आ गए, और अचम्भा करने लगे, कि वह स्त्री से बातें कर रहा है; तौभी किसी ने न कहा, कि तू क्या चाहता है? या किस लिये उस से बातें करता है।
28. तब स्त्री अपना घड़ा छोड़कर नगर में चली गई, और लोगों से कहने लगी।
29. आओ, एक मनुष्य को देखो, जिस ने सब कुछ जो मैं ने किया मुझे बता दियाः कहीं यह तो मसीह नहीं है?
30. सो वे नगर से निकलकर उसके पास आने लगे।

4:27

''वे अचम्भा करने लगे,
कि वह स्त्री से बातें कर रहा है; ''

रिवाज के अनुसार कट्टर यहूदी इस प्रकार नही करते थे।

4:28

'' स्त्री ने अपना घड़ा छोड़कर ''

यह गॉव की ओर गवाही देने के लिए दौड़नेवाली उस स्त्री की उत्तेजना को दर्षानेवाला बहुत ही खूबसूरत ऐतिहासिक वचन है (4:29—30)।

4:31 — 38

31. इतने में उसके चेले यीशु से यह बिनती करने लगे, कि हे रब्बी, कुछ खा ले।
32. परन्तु उस ने उन से कहा, मेरे पास खाने के लिये ऐसा भोजन है जिसे तुम नहीं जानते।
33. तब चेलों ने आपस में कहा, क्या कोई उसके लिये कुछ खाने को लाया है?
34. यीशु ने उन से कहा, मेरा भोजन यह है, कि अपने भेजनेवाले की इच्छा के अनुसार चलूं और उसका काम पूरा करूं।
35. क्या तुम नहीं कहते, कि कटनी होने में अब भी चार महीने पड़े हैं? देखो, मैं तुम से कहता हूँ, अपनी आँखे उठाकर खेतों पर दृष्टि डालो, कि वे कटनी के लिये पक चुके हैं।
36. और काटनेवाला मजदूरी पाता, और अनन्त जीवन के लिये फल बटोरता है; ताकि बोनेवाला और काटनेवाला दोनों मिलकर आनन्द करें।
37. क्योंकि इस पर यह कहावत ठीक बैठती है कि बोनेवाला और है और काटनेवाला और।
38. मैं ने तुम्हें वह खेत काटने के लिये भेजा, जिस में तुम ने परिश्रम नहीं किया: औरों ने परिश्रम किया और तुम उन के परिश्रम के फल में भागी हुए।

4:34

'' मेरा भोजन यह है,
कि अपने भेजनेवाले की इच्छा के अनुसार चलूं
और उसका काम पूरा करूं। ''

यूहन्ना अध्याय 17 पिता उससे क्या चाहते है (मरकूस. 10:45; नूका. 19:10;
यूहन्ना 6:29) उसका प्रदर्षन है।
यहाँ के भेद यह हैं कि यीषु को ऊपर से भेजे जाने के कारण, पिता की उपस्थिती से,उनके प्रतिनिधि के रूप में उसका कर्तव्य है कि वो पिता और उनके कार्य को प्रगट करे । यह यूहन्ना का दोहरावाद है: (ऊपर बनाम नीचे; आत्मा बनाम षरीर)।

यीषु के भेजे जाने के प्रति दो भिन्न षब्दो का प्रयोग हुआ है : (1)*पेम्पो* (4:34; 5:23,24,30,37; 6:38,39,40,44; 7:16,18,28,33; 8:16,18,26,29; 9:4; 12:44,45,49; 14:24; 15:21; 16:5) और (2) *अपोस्टलो* (3:17,24; 5:36,38; 6:29,57; 7:29; 8:42; 10:36; 11:42; 17:3,18,21,23,25; 20:21)। 20:21 के आधार पर ये दानों पर्यायवाची षब्द हैं। और यह उस बात की भी पुश्टि करता है कि विष्वासी को पिता के प्रतिनिधियों की तरह छुड़ौती के काम के लिए इस खोए हुए संसार में भेज दिया है (2कुरि. 5:13–21)।

विषेश षीर्शकः परमेष्वर की इच्छा (थेलेमा)

यूहन्ना रचित सुसमाचार

– यीषु पिता की इच्छा को करने आया (4:34; 5:30; 6:38)।
– जिन्हें पिता ने उसे दिया उन्हें जिलाने (6:39)।
– ताकि सब पुत्र पर विष्वास करें (6:29, 40)।
– **इच्छा** को पूरा करने के द्वारा उत्तर मिली हुईं प्रार्थनाएं (9:31; 1यूहन्ना. 5:14)।

समानन्तर सुसमाचार

– **परमेष्वर की इच्छा करना निर्णयात्मक है** (मत्ती. 7:21)।
– **परमेष्वर की इच्छा करना एक को यीषु के भाई या बहन बना देते है** (मत्ती. 12:5; मरकूस. 3:35)।
– यह **परमेष्वर की इच्छा नही है कि कोई नाष हो** (मत्ती. 18:14; 1तिमू. 2:4; 2पत. 3:9)।
– कलवरी यीषु के लिए **परमेष्वर की इच्छा थी** (मत्ती. 26:42; लूका. 22:42)।

पौलूस की पत्रियाँ

– समस्त विष्वासियों की परिपक्कता तथा सेवा (रोमि. 12:1–2)।
– विष्वासी इस दुश्ट युग से छुड़ाए जाएं (गला .1:4)।
– छुटकारे की योजना थी **परमेष्वर की इच्छा** (इफि.1:5,9,11)। – आत्मा से भरपूर जीवन को विष्वासी व्यतित करें (इफि. 5:17)।
– विष्वासी **परमेष्वर की** समझ से भरपूर हों (कुलु.1:9)।
– विष्वासी विषिश्ट तथा संपूर्ण बनाए जाएं (कुलु.4:12)।
– विष्वासी षूद्ध किए जाएं (1थिस्स.4:3)।
– विष्वासी हर एक बातों के लिए धन्यवाद कहें (1थिस्स.5:18)।

पतरस की पत्रियाँ

– विष्वासी सही कर रहा हो (अधिकारियो के आधीन होना) जिसके द्वारा विरोधी के मूँह बन्ध किए जाए (1पत. 2:15)।
– विष्वासी का दुःख उठाना (1पत. 3:17; 4:19)।
– विष्वासी अहम केन्द्रित जीवन नही बिता रहे हैं (1पत. 4:2)।

यूहन्ना की पत्रियाँ

– विष्वासी हमेषा के लिए साथ रहते हैं (1यूह.2:17)।
– प्रार्थना सुनने के लिए विष्वासी की कुंजी (1यूह. 5:14)।

4:35

''कटनी होने में अब भी चार महीने पड़े है ?''

आत्मिक प्रत्युत्तर के अवसर को बताने के लिए इसे रूपक के तौर पर उपयोग किया है। यीषु के जीवनकाल के दौरान उस पर विष्वास करने के द्वारा कईयों ने उद्धार पाया न केवल पुनरूत्थन के बाद।

4:36–38

''बोनेवाला और है और काटनेवाला और''

यह षायद यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले और नबियों की सेवकोई को दर्षाते हैं। पौलूस और अप्पलूस की सेवकोई के बीच का संबन्ध कहने के लिए इसे 1कुरि. 3:6–8 में प्रयोग किया है।

4:39 – 42

39. और उस नगर के बहुत सामरियों ने उस स्त्री के कहने से, जिस ने यह गवाही दी थी, कि उस ने सब कुछ जो मैं ने किया है, मुझे बता दिया, विश्वास किया।
40. तब जब ये सामरी उसके पास आए, तो उस से बिनती करने लगे, कि हमारे यहां रहः सो वह वहाँ दो दिन तक रहा।
41. और उसके वचन के कारण और भी बहुतेरों ने विश्वास किया। 42. और उस स्त्री से कहा, अब हम तेरे कहने की से विश्वास नहीं करते; क्योंकि हम ने आप ही सुन लिया, और जानते हैं कि यही सचमुच में जगत का उद्धारकर्ता है।।

4:39

''बहुत सामरियों ने विश्वास किया''

यूहन्ना ने क्रिया ''विष्वास'' का प्रयोग कई अनेक षब्दों के साथ किया हैः ''उसमें विष्वास करो'' (एन), ''उसे विष्वास करो'' (हॉटी), और कई बार ''उस पर विष्वास करो'' (एईस्) या भरोसा करो (2:11,23; 3:16,18,36; 6:29,35,40; 7:5,31,38,48; 8:30; 9:35,36; 10:42; 11:25,26,45,48; 12:11,37,42,44,46,; 14:1,12; 16:9; 17:20)। वास्तव में सामरियों ने उस स्त्री की गवाही (4:39) के कारण विष्वास किया, परन्तु जब उन्होंने व्यक्तिगत तौर से यीषु को सुना जब उन्होंने व्यक्तिगतरूप से उसकी बातों को ग्रहण किया (4:41–42)। यीषु इस्राएल की खोई हुई भेड़ों को ढूंढ़ते हूए आए, पर उसका सुसमाचार सब के लिए है : सामरी, सुरूफिनीकी स्त्री और रोमी सैनिक (रोमि. 10:12; 1कुरि. 12:13; गला. 3:28–29; कुलु. 3:11)। देखिए **विषेश पीर्शक 2:23**

'' उस स्त्री के कहने से,

जिस ने यह गवाही दी थी, "

परमेष्वर इस धर्मविरोधी तथा अनैतिक स्त्री की गवाही को उपयोग में लाए। वो मुझको और आपको उपयोग कर सकता है। यह आयत व्यक्तिगत गवाही के महत्व को बताती है। देखिए **विषेश षीर्शक 1:8 यीषु के प्रति गवाही।**

4:40

एन ए एस बी, एन आर एस वी "पूछने लगे"
एन के जे वी " अनुरोध करने लगे,"
टी इ वी , एन जे बी " बिनती करने लगे,"

यह यूनानी में एक बलपूर्वक षब्द है जिसका अनुवाद " अनुरोध **" या "बिनती" होना चाहिए। इस षब्द की तीव्रता आयत 47 में देखते हैं** (लूका. 4:38)।

4:42

" जगत का उद्धारकर्ता "

इस षब्दसमूह का प्रयोग 4:14 में भी है। इसे मानवजाती के प्रति परमेष्वर के प्रेम को दर्षाने के लिए प्रयोग किया गया है (1तिमु.2:6; 1यूह.2:2)। पहली षताब्दी में इसे कैसर के लिए प्रयोग किया करते थे। मसीहियों ने यीषु के लिए इस षीर्शक का प्रयोग किया जिस कारण रोमियों द्वारा सतावट उनके बीच में आई। यह षीर्शक यह भी प्रगट कर रहा है कि किस प्रकार नए नियम के लेखकों ने पिता परमेष्वर के षीर्शक को यीषु के लिए प्रयोग किया है (तीतुस. 1:3–4; 2:10–13; 3:4–6)।

4:43 – 45

43. फिर उन दो दिनों के बाद वह वहाँ से कूच करके गलील को गया।
44. क्योंकि यीशु ने आप ही साक्षी दी, कि भविष्यद्वक्ता अपने देश में आदर नहीं पाता।
45. जब वह गलील में आया, तो गलीली आनन्द के साथ उस से मिले; क्योंकि जितने काम उस ने यरूशलेम में पर्व के समय किए थे, उन्हों ने उन सब को देखा था, क्योंकि वे भी पर्व में गए थे।

4:43

यह आयत समानान्तर सुसमाचार से बढ़कर बताती है कि यीषु किस प्रकार यहूदिया और गलील में स्वतंत्रता से चलते रहे।

4:44

यह एक असाधारण आयत है क्योंकि पूर्ववर्ती आयतें इसके साथ मेल खाती हैं। यह षायद आगे आरम्भ होनेवाली गलील की सेवकोई का संकेत हो सकती है (4:3)। इस कहावत को मत्ती. 13:57; मरकूस. 6:4; लूका. 4:24 में भी पाते हैं। समानन्तर सुसमाचार में यह गलील को दर्षाता है पर यहाँ यहूदिया की ओर संकेत करता है।

4:45

" गलीली आनन्द के साथ उस से मिले; "

क्योंकि जितने काम उस ने यरूशलेम में पर्व के समय किए थे, उन्हों ने उन सब को देखा था। यह इस बात को दर्षाता है कि उन्होंने कुछ हद तक (4:48) यीषु को मसीह के रूप में ग्रहण किया है (1:12)।

4:46 – 54

46. तब वह फिर गलील के काना में आया, जहाँ उस ने पानी को दाख रस बनाया थाः और राजा का कर्मचारी था जिस का पुत्र कफरनहूम में बीमार था।
47. वह यह सुनकर कि यीशु यहूदिया से गलील में आ गया है, उसके पास गया और उस से बिनती करने लगा कि चलकर मेरे पुत्र को चंगा कर देः क्योंकि वह मरने पर था।
48. यीशु ने उस से कहा, जब तक तुम चिन्ह और अद्‌भुत काम न देखोगे तब तक कदापि विश्वास न करोगे।
49. राजा के कर्मचारी ने उस से कहा; हे प्रभु, मेरे बालक की मृत्यु होने के पहिले चल।
50. यीशु ने उस से कहा, जा, तेरा पुत्र जीवित हैः उस मनुष्य ने यीशु की कही हुई बात की प्रतीति की, और चला गया।
51. वह मार्ग में जा रहा था, कि उसके दास उस से आ मिले और कहने लगे कि तेरा लड़का जीवित है।
52. उस न उन से पूछा कि किस घड़ी वह अच्दा होने लगा? उन्हों ने उस से कहा, कल सातवें घण्टे में उसका ज्वर उतर गया।
53. तब पिता जान गया, कि यह उसी घड़ी हुआ जिस घड़ी यीशु ने उस से कहा, तेरा पुत्र जीवित है, और उस ने और उसके सारे घराने ने विश्वास किया।
54. यह दूसरा आश्चर्यकर्म था, जो यीशु ने यहूदिया से गलील में आकर दिखाया।

4:46

एन ए एस बी, एन आर एस वी, एन जे बी "एक राजकीय अधिकारी"
एन के जे वी " राजा का एक कर्मचारी "
टी इ वी "सरकारी कर्मचारी "

यह हेरोद के घराने में तयनात **सरकारी** कर्मचारी थे।

4:48

'' जब तक तुम चिन्ह और अद्‌भुत काम न देखोगे
तब तक कदापि विश्वास न करोगे। ''

यह एक तीसरे दर्जे का षर्तीय वाक्य है,जिसमें दो नकारात्मक बातें जुड़ी हैं। यीषु उस व्यक्ति को बहुवचन में संबोधित कर रहे है। यहूदी अद्‌भुत काम की खोज में थे (2:18; 6:2, 30; मत्ती. 12:38; 16:1)। परन्तु हेरोद के इस सेवक ने अद्‌भुत काम से पहले ही विष्वास किया।

4:50

यह आयत यूहन्ना रचित सुसमाचार का निचोड़ हैः यीषु पर विष्वास करें, उसके वचन पर विष्वास करें, उसके कार्यों पर विष्वास करें,उसके व्यक्तित्व पर विष्वास करें, यीषु के वायदे को बिना देखे इस व्यक्ति ने विष्वास किया।

4:53

'' और उस ने और उसके सारे घराने ने
विश्वास किया। ''

यह पहली लिखित घटना है जहाँ एक व्यक्ति के विष्वास के द्वारा उसके पूरे घराने पर असर पडा हैः कुरनेलियुस (प्ररित. 10:44—48); लुदिया (प्ररित. 16:15); दरोगा (प्ररित. 16:31—34); क्रिसपुस (प्ररित. 18:8)और स्तिफानूस (1कुरि. 1:16)। घराने समेत उद्धार पाने के विशय में आज भी विचार—विमर्ष जारी है और यह अवष्य है कि उद्धार के लिए प्रत्येक यीषु को ग्रहण व्यक्तिगतरूप से करे । यह भी सही है कि हमारे जीवन में दूसरों की भूमिका हमारे चुनाव को भी प्रभावित करती है।

चर्चा के लिए प्रष्न

यह एक अध्ययन सहायक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि आप अपने बाइबल अनुवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। हममें से हरेक को उस प्रकाष में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्रात्मा प्राथमिक हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं थोप सकते।

यह प्रष्न चर्चा के लिए इसलिए दिए गए हैं ताकि आप इस भाग की मुख्य बातों पर विचार कर सको। ये विचारों को जागृत करने के लिए हैं न कि परिभाशा प्रस्तुत करने लिए।

1. क्यों यीषु ने यहूदिया प्रान्तों को छोड़ा ?
2. क्या यूहन्ना यहूदी या रोमी समय का उपयोग करता है ?
3. एक सामरी स्त्री के साथ यीषु की बातें करना इतना महत्वपूर्ण क्यों है ?
4. आज के संगठनो के साथ आयत 20 का क्या प्रभाव है ?
5. आयत 26 के षुरूवाती कथन का विवरण करें
6. क्या गलीली ने सही विष्वास का प्रयोग किया ?

<u>यूहन्ना – 5</u>

<u>पाँच आधुनिक अंग्रेजी अनुवादों के विच्छेद</u>

यू बी एस[4]	एन के जे वी	एन आर एस वी	टी इ वी	जे बी
कुंड के पास चंगाई	बैतहसदा कुंड के पास एक मनुश्य को चंगाई	साबत के दिन में एक लंगडे को चंगाई	कुंड के पास चंगाई	बैतहसदा कुंड के पास एक बीमार का चंगा होना
5:1–9क	5:1–15	5:1	5:1–6	5:1–9क
		5:2–9क		
			5:7	
			5:8–9क	
5:9ख–18		5:9ख–18	5:9ख–10	5:9ख–18
			5:11	
			5:12	
			5:13	
			5:14	
			5:15–17	
	पिता और पुत्र का आदर		5:18	
पुत्र का अधिकार	5:16–23	परमेष्वर के साथ यीषु के संबन्ध	पुत्र का अधिकार	
5:19–29		5:19–24	5:19–23	5:19–47
	पुत्र के द्वारा जीवन और दण्ड			
	5:24–30		5:24–29	
		5:25–29		
		परमेष्वर के साथ यीषु के संबन्ध का सबूत	यीषु के प्रति गवाही	
5:30		5:30	5:30	
यीषु के प्रति गवाही	4 प्रकार की गवाही			
5:31–40	5:31–47	5:31–38	5:31–40	

	यीशु अपने तोहफे को ठुकराए हुओं को डांटते हैं 5:39—47	
5:41—47		5:31—47

<u>*अध्ययन कालचक्र तीन*</u>

अनुच्छेद में वास्तविक लेखक की मनसा का अनुकरण करना।

यह पढ़ने के लिए एक मार्गदर्षक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि बाइबल का अनुवाद करने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं। हम में से हरेक को उस रोषनी में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्रमुख हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं छोड सकते।

बाइबल की पूरी पुस्तक को एक ही बार में पढ़िए। विशय को पहचानिए। अपने विच्छेद की तुलना नए पांच अनुवादों के विच्छेद से कीजिए। अनुच्छेद प्रेरणा पाया हुआ नहीं पर यह वास्तविक लेखक के उद्देष्य को समझने में सहायक है जो कि अनुवाद का ह्रदय है। हर अनुच्छेद का केवल एक ही अर्थ होता है।

1) पहला अनुच्छेद

2) दूसरा अनुच्छेद

3) तीसरा अनुच्छेद

4) इत्यादि

<u>षब्द और वाक्यांष अध्ययन</u>

5:1—9क

1. इन बातों के पीछे यहूदियों का एक पर्व हुआ और यीशु यरूशलेम को गया।
2. यरूशलेम में भेड़—फाटक के पास एक कुण्ड है जो इब्रानी भाषा में बैतहसदा कहलाता है, और उसके पांच ओसारे हैं।
3. इन में बहुत से बीमार, अन्धे, लंगड़े और सूखे अंगवाले (पानी के हिलने की आशा में) पड़े रहते थे।
4. (क्योंकि नियुक्ति समय पर परमेश्वर के स्वर्गदूत कुण्ड में उतरकर पानी को हिलाया करते थेः पानी हिलते ही जो कोई पहिले उतरता वह चंगा हो जाता था चाहे उसकी कोई बीमारी क्यों न हो।)
5. वहाँ एक मनुष्य था, जो अड़तीस वर्ष से बीमारी में पड़ा था।

6. यीशु ने उसे पड़ा हुआ देखकर और जानकर कि वह बहुत दिनों से इस दशा में पड़ा है, उस से पूछा, क्या तू चंगा होना चाहता है?
7. उस बीमार ने उस को उत्तर दिया, कि हे प्रभु, मेरे पास कोई मनुष्य नहीं, कि जब पानी हिलाया जाए, तो मुझे कुण्ड में उतारे; परन्तु मेरे पहुँचते पहुँचते दूसरा मुझ से पहिले उतर पड़ता है।
8. यीशु ने उस से कहा, उठ, अपनी खाट उठाकर चल फिर।
9. वह मनुष्य तुरन्त चंगा हो गया, और अपनी खाट उठाकर चलने फिरने लगा।

5:1

''एक पर्व ''

कुछ प्राचीन यूनानी हस्तलेखो में, आलेफ,सी, ''पर्व'' है, परन्तु अधिकतर यूनानी हस्तलेखो में ''एक पर्व '' है। यहूदी पुरूशों के लिए 3 वार्शिक पर्व में षामिल होना आवष्यक था (लैव.23): (1) फसह, (2) मिलापवाला तम्बू, और (3)पेन्तेकुस्त का पर्व। यदि यह फसह के बारे में है तो यीषु ने 3 साल के बजाय 4 साल सेवा की (2:13,23; 6:4; 12:1)। पारम्परिक रूप से विष्वास किया जाता है कि यूहन्ना के द्वारा बपतिस्मा के बाद यीषु ने 3 साल सेवा की। यह यूहन्ना में उल्लेखित फसह पर्व की गिनती से किया जाता है।

5:2

'' भेड़–फाटक के पास ''

यरूषलेम दीवार के उत्तरी पष्चिमी भाग में है भेड़–फाटक। इसका उल्लेख नेहम्याह के समय में मन्दिर तथा दीवार के पुनःनिर्माण में है (नेह.3:1,32; 12:39)।

एन ए एस बी, एन के जे वी **''एक कुंड जो इब्रानी में** बैतहसदा कहलाता है''
एन आर एस वी '' इब्रानी भाषा में बैतहसदा कहलाता है,''
टी इ वी **''जो** इब्रानी भाषा में बैतहसदा कहलाता है''
एन जे बी **'' इब्रानी में** बैतहसदा कहलाता है''

इस षब्द का अर्थ है ''आनन्द का भवन'' या ''दोहरा श्रोत का भवन''। वर्तमान में यह *संत अन्ने* के कुंड के नाम से जाना जाता है।

5:4

यह आयत बाद में लिखकर जोडी हुई टिप्पणी है जो कुछ निम्नलिखित बातों को विवरण करने का प्रयास करती है: (1) कुंड के पास सब बीमारो की उपस्थिती ; (2) वह मनुश्य एक लम्बे अरसे तक वहाँ क्यों था; तथा वह क्यो चाहता है कि उसे कोई पानी में डाले (5:7)। यह वास्तव में एक यहूदी कथन है, क्योकि (1) यह हस्तलेखों में नही है; (2) इसे कोश्ठक में दिया गया। यहाँ कई ऐसे षब्दो का प्रयोग हुआ है जो यूहन्ना के नही है। इसे केजेवी, ***एन ए एस बी, एन के जे वी*** में पाते है, पर ***एन आर एस वी*** और *एन ऐ वी* में छोड दिया गया हैं।

5:5

यीषु ने इस व्यक्ति का चुनाव क्यों किया यह अज्ञात है। इस मनुश्य की तरफ से थोड़े से विष्वास की अवष्यकता है। वास्तव में यीषु यहाँ यहूदियों का सामना कर रहे हैं। इस घटना ने उसे मसीह होने का दावा करने का अवसर प्रदान किया। यषा.35:6 का अन्तिम दिन षास्त्र अनुच्छेद इस चंगाई के साथ जुड़ा हुआ है।

5:8

''उठ, अपनी खाट उठाकर चल फिर''

यह आदेषों की श्रंगला है।

यह खाट कपडे से बनाया हुआ गद्या है जिसे दिन के समय बॉटा जाता था (मरकूस. 2:4,9,11,12; 6:55; प्रेरित. 9:33)।

5:10—18

10. वह सब्त का दिन था। इसलिये यहूदी उस से, जो चंगा हुआ था, कहने लगे, कि आज तो सब्त का दिन है, तुझे खाट उठानी उचित्त नहीं।
11. उस ने उन्हें उत्तर दिया, कि जिस ने मुझे चंगा किया, उसी ने मुझ से कहा, अपनी खाट उठाकर चल फिर।
12. उन्हों ने उस से पूछा वह कौन मनुष्य है जिस ने तुझ से कहा, खाट उठाकर चल फिर?
13. परन्तु जो चंगा हो गया था, वह नहीं जानता था वह कौन है; क्योंकि उस जगह में भीड़ होने के कारण यीशु वहाँ से हट गया था।
14. इन बातों के बाद वह यीशु को मन्दिर में मिला, तब उस न उस से कहा, देख, तू तो चंगा हो गया है; फिर से पाप मत करना, ऐसा न हो कि इस से कोई भारी विपत्ति तुझ पर आ पड़े।
15. उस मनुष्य ने जाकर यहूदियों से कह दिया, कि जिस ने मुझे चंगा किया, वह यीशु है।
16. इस कारण यहूदी यीशु को सताने लगे, क्योंकि वह ऐसे ऐसे काम सब्त के दिन करता था।
17. इस पर यीशु ने उन से कहा, कि मेरा पिता अब तक काम करता है, और मैं भी काम करता हूँ।
18. इस कारण यहूदी और भी अधिक उसके मार डालने का प्रयत्न करने लगे, कि वह न केवल सब्त के दिन की विधि को तोड़ता, परन्तु परमेश्वर को अपना पिता कह कर, अपने आप को परमेश्वर के तुल्य ठहराता था।

5:10

''वह सब्त का दिन था''

इस मनुश्य के ठीक होने से खुष होने की बजाय यहूदी अगुवे यीषु के सब्त की विधियों को तोड़ने के कारण परेषान होगए (5:16,18; मत्ती. 7:1—232)।
यीषु का चंगाई कार्य सब्त के दिन में दो प्रकार के विवरण को प्रस्तुत करता है : (1) यीषु प्रतिदिन चंगाा करते रहे परन्तु सब्त के दिन का विरोध हुआ है; या (2) अपने धर्मषास्त्रीय विचारों को पेष करने के लिए यूहन्ना ने केवल सब्त दिन की चंगाईयों का उपयोग किया है।

यीषु ने अधिकतर सब्त के दिन चंगा किया है (मत्ती. 12:9–14; मरकूस. 1:29–31; 3:1–6; लूका. 6:6–11; 14:1–6; यूहन्ना. 5:9–18; 9:14)। यीषु ने सब्त के दिन दुश्टात्माओं को निकाला (मरकूस. 1:21–28; लूका. 13:17)। यीषु ने सब्त के दिन में षिश्यों द्वारा भोजन करने को सही ठहराया (मत्ती. 12:1:8; मरकूस. 2:23–28; लूका. 6:6–15)। सब्त के दिन आराधनालय में यीषु ने संघर्शात्मक कार्यों को किया (लूका. 4:16–30; यूह. 7:14–24)।

5:13

''यीशु वहाँ से हट गया था। ''

षाब्दिक अर्थ है ''सिर एक तरफ मुड़ना''। यीषु अपने दिनों में आम यहूदी की तरह दिखते थे। वो भीड़ के बीच में लुप्त हो गए।

5:14

एन ए एस बी, एन आर एस वी, एन जे बी ''आगे पाप मत करना ''
एन के जे वी '' कभी पाप मत करना ''
टी इ वी ''इसलिए पाप मत करना ''

अर्थत् एक काम जो प्रगति पर है उसे रोक देना। यहूदी धर्मषास्त्रियों की माने तो रोग पाप का नतीजा है (याकूब. 5:14–15)। यह वचन तमाम रोगों के विशय नही कहता क्योकि यूह.9 में जन्म से अन्धे के साथ यीषु के व्यवहार को देखिए तथा लूका. 13:1–4 में यीषु के कथन भी।
यीषु अभी भी उस व्यक्ति के आत्मिक जीवन के साथ कार्य कर रहे है। हमारे काम हृदय तथा विष्वास में प्रतिबिंबित होते है। बाइबलीय विष्वास सकर्मक तथा कर्तापरक दोनों है, भरोसा तथा कार्य।
वर्तमान में कलीसिया के अन्दर केवल षारीरिक चंगाई पर अधिक जोर है। हाँ, परमेष्वर अवष्य चंगा करता है। परन्तु दैवीय चंगाई के द्वारा जीवनषैली तथा प्रथमिकता में आत्मिक परीवर्तन आना चाहिए। एक अच्छा प्रष्न होगा कि ''आप किस लिए चंगा होना चाहते हैं ?''

5:15

'' उस मनुष्य ने जाकर यहूदियों से कह दिया ''

उसके यहूदी अधिकारियों से कहने का तात्पर्य हमें नही मालूम परन्तु यह इस बात का ज़िक्र करता है कि चंगााई हमेषा विषवस से उत्पन्न नही होती।

5:17

'' मेरा पिता अब तक काम करता है,
और मैं भी काम करता हूँ। ''

तात्पर्य है कि परमेष्वर कभी भी विश्राम नहीं करते न यीषु करते हैं। यह, वास्तव में, परमेष्वर तथा यीषु के बीच का रिष्ते की सही समझ को बताता है (5:19–29)।
यहूदियों का एक परमेष्वर विचार (व्यवस्था 6:4)प्रायोगिक रूप से इस संसार के घटना में कार्यार्थ है (न्यायी. 9:23; अय्यूब. 2:10; सभो. 7:14; यषा. 45:7; 59:16; विलाप. 3:33–38; अमोस. 3:6)। हर एक कार्य वास्तव में

एक सच्चे परमेष्वर का ही है। जब यीषु ने इस संसार पे कार्यों का युगल अभिकर्ता होने की बात कही तब उसने दैवीय कारणत्व में द्वैतवाद को सम्मिलित किया। यह त्रीएकता के सबसे मुष्किल प्रष्न है। एक परमेष्वर, पर तीन प्रगटीकरण (मत्ती. 3:16–17; 28:19; यूह. 14:26; प्रेरित. 2:33–34; रोमि.8:9–10; 1कुरि. 12:4–6; 2कुरि. 1:21–22; 13:14; गला. 4:4; इफि. 1: 3–14; 2:18; 4:4–6; तीतुस. 3:4–6; 1पत. 1:2)।

5:18

" इस कारण यहूदी
उसे मार डालने का प्रयत्न करने लगे,"

यहूदी यीषु को मारने के लिए दो कारण है: (1) उसने सार्वजनिक रूप से सब्त के परम्परा *(तालमूद)* को तोड़ा; उसके कथनो से यह प्रगट होगया कि वो स्वयं को परमेष्वर के तुल्य बना रहे है (8:58–59; 10:33; 19:7)।

5:19 – 23

19. इस पर यीशु ने उन से कहा, मैं तुम से सच सच कहता हूँ, पुत्र आप से कुछ नहीं कर सकता, केवल वह जो पिता को करते देखता है, क्योंकि जिन जिन कामों को वह करता है उन्हें पुत्र भी उसी रीति से करता है।
20. क्योंकि पिता पुत्र से प्रीति रखता है और जो जो काम वह आप करता है, वह सब उसे दिखाता है; और वह इन से भी बड़े काम उसे दिखाएगा, ताकि तुम अचम्भा करो।
21. क्योकि जैसा पिता मरे हुओं को उठाता और जिलाता है, वैसा ही पुत्र भी जिन्हें चाहता है उन्हें जिलाता है।
22. और पिता किसी का न्याय भी नहीं करता, परन्तु न्याय करने का सब काम पुत्र को सौंप दिया है।
23. इसलिये कि सब लोग जैसे पिता का आदर करते हैं वैसे ही पुत्र का भी आदर करें: जो पुत्र का आदर नहीं करता, वह पिता का जिस ने उसे भेजा है, आदर नहीं करता।

5:19,24,25

" सच सच "

यह षाब्दिक रूप से *"आमीन, आमीन"* है। यह इब्रानी षब्द का अनुवाद है। इसका अर्थ है विष्वासयोग्यता। इसे कुछ भरोसेमन्द वाक्यों को पका करने के लिए प्रयोग किया। केवल यीषु ने ही इस षब्द का प्रसोग किया है। उन्होंने कुछ विषेश वाक्यों के लिए प्रस्तााावना के रूप में इसे प्रयोग किया है। केवल यीषु ने ही "आमीन" षब्द को दोहराया है।

5:19

''पुत्र''

अगले कुछ आयतो में धर्मषास्त्रीय विषेशता से इस षब्द को दोहराया गया है। इस छोटे से अनुच्छेद में 8 बार इसका उल्लेख है। उन्हें पिता और अपने बीच का संबन्ध के बारे में अनोखी समझ थीं तथा वह ''मनुश्य के पुत्र'' और ''परमेष्वर के पुत्र'' षीर्शकों में प्रतिबिंबित होता है।

'' पुत्र आप से कुछ नहीं कर सकता, ''

नए नियम में कई बार यीषु को असत्याभास रंग–ढंग से प्रस्तुत करता है; कुछ आयतों में वो पिता के साथ है (1:1; 5:18; 10:30,34–38; 14:9–10; 20:28) तो कुछ में वो परमेष्वर से अलग हैं(1:2,14,18; 5:19–23; 8:28; 10:25,29; 14:10,11,12,13,16; 17:1–2); तथा तो कुछ में वो परमेष्वर से कम है (5:20,30; 8:28; 12:49; 14:28; 15:10,19,24; 17:8) यह षायद ऐसे कहने का प्रयास करते है कि यीषु परिपूर्ण रूप से दैवीय है साथ ही साथ वो अलग और विषेश दैवीय प्रकाषन है।
द जेरोम बिब्लिकल कमेन्टरी का सपादक रेयमेन्ट इ. ब्राउन के अनुसार '' इसे यीषु की अधीनता का मानवीय स्वाभाव समझकर इसका गूढ़ार्थ को न ठुकराए ऐसे करने से यूहन्ना की मसीह षास्त्र के सर्वश्रेश्ठ बात को खो देंगे। यहाँ यीषु, पुत्र और पिता के बीच के तालमेल को दर्षाता है जिसके लिए कुदरत की पहचान होना आवष्यक है। ठीक इसी प्रक्रिया को 16:12 में पवित्रात्मा के साथ बताया गया है। इस सुसमाचर के अन्दर त्रीएकता को हम अव्यवहारिक धर्मषास्त्र के समान नही पाते है, यह हमेषा हमें उद्धारषास्त्र की ओर ले जाता है।''(पृश्ठ.434)

'' केवल वह जो पिता को करते देखता है, ''

मानवजाती ने कभी भी पिता को नही देखा (5:37; 1:18), परन्तु पुत्र उनके साथ का व्यक्तिगत, घनिश्ठ,जानकारी के बरे में कह रहे है (1:1–3)।

'' क्योंकि जिन जिन कामों को वह करता है
उन्हें पुत्र भी उसी रीति से करता है। ''

यीषु के काम तथा षिक्षा के द्वारा मानव अदृष्य परमेष्वर को देख सकता है (कुलु. 1:15; इब्रा. 1:3)।

5:20

'' क्योंकि पिता पुत्र से प्रीति रखता है
और जो जो काम वह आप करता है,
वह सब उसे दिखाता है;''

यह जारी रहनेवाला काम को बताता है। प्रीति के लिए यूनानी षब्द *फिलियो* का प्रयोग हुआ है। 3:35 के समान *अगापेयो* का प्रतीक्षा आप यहाँ कर रहे होंगे। यूनानी भाशा में ये दोनों पर्यायवाची षब्द है।

'' बड़े काम ''

यह प्रसंग का अर्थ मरे हुओं को उठाना (5:21,25–26) तथा न्याय करना (5:22,27) है।

5:21

" क्योकि जैसा पिता मरे हुओं को उठाता और जिलाता है, वैसा ही पुत्र भी "

पुराने नियम में केवल यहोवा ही जीवन देते है (व्यवस्था. 32:39)। इस कथन का अर्थ है यीषु यहोवा के तुल्य है (5:26)।
अब यीषु अनन्तजीवन देते है (2कुरि. 5:17; कुलु.1:13) जो नए युग में प्राप्त होनेवाली षारीरिक नए जीवन का प्रगटीकरण है (1 थिस्स. 4:13–18) । ऐसा लगता है कि यूहन्ना का मुलाकात यीषु के साथ व्यक्तिगत तौर से हुआ है और भविश्य में भीड़ के साथ मुलाकात होनेवाली है (उद्धार तथा न्याय दोनों)।

5:22

यह इस बात का उल्लेख करता है कि न्याय का जिम्मा पुत्र के कन्धों पर है (5:27; 9:39; प्ररित. 10:42;17:31; 2तिमु. 4:1; 1पत. 4:5)। इस आयत और 13:17 के बीच का विरोधाभास यह है कि इन आक्रि दिनों में यीषु किसी का न्याय नही करते परन्तु मनुश्य यीषु के प्रति अपने ही प्रत्युत्तर के साथ स्वयं का न्याय करते है। यीषु का भविश्यात्मक न्याय (अविष्वासियों का) एक का यीषु को अंगीकार करने या तिरस्कार करने पर आधारित है।

5:23

" इसलिये कि सब लोग पुत्र का भी आदर करें:"

षब्द "सब" भविश्यात्मक न्याय को दर्षाता है (फिलि.2:9–11)।

" जो पुत्र का आदर नहीं करता,
वह पिता का जिस ने उसे भेजा है,
आदर नहीं करता।"

यह कथन 1यूह.5:12 के सदृष्य में है। कोई भी पुत्र को जाने बिना परमेष्वर को जान नहीं सकता, स्पश्टरूप से जो पुत्र की आराधना और आदर नही करते वह पिता की भी आराधना और आदर नही कर सकते।

5 :24 – 29

24. मैं तुम से सच सच कहता हूँ, जो मेरा वचन सुनकर मेरे भेजनेवाले की प्रतीति करता है, अनन्त जीवन उसका है, और उस पर दंड की आज्ञा नहीं होती परन्तु वह मृत्यु से पार होकर जीवन में प्रवेश कर चुका है।
25. मैं तुम से सच सच कहता हूँ, वह समय आता है, और अब है, जिस में मृतक परमेश्वर के पुत्र का शब्द सुनेंगे, और जो सुनेंगे वे जीएंगे।
26. क्योंकि जिस रीति से पिता अपने आप में जीवन रखता है, उसी रीति से उस ने पुत्र को भी यह अधिकार दिया है कि अपने आप में जीवन रखे।
27. बरन उसे न्याय करने का भी अधिकार दिया है, इसलिये कि वह मनुष्य का पुत्र है।

28. इस से अचम्भा मत करो, क्योंकि वह समय आता है, कि जितने कब्रों में हैं, उसका शब्द सुनकर निकलेंगे।
29. जिन्हों ने भलाई की है वे जीवन के पुनरूत्थान के लिये जी उठेंगे और जिन्हों ने बुराई की है वे दंड के पुनरूत्थान के लिये जी उठेंगे।

<u>*5:24*</u>

<u>*'' सच सच ''*</u>

यूहन्ना का अनोखा दोहराना (5:25) विषेश कथनो के लिए खास प्रस्तावना। देखिए नोट 1:51।

<u>*'' जो मेरा वचन सुनकर मेरे भेजनेवाले की प्रतीति करता है,*</u>
<u>*अनन्त जीवन उसका है,''*</u>

पिता पर के विष्वास की विषेशता पुत्र पर के विष्वास से प्रगट की जा सकती है (1यूह. 5:9–12।) समानान्तर सुसमाचार में अनन्तजीवन एक भविश्यात्मक बात है पर यूहन्ना में अब की वास्तविकता है। षब्द ''सुनना'' इब्रानी षब्द ''षेमा '' से आया है, जिसका अर्थ है ''मानने के लिए सुनना'' (व्यवस्था.6:4)।

<u>*'' मेरे भेजनेवाले ''*</u>

षब्द ''अपॉस्टल'' का मूल षब्द है ''अपॅस्टलो''। इस षब्द का प्रयोग रबियों के द्वारा किए किसी खास काम के साथ भेजा जाता है। इस षब्द का प्रयोग यूहन्ना में पिता ने अपने पुत्र को प्रतिनिधि के रूप में भेजा इस बात की पुश्टि के लिए किया गया। देखिए नोट 4:34।

<u>*'' परन्तु वह मृत्यु से पार होकर*</u>
<u>*जीवन में प्रवेश कर चुका है। ''*</u>

परमेष्वर का राज्य अब है तथा भविश्य में है वैसे अनन्तजीवन भी (5:25–26)। परमेष्वर के राज्य की उपस्थिति के लिए आयत 25 ठोस सबूत है।

<u>*5:25*</u>

<u>*'' जिस में मृतक परमेश्वर के पुत्र का शब्द सुनेंगे,''*</u>

आयत 25 आत्मिकरूप से मृतको को दर्षाता है; और आयत 29 षारीरिक रूप से मृतको को दर्षाता है । बाइबल तीन प्रकार की मृत्यु के बारे में उल्लेख करती हैः (1) आत्मिक मृत्यु (उत.3); (2) षारीरिक मृत्यु (उत.5); और (3) अनन्तकाल की मृत्यु (इफि.2:2; प्रका. 2:11;20:6,14) या आग की झील, नरक (गेहन्ना)।
'' परमेश्वर के पुत्र'' शब्दसमूह का कम प्रयोग हुआ, क्योंकि यूनानी धार्मिक विचार के आधार पर उनके देवता स्त्रियों को ले जाकर षादी करते थे या तो रखैल बनाते थे। यीषु की पदवी '' परमेश्वर के पुत्र''षरीरिक पीढ़ी को नही बता रही है परन्तु एक घनिश्ठ संबन्ध को दर्षाती है। यह एक यहूदी पारिवारिक रूपक है। यीषु पुराने नियम की बातों को लेकर अपनी दैवीयता को स्पश्ट रूप से साबित कर रहे हैं (5:21,26)।

<u>*5:26*</u>

" क्योंकि जिस रीति से
पिता अपने आप में जीवन रखता है,"

यह प्राथमिक रूप से यहोवा षब्द का अर्थ है। इस वाचा के नाम का अर्थ है हमेषा के लिए जीवित तथा एकमात्र जीवित।

" उस ने पुत्र को भी यह अधिकार दिया है
कि अपने आप में जीवन रखे। "

यह यीषु की दैवीयता का मजबूत निष्चय है (1:4; 1यूह. 5:11)।

5:27

न्याय करने के लिए योग्य (एक्सूसिया, अधिकार होना, 10:18; 17:2; 19:11) इसलिए कि वो परिपूर्ण परमेष्वर तथा परिपूर्ण मनुश्य हैं । मनुश्य के पुत्र के साथ कोई विभक्ति प्रत्यय का प्रयोग नहीं है (यहेज. 2:1; भ.सं. 8:4)। वो हमे परिपूर्णता से जानते हैं (इब्रा.4:15); वो परिपूर्णता से परमेष्वर को जानते हैं (1:18; 5:30)।

5:28

" इस से अचम्भा मत करो,"

अर्थात् जो कार्य प्रगति पर है उसे रोकें। क्योंकि यीषु के पहले कथन में जिस प्रकार यहूदी अगुवों ने अचम्भा किया वैसे ही आनेवाली बात भी उन्हें ओर अचम्भित करेगी।

'' जितने कब्रों में हैं,
उसका शब्द सुनकर निकलेंगे। "

यह यीषु के पुनरागमन की पुकार के बारे में है (1थिस्स. 4:16)।यह 2कुरि.5:8 के बारे में नही है। यहाँ पुत्र के विष्वस्तरीय न्याय तथा अधिकार का जिक्र है।
अधिकतर प्रसंग यहाँ के और अब के आत्मिक जीवन के बारे में हैं। साथ ही साथ भविश्यात्मक घटना के विशय मे भी हैं।परमेष्वर का राज्य है पर अब नहीं के संघर्श का विवरण समानान्तर सुसमाचार, विषेशरूप से यूहन्ना रचित सुसमाचार में है।

5:29

बइबल धर्मी तथा दुश्ट के पुनरुत्थान के विशय मे सिखाती है (दानि.12:2; मत्ती. 25:46; प्ररित. 24:15) अधिकतर अनुच्छेद केवल धर्मियो के पुनरुत्थान पर जिक्र करते हैं (अय्यूब. 19:23–29; यषा. 26:19; यूह. 6:39–40,44,54; 11:24–25; 1कुरि. 15:50–58)।

यह हमारे कामों पर आधारित न्याय के बारे में नही परन्तु विष्वासी की जीवनषैली पर आधारित होंगे (मत्ती. 25:31–46; गला.5:16–21)। यह परमेष्वर के वचन और संसार के उसूल है कि जो हम बोते हैं वही हम काटते हैं (नीति.11:24–25; गला. 6:6)। पुराने नियम के अनुसार " परमेष्वर एक एक जन को उसके काम के अनुसार फल देता है।।" (भ.सं. 62:12; 28:4; अय्यूब. 34:15; नीति. 24:12; मत्ती. 16:27; रोमि. 2:6–8; 1कुरि. 3:8; 2कूरि. 5:10; इफि. 6:8; कुलु. 3:25)।

5:30
मैं अपने आप से कुछ नहीं कर सकता; जैसा सुनता हूँ, वैसा न्याय करता हूँ, और मेरा न्याय सच्चा है; क्योंकि मैं अपनी इच्छा नहीं, परन्तु अपने भेजनेवाले की इच्छा चाहता हूँ।

5:30

यीषु परमेष्वर के देहधारी लॉगॉस् पिता के अधीन रहने में सहमत थे।आयत 19 में अधीनता पर विषेश जोर देखने को मिलता है (पुत्र आप से कुछ नहीं कर सकता,)। यह इस बात को नही कहता है कि यीषु पिता से कम है, परन्तु छुटकारे के काम को त्रीएकता के तीनो व्यक्तित्व, पिता, पुत्र, पवित्रात्मा, में बाँटा गया।

5:31 – 47

31. यदि मैं आप ही अपनी गवाही दूं; तो मेरी गवाही सच्ची नहीं।
32. एक और है जो मेरी गवाही देता है वह सच्ची है।
33. तुम ने यूहन्ना से पुछवाया और उस ने सच्चाई की गवाही दी है।
34. परन्तु मैं अपने विषय में मनुष्य की गवाही नहीं चाहता; तौभी मैं ये बातें इसलिये कहता हूँ, कि तुम्हें उद्धार मिले।
35. वह जो जलता और चमकता हुआ दीपक था; और तुम्हें कुछ देर तक उस की ज्योति में, मगन होना अच्छा लगा।
36. परन्तु मेरे पास जो गवाही है वह यूहन्ना की गवाही से बड़ी है: क्योंकि जो काम पिता ने मुझे पूरा करने को सौंपा है अर्थात् यही काम जो मैं करता हूँ, वे मेरे गवाह हैं, कि पिता ने मुझे भेजा है।
37. और पिता जिस ने मुझे भेजा है, उसी ने मेरी गवाही दी है: तुम ने न कभी उसका शब्द सुना, और न उसका रूप देखा है।
38. और उसके वचन को मन में स्थिर नहीं रखते क्योंकि जिसे उस ने भेजा उस की प्रतीति नहीं करते।
39. तुम पवित्र शास्त्र में ढूंढ़ते हो, क्योंकि समझते हो कि उस में अनन्त जीवन तुम्हें मिलता है, और यह वही है, जो मेरी गवाही देता है।
40. फिर भी तुम जीवन पाने के लिये मेरे पास आना नहीं चाहते।
41. मैं मनुष्यों से आदर नहीं चाहता।
42. परन्तु मैं तुम्हें जानता हूँ, कि तुम में परमेश्वर का प्रेम नहीं।
43. मैं अपने पिता के नाम से आया हूँ, और तुम मुझे ग्रहण नहीं करते; यदि कोई और अपने ही नाम से आए, तो उसे ग्रहण कर लोगे।
44. तुम जो एक दूसरे से आदर चाहते हो और वह आदर जो अद्वैत परमेश्वर की ओर से है, नहीं चाहते, किसी प्रकार विश्वास कर सकते हो? 45. यह न समझो, कि मैं पिता के साम्हने तुम पर दोष लगाऊंगा: तुम पर दोष लगानेवाला तो है, अर्थात् मूसा जिस पर तुम ने भरोसा रखा
46. क्योंकि यदि तुम मूसा की प्रतीति करते, तो मेरी भी प्रतीति करते, इसलिये कि उस ने मेरे विषय में लिखा है।
47. परन्तु यदि तुम उस की लिखी हुई बातों की प्रतीति नहीं करते, तो मेरी बातों की क्योंकर प्रतीति करोगे।।

5:31

पुराने नियम में किसी बात को प्रमाणित करना है तो 2 गवाहो की अवष्यकता है (गिनती. 35:30; वयवस्था. 19:15)। इस संर्दभ में यीषु अपने लिए 5 गवाहों को प्रस्तुत करते हैं ; (1)पिता (5:32,37); (2) यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला (5:33; 1:19–51); (3) यीषु के अपने कार्य (5:36); (4) पवित्रवचन (5:39); तथा (5) मूसा (5:46) जिसका उल्लेख व्यवस्था. 18:15–22 में है।

''यदि''

यह एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, जो एक मजबूत कार्य को दर्षाता है।

''तो मेरी गवाही सच्ची नहीं''

यह 8:14 के विरोध मे लगता है। परन्तु संदर्भ प्रगट करता है कि ये दानों भिन्न अवसर के हैं। यहाँ कहते है गवाही देने के लिए ओर भी गवाह हैं, परन्तु 8:14 में केवल यीषु ही काफी है।

5:32

''एक और है जो मेरी गवाही देता है ''

षब्द अल्लोस, जिसका अर्थ है ''एक ही जैसा दूसरा '' के प्रयोग के कारण यह पिता परमेष्वर की ओर इषारा करता है (1यूह.5:9)। देखिए **विषेश षीर्शक यीषु के प्रति गवही 1:8।**

5:33

''यूहन्ना''

यह यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला के लिए है।

5:34

'' मैं ये बातें इसलिये कहता हूँ,
कि तुम्हें उद्धार मिले। ''

परमेष्वार या पवित्रात्मा के अभिकर्ता की ओर संकेत करता है (6:44, 65)। सुसमपचार ऐतिहासिक जीवनी नही पर षभ सन्देष की उद्घोशणा है (20:30–31)।

5:35

''वो दीपक था;''(1:6–8)।

5:36

'' काम जो मैं करता हूँ, वे मेरे गवाह हैं,''

मसीह के प्रति पुराने नियम की भविश्यद्वाणियों का पूर्तीकरण था यीषु के काम। यीषु के समय की यहूदियों ने दस बातों को जान लिया होगाः अन्धे को आँखें, दरिद्र को खिलाना, लंगडे को ठीक करना ()। यीषु की षिक्षा का अधिकार, धार्मिक जीवनषैली, तरस, अचम्भित चमत्कार () , ये सब इस बात की पुश्टि करतें हैं कि वे कौन है, कहाँ से आए और उसे किसने भेजा ?

5:37

'' तुम ने न कभी उसका शब्द सुना,
षब्द सामरी के प्रयोग के द्वारा वे कहना चाहते कि यीषु झूठा है तथा सच्चा यहूदी नही है (इब्राहिम उसके पिता नही है)। षब्द सामारी अवज्ञा तथा निन्दा के लिए उपयोग किया जाता है।

"मेरा आदर"

देखिए नोटः 1:14

8:51,52

"यदि... यदि"

ये दोनों तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य। आज्ञाकारिता विष्वास से जुड़ी है (14:23; 15:20; 17:6)।

" वह अनन्त काल तक मृत्यु को न देखेगा। "

इसमे दो नकारात्मक बात है। यह स्पश्टरूप से आत्मिक मृत्यु को दर्षाता है (8:21,24) न कि षारीरिक मृत्यु को(5:24; 6:40,47; 11:25,26)। यह षायद मृत्यु के प्रति डर को भी बताता है (1कुरि. 15:54–57)।

8:52

यह दिखाते है कि **उन्होंने** यीषु के कथन को गलत समझा (8:51)। वे इसे इब्रहिम और नबियों से संबन्धित करते है।

8:53

यह प्रष्न "न" में उत्तर चाहता है।

" क्या तू उस से बड़ा है? "

यह है यथार्थ बिन्दू। यीषु स्पश्टरूप से आयत 54 तथा 58 में निचोड कहते है जिससे वे इस बात को ईष्वर निन्दा समझकर उसे पत्थरवाह करते है (8:59)।

8:54

"यदि"

एक ओर तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य।

" महिमा करूं,"

इस षब्द का प्रयोग आदर के लिए किया गया (रोमि. 1:21; 1कुरि. 12:26)।

8:55

'' जानता हूँ; .... जानता ''

इस आयत में दो यूनानी षब्दों *''गिनस्को''* तथा '*'ओइडा''* का प्रयोग है जो इस प्रसंग में पर्यायवाची षब्द लगता है (7:28–29)। यीषु पिता को जानते है और अपने पीछे हो लेनेवालों को उसे प्रगट करते है। यह संसार (यहूदी भी) उसे नही पहचानता (1:10; 8:51; 10:3; 17:25)।

8:56

'' तुम्हारा पिता इब्राहीम ''

यह एक चौका देनेवाली कथन है। यीषु अपने आपको ''यहूदियो'', ''व्यवस्था'' (8:17), ''मन्दिर'' और गोत्रपिता इब्राहीम से भी अलग करते हैं। यह पुरानी वाचा से अलग होने का स्पश्ट उदाहरण है!

'' मेरा दिन देखने की आशा से बहुत मगन था;''

इब्राहीम कितनी गहराई से मसीह के बारे में जानता था ? कुछ अनुवादकों ने इसे भविश्यकाल में अनुवाद किया है। इन विकल्पों को *द बाइबल इन 26 ट्रानसलेशनस* से लिया गया है:

1. वह देखने के लिए प्रसन्न रहा – *द एमफसाइसड़ न्यू टेस्टमेन्ट* : ए न्यू *ट्रानसलेशन* बाई जे.बी. रोथरहाम।
2. मेरा दिन देखने के लिए मगन रहा – आर एस वी
3. उससे मिलने में वह अति प्रसन्न था – *द बेरकिलि वेरसन ऑफ द न्यू टेस्टमेन्ट* बाई गेरित्त वेरकुई
4. मेरे आगमन को देखते हुए – *द न्यू टेस्टमेन्ट* : एन अमेरिकन *ट्रानसलेशनस* बाइ एडगाार जे. गुढस्पीड
5. मेरे दिनों के बारे में जानने में मगन था – *द न्यू टेस्टमेन्ट इन द ल्वॉन्गेज ऑफ टुड़े* बाई विल्यम एफ बीक

''उस ने देखा, और आनन्द किया''

यह निम्नलिखित दो से एक बात है : (1) इब्राहीम ने अपने जीवनकाल में दर्षन में मसीह को देखा (2एसड्रास. 3:14); या (2) इब्राहीम ऊपर जीवित है तथा मसीह के पृथ्वी पर के काम को जानता है (इब्रा. 11:13)।

8:58

'' इब्राहीम उत्पन्न होने से पहले मैं हूँ''

यह यहूदियों के लिए ईष्वर निन्दा की बात थी और उसे पत्थरवाह करने की प्रयास किया गया (निर्ग. 3:12,14)। उसके कथन को **उन्होंने** अच्छे से समझलिया कि वो अस्तित्व में रहनेवाला ईष्वर है (4:26; 6:20; 8:24,28,54–59; 13:19)।

8:59

यह उन आयतो से एक है जिसे व्याख्या करनेवाले सोच मे पड़ गए कि यह (1) एक चमत्कार है (लूका. 4:30), या (2) यीषु दूसरे यहूदियो जैसे दिखते थे, सो वो भीड में गुल हो गया।
वहाँ एक दैवीय समय सारणी है। यीषु जानते थे कि वो मरने के लिए आए तथा उसे मालूम था कि कब, कैसे और कहाँ। उसका ''समय अब नही आया था!''

चर्चा के लिए प्रष्न

यह एक अध्ययन सहायक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि आप अपने बाइबल अनुवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। हममें से हरेक को उस प्रकाष में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्रात्मा प्राथमिक हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं थोप सकते।

यह प्रष्न चर्चा के लिए इसलिए दिए गए हैं ताकि आप इस भाग की मुख्य बातों पर विचार कर सको। ये विचारों को जागृत करने के लिए हैं न कि परिभाशा प्रस्तुत करने लिए।

1. क्या यूह. 7:53 – 8:11 वास्तव में यूहन्ना रचित सुसमाचार का भाग है ? क्यो या क्यों नहीं ?

2. यीषु के कथन ''मैं जगत का ज्योति हूँ'' का क्या पृश्ठभूमि है ?

3. क्यो फारसी यीषु के खिलाफ थे ?

4. संदर्भ के आधार पर आयत 30 में प्रयोगित ''विष्वास'' का क्या अर्थ है ?

<u>*यूहन्ना – 9*</u>

<u>*पाँच आधुनिक अंग्रेजी अनुवादों के विच्छेद*</u>

यू बी एस[4]	एन के जे वी	एन आर एस वी	टी इ वी	जे बी
जन्म के अन्धे की चंगाई	जन्म के अन्धे का दृश्टिदान	यीषु स्वयं को जीवन की ज्योति के रूप में प्रगट करते हैं	यीषु जन्म के अन्धे की चंगा करते हैं	जन्म के अन्धे का अभिषाप
9:1—12	9:1—12	9:1—12	9:1—2	9:1—5
			9:3—5	
			9:6—7	9:6—7
			9:8	9:8—12
			9:9क	
			9:9ख	
			9:10	
			9:11क	
			9:11ख	
			9:12	
फरीसि चंगाई के जांच पडताल करते हैं	फरीसि उस व्यक्ति को बाहर निकालते है		फरीसि चंगाई के जांच पडताल करते है	
9:13—17	9:13—34	9:13—17	9:13—15	9:13—17
			9:16क	
			9:16ख	
			9:17क	
			9:17ख	
9:18—23		9:18—23	9:18—19	9:18—23

			9:20—23	
9:24—34		9:24—34	9:24	9:24—34
			9:25	
			9:26	
			9:27	
			9:28—29	
			9:30—33	
			9:34	
आत्मिक अन्धापन	सही दृश्टि सही अन्धापन		आत्मिक अन्धापन	
9:35—39	9:35—41	9:35—41	9:35	9:35—39
			9:36	
			9:37	
			9:38	
			9:39	
9:40—41			9:40	9:40—41
			9:41	

अध्ययन कालचक्र तीन

अनुच्छेद में वास्तविक लेखक की मनसा का अनुकरण करना।

यह पढ़ने के लिए एक मार्गदर्षक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि बाइबल का अनुवाद करने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं। हम में से हरेक को उस रोषनी में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्रमुख हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं छोड सकते।

बाइबल की पूरी पुस्तक को एक ही बार में पढ़िए। विशय को पहचानिए। अपने विच्छेद की तुलना नए पांच अनुवादों के विच्छेद से कीजिए। अनुच्छेद प्रेरणा पाया हुआ नहीं पर यह वास्तविक लेखक के उद्देष्य को समझने में सहायक है जो कि अनुवाद का ह्रदय है। हर अनुच्छेद का केवल एक ही अर्थ होता है।

1) पहला अनुच्छेद

2) दूसरा अनुच्छेद

3) तीसरा अनुच्छेद

4) इत्यादि

प्रासंगिक अन्तरदृश्टि 9:1—41

क. अन्धे व्यक्ति की चंगाई, जो यीषु के सेवा में अक्सर होती थी, जिसे कई प्रकार से पूरा किया गया।

ख. अन्धे को चंगा करना मसीह होने का एक चिन्ह था (यषा. 29:18; 35:5; 42:7; मत्ती. 11:15)। इस चंगाई की विषेशता यीषु के कथन ''मैं जगत का ज्योति हूँ'' (8:12; 9:5) के तुरन्त बाद के संदर्भ से होती है।

ग. यह अध्याय एक व्यक्ति के षारीरिक अन्धेपन तथा फरीसियों के आत्मिक अन्धेपन का दृश्टान्त प्रर्दषित करते है (9:39–41; मत्ती. 6:23)।

षब्द और वाक्यांष अध्ययन

9:1 – 12

1. फिर जाते हुए उस ने एक मनुष्य को देखा, जो जन्म का अन्धा था।
2. और उसके चेलों ने उस से पूछा, हे रबी, किस ने पाप किया था कि यह अन्धा जन्मा, इस मनुष्य ने, या उसके माता पिता ने?
3. यीशु ने उत्तर दिया, कि न तो इस ने पाप किया था, न इस के माता पिता नेः परन्तु यह इसलिये हुआ, कि परमेश्वर के काम उस में प्रगट हों। 4. जिस ने मुझे भेजा है; हमें उसके काम दिन ही दिन में करना अवश्य हैः वह रात आनेवाली है जिस में कोई काम नहीं कर सकता।
5. जब तक मैं जगत में हूँ, तब तक जगत की ज्योति हूँ।
6. यह कहकर उस ने भूमि पर थूका और उस थूक से मिट्टी सानी, और वह मिट्टी उस अन्धे की आंखों पर लगाकर।
7. उस से कहा; जा शीलोह के कुण्ड में धो ले, (जिस का अर्थ भेजा हुआ है) सो उस ने जाकर धोया, और देखता हुआ लौट आया।
8. तब पड़ोसी और जिन्हों ने पहले उसे भीख माँगते देखा था, कहने लगे; क्या यह वही नहीं, जो बैठा भीख माँगा करता था?
9. कितनों ने कहा, यह वही हैः औरों ने कहा, नहीं; परन्तु उसके समान हैः उस ने कहा, मैं वही हूँ।
10. तब वे उस से पूछने लगे, तेरी आंखें क्योंकर खुल गईं?
11. उस ने उत्तर दिया, कि यीशु नाम एक व्यक्ति ने मिट्टी सानी, और मेरी आंखों पर लगाकर मुझ से कहा, कि शीलोह में जाकर धो ले; सो मैं गया, और धोकर देखने लगा।
12. उन्हों ने उस से पूछा; वह कहाँ है? उस ने कहा; मैं नहीं जानता।।

9:1

'' जन्म का अन्धा''

यह इस प्रकार का चंगाई के एक उदाहरण है। वहाँ धोखेबाज़ी की कोई संभावना नही।

9:2

" उसके चेलों ने "

अध्याय 6 से यहाँ पहली बार षिश्यों का ज़िक्र है। ये (1) 7:3 में बताए गए यहूदी षिश्य भी हो सकता है , या (2) 12 षिश्य भी हो सकते है।

" किस ने पाप किया था कि यह अन्धा जन्मा,
इस मनुष्य ने, या उसके माता पिता ने?"

इस प्रष्न ने अनेक धर्मषास्त्रीय वाद विवाद के लिए रास्ता खोला। हमें इसकी व्याख्या प्राचीन यहूदी धर्म पर आधारित करनी है न किसी पूर्वीय धर्म के आधार पर। यह षायद निम्नलिखित बातो की ओर इषारा कर रहे होंगेः (1) यह षायद उत्पत्ती. 25:22 से रबियो द्वारा बनाया गया सिद्धान्त है; (2)यह षायद माता पिता के या करीबी रिष्तेदारों के पाप की ओर इषारा कर रहे होंगे जिसे जन्म होने से पहले ही ग्रसित होगए (निर्ग. 20:5; व्यवस्था. 5:9); या (3)यह षायद पाप और रोग के बीच के रिष्ते को, जो रबियों के धर्मषास्त्र में आम है, इषारा कर रहे होंगे (याकूब. 5:15–16; यूह. 5:14)।

इसका पुर्नजन्म के साथ कोई लेना देना नही है। यह एक यहूदी ढाँचा है। इस बात के ऊपर तर्क–वितर्क के लिए देखे जेमस डब्ल्यू सिरे का *स्क्रिप्चर टिव्सिटिगं,* पृश्ठ. 127 – 144।

9:3

इस आयत में यीषु ने 9:2 में षिश्यों द्वारा पूछे गए प्रष्न का उत्तर दिया है। इस में कई सत्य छिपे हुए है जैसेः (1) पाप और रोग अपने आप आपस में जुडे हुए नही है, तथा (2) समस्या कई बार परमेष्वर के आषिश के लिए अवसर प्रदान करते है।

9:4

"हमें ... मुझे"

ये सर्वनाम आपस में मेल नही खाते। **व्याकरणात्मक** तालमेल के लिए कई यूनानी हस्तलेखों में किसी न किसी एक को बदल दिया गया है। यह इस बात को दर्षाता है कि धर्मषास्त्रीय रीति से यीषु जगत का ज्योति है और हमें प्रति दिन इस ज्योति को जलाना है (मत्ती. 5:14)।

" रात आनेवाली है "

जब हम आयत 5 के साथ इसका तुलना करते है तब पता चलता है कि यह एक रूपक है। रात इन में से किसी बात को दर्षाते होंगेः (1) आनेवाला न्याय, (2) अवसर लुब्द हो जाना, या (3) यीषु का तिरस्कार और क्रूसीकरण।

9:5

''मैं जगत की ज्योति हूँ। ''

यूहन्ना ने कई बार आत्मिक वास्तविकता को बताने के लिए ''ज्योति'' और ''अन्धकार'' को रूपक के समान प्रयोग किया है। यीषु जगत की ज्योति के रूप में (1:4–5, 8–9; 3:17–21; 8:12; 9:5; 12:46) कई पुराने नियम के कई मसीह बातों को दर्षाता है (यषा.42:6; 49:6; 51:4; 60:1,3)।

9:6

'' थूक से मिट्टी सानी,''

थूक यहूदियों का घरेलू नुस्का था। परन्तु उसे सब्त के दिन उपयोग में लाना मना था (9:14)। यीषु के द्वारा थूक का उपयोग हम सुसमाचर में तीन बार देखते है (मरकूस. 7:33, 8:23 और यूह. 9:6)। चंगाई के इस साधन के उपयोग के द्वारा यीषु उस व्यक्ति के विष्वास को संसारीक रूप से प्रोत्साहित कर रहे थे।

9:7

''शीलोह के कुण्ड ''

शीलोह का अर्थ है '' भेजा हुआ ''। मिलापवाला तम्बू के पर्व की रस्म के लिए इस कुण्ड का उपयोग करते थे।षब्द भेजा हुआ इस बात से संबन्धित है कि यहाँ के पानी यरूषलेम दीवार के बाहर गीहोन श्रोत से लाया जाता था। भेजा हुआ षब्द को रबियों ने मसीह प्रभाव से जोड़कर उपयोग किया करते थे।

''धोया,''

यह विष्वास का काम था। उसने यीषु का वचन का पालन किया! परन्तु यह उद्धार दिलानेवाली विष्वास नही था (9:11,17,36,38)। विष्वास एक प्रक्रिया है। चार सुसमाचारों में से यूहन्ना रचित सुसमाचार ने विष्वास के अलग अलग स्तर का खुलासा किया है। अध्याय 8 विष्वास किए हुए एक झुण्ड का जिक्र करता है पर वे उद्धार के योग्य विष्वास नही थे (मत्ती. 4; माकूस. 13 खेतो का दृश्टान्त)। देखिए निम्नलिखित **विषेश षीर्शक।**

विषेश षीर्शक : उद्धार के लिए प्रयोग किए गए यूनानी क्रिया पद वाक्य

उद्धार कोई उपज या परिणाम नहीं है, पर यह आपसी सम्बन्ध है। यह किसी के मसीह पर भरोसा करने से समाप्त नहीं होता; परन्तु तब यह षुरू ही होता है। यह आग के लिए बीमा नहीं है और नहीं यह स्वर्ग के लिए यात्रा पत्र है परन्तु यह मसीहसमानता में बढ़ने का जीवन है।

उद्धार पूर्ण किए हुए कार्य के समान

1) प्रेरित.15:11

2) रोमियों.8:24

3) 2तीमु.1:9

4) तीत.3:5

5) रोमियों.13:11

उद्धार होने की प्रक्रिया में (वर्तमान काल)

1) इफि.2:5, 8

उद्धार चल रही प्रक्रिया में

1) 1कुरि.1:18; 15:2

2) 2कुरि.2:15

3) 1पतरस. 3:21; 4:18

उद्धार भविश्य में पूरा होने वाले के रूप में

1)(मत्ती.10:22; 24:13; मरकुस.13:13 में प्रयोग किया गया है)

2) रोमियों.5:9, 10; 10:9, 13

3) 1कुरि.3:15; 5:5

4) फिलि.1:28;

5)1थिस्स.5:8–9

6) 1तिमु. 4:16

7) इब्रा.1:14; 9:28

8) 1पतरस. 1:5,9

इसलिए उद्धार का आरम्भ एक विष्वास का निर्णय से षरू होता है (यूह. 1:12; 3:16; रोमि. 10:9–13), परन्तु यह एक विष्वास का जीवनषैली प्रक्रिया में परीवर्तित होना है (रोमि. 8:29; गला. 4:19; इफि. 1:4; 2:10) जो एक दिन उसका पूर्णता में पहूँचेंगी (1यूह. 3:2)। इस अन्तिम सतर को महिमा प्राप्ती कहा जाता है। इसे इस प्रकार कह सकते है

1. प्रारम्भिक उद्धार – धर्मी ठहराया जाना (पाप के मजदूरी से छुटकारा)

2. प्रगतिषील उद्धार – षुद्धिकरण (पाप के ताकत से छुटकारा)

3. अन्तिम उद्धार – (पाप की उपस्थिति से छुटकारा)।

9:8

'' पड़ोसी ''

इस चमत्कर के गवाही देनेवाले तीन झुण्ड का जिक्र इस अध्याय मे हैः (1) उसके पडोसी (9:8); वह व्यक्ति स्वयं (9:11); और उसके मातापिता (9:18)। उसके चंगाई के बारे मे उसके पडोसियों और फरीसियों के बीच मे असहमती थीं।

'' क्या यह वही नहीं,
जो बैठा भीख माँगा करता था? ''

यह यूनानी प्रष्न ''हाँ'' में उत्तर चाहता है।

'' मैं वही हूँ। ''

यह यीषु के द्वारा 4:26; 6:20; 8:24, 28, 58; 13:19; 18:5,6,8 में प्रयोग किया गया यूनानी मुहावरा के समान मुहावरा है । यह इस बात को दर्षाता है कि इस प्रकार के षब्द अपने आप मे कोई दैवीयता नही रखते है। आयत 36 (साहिब) और 38 (प्रभु) में प्रयोग किया गया षब्द *कूरियोस* अधिक द्वि–अर्थी है।

9:11–12

यह वार्तालाप इस बात को दर्षाता है कि उसका चंगाई उसे तत्काल उद्धार में नही पहुँचाया। उसका विष्वास का प्रौढ़ता यीषु से मुलाकात होने से हुई है (9:35)।

9:13 – 17

13. लोग उसे जो पहिले अन्धा था फरीसियों के पास ले गए।
14. जिस दिन यीशु ने मिट्टी सानकर उस की आंखे खोली थी वह सब्त का दिन था।
15. फिर फरीसियों ने भी उस से पूछा; तेरी आंखें किस रीति से खुल गईं? उस ने उन से कहा; उस ने मेरी आंखो पर मिट्टी लगाई, फिर मैं ने धो लिया, और अब देखता हूँ।
16. इस पर कई फरीसी कहने लगे; यह मनुष्य परमेश्वर की ओर से नहीं, क्योंकि वह सब्त का दिन नहीं मानता। औरों ने कहा, पापी मनुष्य क्योंकर ऐसे चिन्ह दिखा सकता है? सो उन में फूट पड़ी।
17. उन्हों ने उस अन्धे से फिर कहा, उस ने जो तेरी आंखे खोली, तू उसके विषय में क्या कहता है? उस ने

कहा, यह भविष्यद्वक्ता है।

9:13

" लोग "

यह अवष्य पडोसियों की ओर इषारा करता है।

" फरीसियों "

यूहन्ना रचित सुसमाचार में यहूदी अगुवों के लिए दो षीर्शकों का प्रयोग हुआ है। साधारण रीति से उन्हें "यहूदी" करके संबोधित किया गया (9:18,22), हलॉकि इस अध्याय में उन्हें फरीसी भी कहा गया (13,15,16,40)।

9:14

" जिस दिन यीशु ने
मिट्टी सानकर उस की आंखे खोली थी
वह सब्त का दिन था। "

मनुश्य का आवष्यकता से बढ़कर यहूदी अगुवों के परम्परा (तालमूद) ने वरिश्ठता ले ली है (5:9; 9:16; मत्ती. 23:24)। ऐसे लगता है कि यहूदी अगुवों से तर्क–वितर्क करने के लिए ही उन्होंने इन कामों को सब्त के दिन ही किया। देखिए नोटः 5:9।

9:16

व्यवस्था. 13:1–5 के आधार पर **उन्होंने** यीषु के न्याय करना चाहा।

"उन में फूट पड़ी"

यीषु हमेषा इस बात का कारण बने (6:52; 7:439 10:19; मत्ती. 10:34–39)।

9:17

"वो भविष्यद्वक्ता है "

यह अध्याय इस मनुश्य का विष्वास के बढौतरी को चित्रित करती हैं (9:36,38)।

9:18 – 23

18. परन्तु यहूदियों को विश्वास न हुआ कि यह अन्धा था और अब देखता है जब तक उन्हों ने उसके माता–पिता को जिस की आंखे खुल गई थी, बुलाकर
19. उन से न पूछा, कि क्या यह तुम्हारा पुत्र है, जिसे तुम कहते हो कि अन्धा जन्मा था? फिर अब क्योंकर देखता है?
20. उसके माता–पिता ने उत्तर दिया; हम तो जानते हैं कि यह हमारा पुत्र है, और अन्धा जन्मा था।
21. परन्तु हम यह नहीं जानते हैं कि अब क्योंकर देखता है; और न यह जानते हैं, कि किस ने उस की आंखे खोलीं; वह सयाना है; उसी से पूछ लो; वह अपने विषय में आप कह देगा।
22. ये बातें उसके माता–पिता ने इसलिये कहीं क्योंकि वे यहूदियों से डरते थे; क्योकि यहूदी एकमत कर चुके थे, कि यदि कोई कहे कि वह मसीह है, तो आराधनालय से निकाला जाए।
23. इसी कारण उसके माता–पिता ने कहा, कि वह सयाना है; उसी से पूछ लो।

9:22–23

''यदि कोई कहे कि वह मसीह है,''

यह एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य। उसके माता पिता यहूदियों से डरते थे । वहाँ काफी लोग थे जिन्होंने इस चंगाई को देखा और परखा : (1) पडोसी (9:8–10); (2) वह स्वयं (9:11–17,24–33); और (3) उसके माता पिता (9:18–23)।

विषेश षीर्शक : अंगीकार

क. अंगीकार या स्वीकार करने के लिए एक ही मूल के दो यूनानी षब्द हैं, *होमोलेगेओ* और *एक्सोमोलोगेओ*। याकूब मिश्रित षब्द प्रयोग करते हैं *होमो*, समान या वही; *लेगो*, कहना; और *एक्स*, से बाहर। इसका आधारभूत अर्थ है वही कहना जिससे सहमत हों। *एक्स* ने इसमें सार्वजनिक तौर पर मान लेने के विचार को जोड़ दिया।

ख. इस षब्द समूह के अग्रेज़ी अनुवाद हैं

1) प्रषंसा

2) सहमत होना

3) घोशणा करना

4) स्वीकार करना

5) अंगीकार करना

ग. इस षब्द के प्रगट रूप से दो विपरीत प्रयोग हैं

1) प्रषंसा करना (परमेष्वर की)

2) पाप स्वीकार करना

इसका उत्थान षायद परमेष्वर की पवित्रता और अपनी पापपूर्णता के बारे में मनुश्य के विचार से हुआ है। एक सत्य को मान लेना दोनों को मान लेना है।

घ. नए नियम में इस षब्द समूह का प्रयोग

1) वायदा करना (मत्ती.14:7; प्रेरित.7:17)

2) किसी बात से सहमत होना (यूह.1:20; प्रेरित.24:14; इब्रा.11:13)

3) प्रषंसा करना (मत्ती.11:25; रोमियों.14:11; 15:9)

4) से सम्मति करना

(क) व्यक्ति (मत्ती.10:32; यूह.9:22; 12:42; रोमियों.10:9; फिलि.2:11; 1यूह.2:23; प्रका.3:5)

(ख) सत्य (प्रेरित.23:8; 2कुरि.11:13; 1यूह.4:2)

5) सार्वजनिक रूप से घोशणा करना (कानूनी विचार का उत्थान धार्मिक पुश्ठि के रूप में, प्रेरित.24:14; 1तीमु. 6:13)

(क) दोश के दाखिले के बिना (1तीमु.6:12; इब्रा.10:23)

(ख) दोश के दाखिले के साथ (मत्ती.3:6; प्रेरित.19:18; इब्रा.4:14; याक.5:16; 1यूह.1:9)

9:22

" तो आराधनालय से निकाला जाए। "

उसके निकाले जाने से डरते थे (7:47–49)। इस प्रक्रिया का षुरूवात एज़्रा से हुई (एज़्रा. 10:8)। रबियों के साहित्यों से हमें मालूम होता है कि वहाँ तीन प्रकार का निकाला जाना होता थाः (1) एक सप्ताह के लिए; (2) एक महीने के लिए; ओर (3) जीवन भर के लिए।

" कहे (अंगीकार करें)"

यह एक मिश्रित षब्द है। इसे सार्वजनिक स्वीकार या घोशण के लिए प्रयोग करते है। यहाँ यीषु को मसीह के रूप में विष्वास करने को यह दर्षाता है।

"उसे आराधनालय से निकाला जाए। "

(12:42; 16:2)।

9:24 — 34

24. तब उन्हों ने उस मनुष्य को जो अन्धा था दूसरी बार बुलाकर उस से कहा, परमेश्वर की स्तुति कर; हम तो जानते हैं कि वह मनुष्य पापी है।
25. उस ने उत्तर दियाः मैं नहीं जानता कि वह पापी है या नहींः मैं एक बात जानता हूँ कि मैं अन्धा था और अब देखता हूँ।
26. उन्हों ने उस से फिर कहा, कि उस ने तेरे साथ क्या किया? और किस तरह तेरी आंखें खोली?
27. उस ने उन से कहा; मैं तो तुम से कह चुका, और तुम ने ने सुना; अब दूसरी बार क्यों सुनना चाहते हो? क्या तुम भी उसके चेले होना चाहते हो?
28. तब वे उसे बुरा–भला कहकर बोले, तू ही उसका चेला है; हम तो मूसा के चेले हैं।
29. हम जानते हैं कि परमेश्वर ने मूसा से बातें कीं; परन्तु इस मनुष्य को नहीं जानते की कहाँ का है।
30. उस ने उन को उत्तर दिया; यह तो अचम्भे की बात है कि तुम नहीं जानते की कहाँ का है तौभी उस ने मेरी आंखें खोल दीं।
31. हम जानते हैं कि परमेश्वर पापियों की नहीं सुनता परन्तु यदि कोई परमेश्वर का भक्त हो, और उस की इच्छा पर चलता है, तो वह उस की सुनता है।
32. जगत के आरम्भ से यह कभी सुनने में नहीं आया, कि किसी ने भी जन्म के अन्धे की आंखे खोली हों।
33. यदि यह व्यक्ति परमेश्वर की ओर से न होता, तो कुछ भी नहीं कर सकता।
34. उन्हों ने उस को उत्तर दिया, कि तू तो बिलकुल पापों में जन्मा है, तू हमें क्या सिखाता है? और उन्हों ने उसे बाहर निकाल दिया।।

9:24

" परमेश्वर की स्तुति कर; "

यह षपथ खाने की तरीका है जिससे ईमानदारी का सबूत मिलता है (यहोषू. 7:19)।

9:25

यह उत्तर आयत 16 की ओर इषारा करती है। यह व्यक्ति किसी धर्मषास्त्रीय बातो पर वाद–विवाद करना नही चाहते, परन्तु यीषु के साथ मुलाकात के द्वारा मिले हुए नतीजे को वह साबित कर रहा है।

9:27

" क्या तुम भी
उसके चेले होना चाहते हो?"

यूनानी व्याकरणात्मक ढाँचा "न" में उत्तर चाहता है। परन्तु यह सवाल काफी तेज और व्यंगय से भरा हुआ था।

9:28क

" तू ही उसका चेला है;"

यहाँ पर एक प्रष्न उठता है कि इस अध्याय में वह कौन सा मोड़ है जहाँ यह व्यक्ति विष्वासी बनता है। यीषु को मसीह के रूप में विष्वास करने के द्वारा इस व्यक्ति का चंगाई नही हूई; बाद में जब यीषु उसे मिला और मसीह होने की दावा पेष किया (9:36–38) तब उसने मसीह के रूप में उसे विष्वास किया। यह घटना इस बात को स्पश्ट करती है कि षारीरिक चंगाई उद्धार नही लाती।

9:28ख–29

यह धार्मिक अगुवों ने सामना की हुई कठिनाइयों को दिखाता है। **उन्होंने** मूसा को मिली हुई पवित्रात्मा प्रेरित प्रकाषन के साथ अपने तालमूद से तुलना करने की कोषिष की। पहले से सजाकर रखा हुआ धर्मषास्त्रीय विचारो के द्वारा उनके आँखें अन्धी हो चुकी है (मत्ती 6:23)।

9:30

"यह तो अचम्भे की बात है कि
तुम नहीं जानते की कहाँ का है
तौभी उस ने मेरी आंखें खोल दीं। "

यह काफी तेज और व्यंगय से भरा हुआ बातो का एक ओर उदाहरण है।

9:31–33

धार्मिक अगुवों से श्रेश्ठ धर्मषास्त्र इस अनपढ़ भिखारी के पास था!

9:33

"यदि"

यह एक द्वितीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, जिसे "वास्तविकता के विपरीत" कहा जाता है। इसे इस प्रकार समझा जाना चाहिए कि "यदि वो परमेष्वर की ओर से नही आए होते, अवष्य आए हैं, तो वो इस प्रकार के काम नही कर पाता, उसने ऐसा ही किया।

9:34

" कि तू तो बिलकुल पापों में जन्मा है, "

रबियो द्वारा चलाए जाने वाले यहूदी धर्म में "वास्तविक पाप" के बारे मे कोई समझ नही हैं (अय्यूब. 14:1,4; भं. स. 51:5)। रबियो द्वारा चलाए जाने वाले यहूदी धर्म में उत्प. 3 कोई मायने नही रखता। यहूदियो ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर भला और बुरा इरादा *(येट्सर)* होता है। फरीसी यह कहने की प्रयास कर रहे कि इस व्यक्ति का गवाही और विचारधारा का कोई मूल्य नही है, क्योंकि वह पापी है जिस से वह अन्धा था।

'' उन्हों ने उसे बाहर निकाल दिया।।''

अर्थात उसे समूह से बाहर निकाल दिया। यह इस बात को दर्षाता हैः (1) प्रादेषिक आराधनालय की सदस्यता से निकाल दिया; या (2) उस सभा से बाहर निकाल दिया। संदर्भ के आधार पर दूसरा ठीक बैठता है।

9:35 — 41

35. यीशु ने सुना, कि उन्हों ने उसे बाहर निकाल दिया है; और जब उसे भेंट हुई तो कहा, कि क्या तू परमेश्वर के पुत्र पर विश्वास करता है
36. उस ने उत्तर दिया, कि हे प्रभु; वह कौन है कि मैं उस पर विश्वास करूं?
37. यीशु ने उस से कहा, तू ने उसे देखा भी है; और जो तेरे साथ बातें कर रहा है वही है।
38. उस ने कहा, हे प्रभु, मैं विश्वास करता हूँ: और उसे दंडवत किया।
39. तब यीशु ने कहा, मैं इस जगत में न्याय के लिये आया हूँ, ताकि जो नहीं देखते वे देखें, और जो देखते हैं वे अन्धे हो जाएं।
40. जो फरीसी उसके साथ थे, उन्हों ने ये बातें सुन कर उस से कहा, क्या हम भी अन्धे हैं?
41. यीशु ने उन से कहा, यदि तुम अन्धे होते तो पापी न ठहरते परन्तु अब कहते हो, कि हम देखते हैं, इसलिये तुम्हारा पाप बना रहता है।।

9:35

एन ए एस बी, एन आर एस वी , टी इ वी ,एन जे बी ''क्या तू मनुश्य के पुत्र पर विश्वास करता है''

एन के जे वी ''क्या तू परमेश्वर के पुत्र पर विश्वास करता है''

प्राचीन यूनानी हस्तलेखों में से ''ए'' में परमेश्वर के पुत्र का प्रयोग है, परन्तु अधिकतर मनुश्य के पुत्र पर जोर दिया गया है।

9:36

एन ए एस बी, एन के जे वी ,एन आर एस वी ,टी इ वी ''प्रभु''
एन जे बी '' साहिब ''

इस अध्याय के अन्दर ही इस मनुश्य के विष्वास की बढौतरी को देख सकते है, उसके द्वारा यीषु के लिए प्रयोग किए गए षब्द : (1)एक मनुश्य (9:11); (2) एक भविश्यद्वक्ता (9:17); आदरसूचक षब्द '' साहिब ''(9:36); (4) प्रभु (9:38)। आयत 36 तथा 38 के यूनानी षब्द एक ही है परन्तु संदर्भ ही अर्थ को तय करती है।

9:38

इस चंगाई प्राप्त व्यक्ति के उद्धार के प्रति यह है षिखर । यह अचम्भे की बात है कि कुछ प्राचीन यूनानी हस्तलेखो में इस आयत का उल्लेख नही है। केवल दो षब्दों का उल्लेख है (1)''उसने कहा'' यह केवल यहाँ और 1:23 में है; (2) उसे दण्डवत किया यह यूहन्ना में केवल यहाँ मिलते है। आधुनिक अनुवादों में इसका उल्लेख है।

9:39

'' मैं इस जगत में न्याय के लिये आया हूँ,''

यह 5:22,27 के साथ मेल खाता है जहाँ अन्तिम समय के न्याय के बारे में बताया गया है। हलॉकि यह 3:17–21 तथा 12:47,48 के विरूद्ध लगते है। इसे इस प्रकार कह सकते हैं यीषु लोगों की छुडौती के लिए आए हैं परन्तु जो उसका तिरस्कार करेगे वे स्वयं अपने न्याय को लाते है।

'' ताकि जो नहीं देखते वे देखें,
और जो देखते हैं वे अन्धे हो जाएं। ''

यह यषाय्याह की भविश्यद्वाणी का दोहरा पूर्तीकरण हैः (1) अहंकारी इस्राएली परमेष्वर के सन्देष को नहीं समझेंगे (यषा. 6:10; 42:18–19; 43:8; यिर्मा. 5:21; यहेज. 12:2); (2) दरिद्र, भ्रश्ट, षारीरिक रूप से निर्बल, नम्र और मन फिराए हुए लोग सन्देष को समझेंगे (यषा. 29:18; 32:3–4; 35:5; 42:7,16)। जो देखना चाहते है उनके लिए यीषु जगत की ज्योति है (1:4–5, 8–9)।

9:40

'' क्या हम भी अन्धे हैं? ''

यूनानी व्याकरणात्मक ढाँचा ''न'' में उत्तर चाहता है (मत्ती. 15:14; 23 7 24)। ये अन्तिम आयते इस बात को प्रगट करती हैं कि षारीरिक अन्धापन ठीक हो सकता है परन्तु आत्मिक अन्धापन दूर करना कठीन है (माफी न मिलने वाला पाप– अविष्वास)।

9:41

यह आयत एक साधारण सच्चाई को प्रगट करती है (15:22,24; रोमि.3:20; 4:15; 5:13; 7:7–9)।

चर्चा के लिए प्रष्न

यह एक अध्ययन सहायक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि आप अपने बाइबल अनुवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। हममें से हरेक को उस प्रकाष में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्रात्मा प्राथमिक हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं थोप सकते।

यह प्रष्न चर्चा के लिए इसलिए दिए गए हैं ताकि आप इस भाग की मुख्य बातों पर विचार कर सको। ये विचारों को जागृत करने के लिए हैं न कि परिभाशा प्रस्तुत करने लिए।

1. यह अध्याय प्राथमिकरूप से षारीरिक चंगााई या आत्मिक चंगाई के साथ व्यवहार कर रहा है ? षारीरिक अन्धापन या आत्मिक अन्धापन ?

2. जन्म से पहले इस व्यक्ति ने किस प्रकार पाप किया होगा ?

3. इस अध्याय में वह कौन–सा मोड़ है जहाँ इस व्यक्ति ने उद्धार पाया ?

4. क्या यीषु इस जगत में न्याय करने आए या छुडाने आए ?

5. षब्द ''मनुश्य का पुत्र'' की पृश्ठभूमि का विवरण करें।

6. यहूदी अगुवों के प्रत्युत्तर में इस अन्धे व्यक्ति द्वारा कहे गए व्यंग्यों की सूची बनाए।

यूहन्ना – 10

पाँच आधुनिक अंग्रेजी अनुवादों के विच्छेद

यू बी एस[4]	एन के जे वी	एन आर एस वी	टी इ वी	जे बी
भेड़ों का दृश्टान्त	यीषु अच्छा चरवाहा	यीषु जीवन देनेवाला चरवाहा	चरवाहे का दृश्टान्त	अच्छा चरवाहा
10:1—6	10:1—6	10:1—6	10:1—5 10:6	10:1—5 10:6
यीषु अच्छा चरवाहा	यीषु अच्छा चरवाहा		यीषु अच्छा चरवाहा	
10:7—18	10:7—21	10:7—10 10:11—18	10:7—10 10:11—16 10:17—18	10:7—18
10:19—21		10:19—21	10:19—20 10:21	10:19—21
यीषु को यहूदियों ने नकारा	अच्छा चरवाहा अपनी भेड़ों को जानता है		यीषु का इनकार	यीषु परमेष्वर के पुत्र हैं
10:22—30	10:22—30 यीषु को पत्थरवाह करने का प्रयास	10:22—30	10:22—24 10:25—30	10:22—30
10:31—39	10:31—39	10:31—39	10:31—32 10:33 10:34—38 10:39	10:31—38 10:39
	यरदन के पार के विष्वासीगण			यीषु यरदन के दूसरे पार
10:40—42	10:40—42	10:40—42	10:40—42	10:40—42

अध्ययन कालचक्र तीन

अनुच्छेद में वास्तविक लेखक की मनसा का अनुकरण करना।

यह पढ़ने के लिए एक मार्गदर्षक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि बाइबल का अनुवाद करने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं। हम में से हरेक को उस रोषनी में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्रमुख हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं छोड सकते।

बाइबल की पूरी पुस्तक को एक ही बार में पढ़िए। विशय को पहचानिए। अपने विच्छेद की तुलना नए पांच अनुवादों के विच्छेद से कीजिए। अनुच्छेद प्रेरणा पाया हुआ नहीं पर यह वास्तविक लेखक के उद्देष्य को समझने में सहायक है जो कि अनुवाद का हृदय है। हर अनुच्छेद का केवल एक ही अर्थ होता है।

1) पहला अनुच्छेद

2) दूसरा अनुच्छेद

3) तीसरा अनुच्छेद

4) इत्यादि

षब्द और वाक्यांष अध्ययन

10:1 — 6
1. मैं तुम से सच सच कहता हूँ, कि जो कोई द्वार से भेड़शाला में प्रवेश नहीं करता, परन्तु और किसी ओर से चढ़ जाता है, वह चोर और डाकू है। 2. परन्तु जो द्वार से भीतर प्रवेश करता है वह भेड़ों का चरवाहा है। 3. उसके लिये द्वारपाल द्वार खोल देता है, और भेड़ें उसका शब्द सुनती हैं, और वह अपनी भेड़ों को नाम ले लेकर बुलाता है और बाहर ले जाता है। 4. और जब वह अपनी सब भेड़ों को बाहर निकाल चुकता है, तो उन के आगे आगे चलता है, और भेड़ें उसके पीछे पीछे हो लेती हैं; क्योंकि वे उसक शब्द पहचानती हैं। 5. परन्तु वे पराये के पीछे नहीं जाएंगी, परन्तु उस से भागेंगी, क्योंकि वे परायों का शब्द नहीं पहचानती। 6. यीशु ने उन से यह दृष्टान्त कहा, परन्तु वे न समझे कि ये क्या बातें हैं जो वह हम से कहता है।।

10:1

" सच सच "

देखिए नोट 1:49।

" परन्तु और किसी ओर से चढ़ जाता है, वह चोर और डाकू है। "

भेडों के बाड़े में से कुछ बातें अच्छे चरवाहे की नहीं है (7:21—23; तथा गेहूँ और घास का दृश्टान्त, मत्ती. 12:24—30) यहाँ की समस्या यह है कि जो बातें परमेष्वर मसीह के द्वारा मुफ्त में देते है उसे स्वयं के परीश्रम के द्वारा प्राप्त करने का प्रयास कर रहे है (3:14—16)।

10:2

" परन्तु जो द्वार से भीतर प्रवेश करता है वह भेड़ों का चरवाहा है। "

यह स्पश्ट है कि इस अध्याय में रूपकों को मिश्रित किया गया हैः यीषु द्वार है (10:7), भेडों का चरवाहा है (10:11,14)। हलॉकि ऐसे मिश्रित रूपक नए नियम और यूहन्ना में एक नई बात नही हैः (1) यीषु रोटी और रोटी देनेवाले है (6:35,51); (2) यीषु सत्य और सत्य की घोशणा करनेवाले है (8:45—46; 14:6); (3) यीषु मार्ग और मार्गदर्षक है (14:6); (4) यीषु बलिदान और बलि चढ़ानेवाले है (इब्रानियों की पत्री)।

पुराने नियम में साधारण रूप से परमेष्वर और मसीह के लिए ''चरवाहा'' षीर्शक का उपयोग हुआ है (भ.सं. 23; 80:1; यषा. 40:10–11; 1पत. 5:1–4)। यहूदी अगुवो को ''झूठा चरवाहा'' कहा गया (यिर्म.23; यहेज. 34; यषा. 56:9–12)। षब्द ''चरवाहा'' षब्द ''पास्टर'' से संबन्धित है (तीतुस. 1:5,7; इफि. 4:11)।

<u>*10:3*</u>

<u>*'' भेड़ें उसका शब्द सुनती हैं,''*</u>

पहचान और आज्ञाकारिता संबन्ध पर आधारित है।

<u>*'' वह अपनी भेड़ों को*</u>
<u>*नाम ले लेकर बुलाता है ''*</u>

यीषु अपनों को व्यक्तिगत रीति से जानते है। चरवाहे अपने जानवरो का नाम रखते हैं।

<u>*'' बाहर ले जाता है। ''*</u>

यह केवल उद्धार को ही नही दर्षाता परन्तु प्रतिदिन के मार्गनिर्देषन को भी दर्षाता है (10:4,9)।

<u>*10:4*</u>

यह षायद इस बात को बताता है कि रात के समय एक ही जगह में विभिन्न झुण्ड़ रखे जाते है तथा भोर को जब चरवाहा बुलाता है तब उसकी भेड़ उसके पास आ जाती है।

<u>*10:5*</u>

कलीसिया को हमेषा झूठे चरवाहे का सामना करना पड़ता है (1तिमु. 4:1–3; 2तिमु. 4:3–4; 1यूह. 4:5–6)।

<u>*10:6*</u>

<u>*''यीशु ने उन से यह दृष्टान्त कहा,''*</u>

यह दृश्टान्त के लिए प्रयोग करनेवाला साधारण षब्द नही है, परन्तु मूल षब्द एक ही है। यह षब्द यहाँ, 16:25,29 में, 2 पत. 2:22 में पाए जाते हैं। यह अवष्य अलग सा षब्द है पर दृश्टान्त का पर्यायवाची षब्द है। साधारण रूप से षब्द दृश्टान्त का अर्थ है सर्वसाधारण बात जिसे एक आत्मिक सच्चाई को समझने के लिए उपयोग में लाई जाती है। यह षायद इस बात को भी दर्षा रही होगी कि एक सच्चाई को आत्मिक रूप से अन्धे व्यक्ति से छुपाना (16:29; मरकूस. 4:11–12)।

<u>*'' परन्तु वे न समझे''*</u>

यदि अध्याय 9 के आधार पर देखा जाए तो यह ''उन'' फरीसियों को दर्षाता है।

10:7 – 10

7. तब यीशु ने उन से फिर कहा, मैं तुम से सच सच कहता हूँ, कि भेड़ों का द्वार मैं हूँ।
8. जितने मुझ से पहले आए; वे सब चोर और डाकू हैं परन्तु भेड़ों ने उन की न सुनी।
9. द्वार मैं हूँ: यदि कोई मेरे द्वारा भीतर प्रवेश करे तो उद्धार पाएगा और भीतर बाहर आया जाया करेगा और चारा पाएगा।
10. चोर किसी और काम के लिये नहीं परन्तु केवल चोरी करने और घात करने और नष्ट करने को आता है। मैं इसलिये आया कि वे जीवन पाएं, और बहुतायत से पाएं।

10:7

'' भेड़ों का द्वार मैं हूँ। ''

यह सात ''मैं हूँ'' कथनों से एक है। यह रूपक इस सच्चाई को स्पश्ट करता है कि यीषु ही मार्ग है (10:8,10; 14:6)। यदि बाइबल ही परमेष्वर के स्वयं का प्रकाषन है तो परमेष्वर के साथ ठीक संबन्ध का एक मात्र मार्ग है – मसीह में विष्वास (प्रेरित. 4:12; 1तिमु. 2:5)।

10:8

'' जितने मुझ से पहले आए;
वे सब चोर और डाकू हैं ''

अध्याय 9 और 10 के संदर्भ के आधार पर, स्थापन पर्व (10:22), इस बात की भी संभावना है कि अन्दर पवित्रषास्त्रीय समय मे मकाबियों द्वारा मसीह बनने की नकल की गई हो। हलॉकि यह भी हो सकता है यह झूठे चरवाहों को संबोधित कर रहा हो (यिर्मा.23; यहेज. 34)।
यह अत्यन्त रूपकात्मक भाशा से वर्णित है इसलिए कई हस्तलेखों में षास्त्रियों द्वारा ''मुझसे पहले'' को छोड़ दिया गया।

10:9

''यदि कोई मेरे द्वारा भीतर प्रवेश करे
तो उद्धार पाएगा ''

यह एक भविश्य काल संबन्धी क्रिया के साथ एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है। परमेष्वर के पास पहुँचने का एक मात्र मार्ग यीषु ही है (14:6)। क्रिया '' उद्धार पाएगा '' पुराने नियम के षारीरिक छुटकारे की ओर संकेत कर रहा है। हलॉकि यूहन्ना दो अर्थ देनेवाले षब्दों का प्रयोग करता है । आत्मिक उद्धार की बातें इस प्रसंग से लुप्त नहीं हैं (10:42)।

10:10

'' चोर ''

यह झूठे चरवाहों के अन्तिम लक्ष्य को प्रगट करती है। और षैतान की योजना को भी प्रगट करती है। आयतें 12–13 में किराए पर लिए गए चरवाहों का लापरवाही देखते हैं।

''नश्ट करना''

देखिए निम्नलिखित **विषेश षीर्शक।**

विषेश षीर्शकः विनाष (अपोलुमी)

भाशा विज्ञान में इस षब्द का स्तर काफी बड़ा है जिसकारण अनन्त दण्ड बनाम अस्तित्व–विनाष के धर्मषास्त्रीय विचारों में काफी असमंजिस पैदा हो गई। इसका प्राथमिक षाब्दिक अर्थ है *अपो + ऑलुमी* नश्ट करना या होना।
समस्या तब होती है जब इसे रूपकात्मक रीति से प्रयोग करते है। इसे हम लूवो और निडा के *ग्रीक–इन्गलिष लेक्सीकॉन ऑफ द न्यू टेस्टमेन्ट, बेस्ड़ ऑन सेमान्टिक डॉमयिनस्* भाग. 2 पृश्ठ.30 में पाते हैं। इस षब्द के
कई अर्थों को यहाँ लिखा हुआ है।

1. ध्वस्त करना (मत्ती. 10:28; लूका. 5:37; यूह. 10:10; 17:12; प्रेरित. 5:37; रोमि. 9:22 भाग 1 पृश्ठ.232)
2. प्राप्त करने में पराजित (मत्ती. 10:42; भाग 1, पृश्ठ. 566)
3. खोना (लूका. 15:8, भाग 1, पृश्ठ. 566)
4. असतर्क स्थान (लूका. 15:4, भाग 1, पृश्ठ. 566)
5. मरना (मत्ती. 10:39; भाग 1, पृश्ठ. 266)

गेरहार्ड किट्टल ने *थियोलॉजिकल डिक्षनरी ऑफ द न्यू टेस्टमेन्ट,* भाग 1, पृश्ठ. 394 में चार ओर प्रयोगों का सूची बनाकर अर्थ बताते हैं।

1. नाष करना या मारना (मत्ती. 2:3; 27:20; मरकूस. 3:6; 9:22; लूका. 6:9; 1कुरि. 1:19)
2. खोना या नश्ट सहना (मरकूस. 9:41;लूका. 15:4,8)
3. मिट जाना (मत्ती. 26:52;मरकूस. 4:38;लूका. 11:51; 13:3,5,33; 15:17; यूहन्ना. 6:12,27;1कुरि. 10:9,10)
4. लापता (मत्ती. 5:29–30;मरकूस. 2:22;लूका. 15:4,6,24,32; 21:18; प्रेरित. 27:34)

किट्टल कहते है
''साधारण रीति से हम कहेंगे कि दूसरा और चौथा इस संसार से संबन्धित है जैसे कि समानान्तर सुसमाचार में है, पहला और तीसरा भविश्य संसार से संबन्धित है जैसे कि यूहन्ना और पौलूस की पत्रियों में है।'' (पृश्ठ. 394)।

यहाँ असमंजिस है। भाशा विज्ञान में इस षब्द का स्तर काफी बड़ा है जिस कारण नए नियम के लेखको ने विभिन्न प्रकार से इसका प्रयोग किया है। मैं रोबॉट बी. गिरडलस्टॉन, *सिनॉनिमस ऑफ ओल्ड टेस्टमेन्ट,* पृश्ठ. 275 – 277 को पसंद करता हूँ। वह इस षब्द को जो नैतिक रीति से नाष होकर अन्नतकाल के लिए परमेष्वर से अलग रहने के लिए तैयार बनाम जो मसीह को जानकर अनन्तजीवन प्राप्त है उनके लिए प्रयोग

करते है। पहला झूण्ड विनाष के सामना कर रहा है तथा दूसरा झुण्ड उद्धार प्राप्त है।

मैं व्यक्तिगत रीति से विष्वास नही करता कि यह षब्द अस्तित्व–विनाष का सकेंत करता है। मत्ती. 25:46 में षब्द अनन्त दोनों जीवन और दण्ड के लिए है। एक को कम महत्व देने का अर्थ है दोनो को कम दिखाना।

'' मैं इसलिये आया कि वे जीवन पाएं, और बहुतायत से पाएं।''

कई बार इस षब्दसमूह की भौतिक आषिशों को वायदे के लिए प्रयोग किया जाता है, परन्तु प्रसंग के आधार पर यह यीषु को व्यक्तिगत रीति से जानना और जिसके द्वारा उस से आत्मिक आषिशों को पाने को दर्षाता है। यह जीवन में बहुत कुछ होने को नही परन्तु सच्चा जीवन को जानना तथा उसे पाप्त करने को दर्षाता है!
जैसे समानान्तर सुसमाचार में परमेष्वर के राज्य के बारे में विषेश महत्व है वैसे यूहन्ना में अनन्त जीवन का विषेश महत्व है।

10:11 – 18
11. अच्छा चरवाहा मैं हूँ; अच्छा चरवाहा भेड़ों के लिये अपना प्राण देता है। 12. मजदूर जो न चरवाहा है, और न भेड़ों का मालिक है, भेड़िए को आते हुए देख, भेड़ों को छोड़कर भाग जाता है, और भेड़िया उन्हें पकड़ता और तित्तर बित्तर कर देता है।
13. वह इसलिये भाग जाता है कि वह मजदूर है, और उस को भेड़ों की चिन्ता नहीं।
14. अच्छा चरवाहा मैं हूँ; जिस तरह पिता मुझे जानता है, और मैं पिता को जानता हूँ।
15. इसी तरह मैं अपनी भेड़ों को जानता हूँ, और मेरी भेड़ें मुझे जानती हैं, और मैं भेड़ों के लिये अपना प्राण देता हूँ।
16. और मेरी और भी भेड़ें हैं, जो इस भेड़शाला की नहीं; मुझे उन का भी लाना अवश्य है, वे मेरा शब्द सुनेंगी; तब एक ही झुण्ड और एक ही चरवाहा होगा।
17. पिता इसलिये मुझ से प्रेम रखता है, कि मैं अपना प्राण देता हूँ, कि उसे फिर ले लूं।
18. कोई उसे मुझ से छीनता नहीं, बरन मैं उसे आप ही देता हूँ: मुझे उसके देने का अधिकार है, और उसे फिर लेने का भी अधिकार है: यह आज्ञा मेरे पिता से मुझे मिली है।।

10:11,14

'' अच्छा चरवाहा मैं हूँ;''

पुराने नियम में मसीह (यहेज. 34:23; जक. 11:1; 1पत. 5:4) और यहोवा (भ.सं. 23:1; 28:9; 77:52; 80:1; 94:7; 100:3; यषा. 40:11; यिर्मा. 23:1; 31:10; यहेज. 34:11–16) के लिए इस षीर्शक का प्रयोग करते थे।
यूनानी में ''अच्छा'' के लिए दो षब्दों का प्रयोग है (1) अगार्थॉस् जिसे यूहन्ना में चीज़ों के लिए उपयोग किया गया, और (2) कालॉस् जिसे सेप्टूवजन्ट में बुराई के विलोम षब्द के रूप में उपयोग में लाया है। नए नियम में इसका अर्थ है ''सुन्दर'', ''कुलीन'', ''नैतिक'', और ''योग्य'' है। लूका. 8:15 में इन दोनों षब्द का प्रयोग एकसाथ है।

10:11

" अच्छा चरवाहा
भेड़ों के लिये अपना प्राण देता है। "

यह मसीह की प्रायष्चित बली जो दूसरों के बदले में हुई, उसे दर्षाता है (10:11,15,17,18)। पापी मनुश्य के लिए उन्हों ने अपना जीवन कुर्बान कर दिया है (यषा. 52: 13–53:12; मरकूस. 10:45; 2कुरि. 5:21)। सच्चा जीवन, बहुतायत का जीवन केवल उसके मारे जाने से मिलता है।
ब्रूस एम. मेटसगर का *ए टेक्सचुयल केमन्बिरी ऑन द ग्रीक न्यू टेस्टमेन्ट* में इस आयत के ऊपर एक दिलचस्प बात है:

"अपना प्राण देता है"

इस वर्णन–षैली के बदले में, जो यूहन्ना का षैली है, (10:10,15,17; 13:37,38; 15:13; 1यूह. 3:16) समानन्तर सुसमाचार में "अपना प्राण देने का प्रयोग है (मत्ती. 20:28;मरकूस. 10:45;)"(पृश्ठ. 230)।

10:14

(10:3–5)।

10:15

" जिस तरह पिता मुझे जानता है,
और मैं पिता को जानता हूँ। "

यह यूहन्ना में बार बार आनवाला मुख्य विशय है।यीषु अपने पिता के साथ के घनिश्ठ संबन्ध से बातें तथा कार्यों को करते हैं।
आयतें 14–15 में पिता के साथ पुत्र का ध्निश्ठता की तुलना पुत्र और उनके पीछे हो लेनेवालों के साथ की है (14:23)। यीषु षब्द जानता को इब्रानी भाशा के अर्थ से प्रयोग किया जिसका अर्थ है घनिश्ठ संगती। यीषु पिता को जानते है, जो कोई यीषु को जानते हैं, वे परमेष्वर को जानते हैं!

10:16

" मेरी और भी भेड़ें हैं,
जो इस भेड़शाला की नहीं;"

यह यषा. 56:6–8 के लिए संकेत है।संदर्भ के आधार पर यह षायद (1) सामरियों को (4:1–42) या (2) अन्यजाती कलीसिया (4:43–54) को दर्षाता है। यह जितने यीषु पर विष्वास करते हैं उनकी एकता को दर्षाता है।

" तब एक ही झुण्ड और
एक ही चरवाहा होगा। "

यह हमेषा परमेष्वर का लक्ष्य रहा (उत. 3:15; 12:3; निर्ग.19:5–6)। इस एकता का धर्मषास्त्रीय विचार इफि. 2:11–3:13 तथा 4:1–6 में वर्णन किया है।

10:17

'' पिता इसलिये मुझ से प्रेम रखता है,''

जैसे पुत्र को अपना प्राण देने के लिए किसी ने मजबूर नहीं किया वैसे ही पिता को भी अपने पुत्र देने के लिए किसी ने भी मजबूर नहीं किया। इस प्रकार इसकी व्याख्या न करे कि मनुश्य को आज्ञाकारिता के प्रतिफल के रूप में परमेष्वर ने यीषु को भेजा (इस झूठी षिक्षा को दत्तक ग्रहण कहा जाता है)।

'' कि मैं अपना प्राण देता हूँ,
कि उसे फिर ले लूं। ''

यह पुनरुत्थान की ओर इषारा करता है।नए नियम में साधारण रीति से पिता अपने पुत्र के बलीदान की स्वीकृति के रूप में उसे जिलाता है (10:18ख)। परन्तु यहाँ पुनरुत्थान में यीषु की षक्ति को प्रगट किया गया। यह षब्द समूह हमें सिखाते हैं कि छुड़ौती के काम में परमेष्वर के तीनों व्यक्तित्व षामिल थेः 1) पिता परमेष्वर ने यीषु को जिलाया (प्रेरित.2:24; 3:15; 4:10; 5:30; 10:40; 13:30, 33, 34, 37; 17:31; रोमियों.6:4, 9; 8:11; 10:9; 1कुरि.6:14; 2कुरि.4:14; गला.1:1; इफि.1:20; कुलु.2:12; 1थिस्स.1:10)

2) पुत्र ने स्वयं अपने आप को जिलाया (यूह.2:19–22; 10:17–18)

3) पवित्र आत्मा ने यीषु को जिलाया (रोमियों.8:11)

10:18

'' मुझे अधिकार है,''

इस षब्द को 1:12 मे प्रयोग किया है। इसे '' अधिकार '', ''कानून–सम्मति'', या ''सामर्थ ''में अनुवाद कर सकते हैं। यह आयत यीषु के अधिकार और सामर्थ को दर्षाती है।

10: 19 – 21

19. इन बातों के कारण यहूदियों में फिर फूट पड़ी।
20. उन में से बहुतेरे कहने लगे, कि उस में दुष्टात्मा है, और वह पागल है; उस की क्यों सुनते हो?
21. औरों ने कहा, ये बात ऐसे मनुष्य की नहीं जिस में दुष्टात्मा होः क्या दुष्टात्मा अन्धों की आंखे खोल सकती है?

10:19

वे अपने मत में 6:52; 7:12,25; 9:8–9,16; 10:19–21; 11:36–37 जिस प्रकार विभाजित थे उसका विवरण पूरे यूहन्ना में है। कुछ सुसमाचार को ग्रहण करते है कुछ नहीं करते, यह रहस्यमय इसलिए है कि नियुक्ति और मनुश्य की स्वेच्छा के बीच एक संघर्श जारी है।

10:20

'' उस में दुष्टात्मा है, और वह पागल है;''

यह दो विभिन्न नज़रिए से यीषु के ऊपर लगाए हुए सर्वसाधारण आरोप हैं : (1) इस आयत में 7:20 के समान वे कहते हैं कि यीषु एक मानसिक रोगी हैं; और (2) फरीसियों ने उसके सामर्थ (8:48,52; 10:21) के उत्भव स्थान के बारे में बताने के लिए इस आयत का प्रयोग किया है।

10:21

अन्धे को चंगा करना मसीह होने का चिन्ह है (निर्ग. 4:11; भ. सं. 146:18; यषा. 29:18; 35:5; 42:7)। अर्थात् अध्याय 9 के अन्धेपन के समान यहाँ इस्राएल भी अन्धा है।

10:22 – 30

22. यरूशलेम में स्थापन पर्व हुआ, और जाड़े की ऋतु थी।
23. और यीशु मन्दिर में सुलैमान के ओसारे में टहल रहा था।
24. तब यहूदियों ने उसे आ घेरा और पूछा, तू हमारे मन को कब तक दुविधा में रखेगा? यदि तू मसीह है, तो हम से साफ कह दे।
25. यीशु ने उन्हें उत्तर दिया, कि मैं ने तुम से कह दिया, और तुम प्रतीति करते ही नहीं, जो काम मैं अपने पिता के नाम से करता हूँ वे ही मेरे गवाह हैं।
26. परन्तु तुम इसलिये प्रतीति नहीं करते, कि मेरी भेड़ों में से नहीं हो।
27. मेरी भेड़ें मेरा शब्द सुनती हैं, और मैं उन्हें जानता हूँ, और वे मेरे पीछे पीछे चलती हैं।
28. और मैं उन्हें अनन्त जीवन देता हूँ, और वे कभी नाश नहीं होंगी, और कोई उन्हें मेरे हाथ से छीन न लेगा।
29. मेरा पिता, जिस ने उन्हें मुझ को दिया है, सब से बड़ा है, और कोई उन्हें पिता के हाथ से छीन नहीं सकता।
30. मैं और पिता एक हैं।

10:22

'' स्थापन पर्व ''

जॉसिफस इसे ज्योतियों का पर्व कहते हैं। यह दिसम्बर महीने के मध्यम मे 8 दिनों तक होनेवाला पर्व है। सन् 164 ई0पू0 में यहूदा मकाबियूस द्वारा यरूषलेम पर कबजा करने के बाद यरूषलेम मन्दिर को पुनःस्थापित किया गया जिसकी यादगार में इसे मनाया जाता है। सन् 168 ई0पू0 में अन्टियोकस 4 एपिपानोस ने यहूदियों को जातियों की सी चाल चलने को मजबूर किया (दानि.8:9–14)। उन्होंने यरूषलेम मन्दिर को ज़ीयूस देवता के

मन्दिर में बदल डाला। याजक मोदिन के कई पुत्रें में से यहूदा मकाबियूस ने इस सिरया के देवता के ऊपर विजय प्राप्त मन्दिर को षद्ध किया तथा उसे पुनःस्थापित किया ।

" सुलैमान के ओसारे "

यह महिलाओं के आंगन के पूर्वी भाग में ढ़का हुआ स्थान था जहाँ यीषु सिखाया करते थे। जॉसिफस के अनुसार यह सन् 586 ई0पू0 के बाबूल के विनाष से बच निकले थे।

10:24

"यदि"

यह पहले दर्जे का षर्तीय वाक्य है जो लेखक के नज़रिये से उनके लेख के लिए सत्य है। इस प्रसंग में कई पहले दर्जे का षर्त वाक्य है (10:24,35,37,38)। आयत 24 बताता है कि यह किस प्रकार लेख के लिए सही है। फरीसियों ने यीषु को मसीह के रूप में विष्वास नही किया। वे उसे फँसाने के प्रयास में थे।

" हम से साफ कह दे। "

इस आयत में कई बातें सीखने की है। (1) यीषु ने दृश्टान्त, आलंकारिक भाशा और अनेकार्थ दोहरावाद कथनों से षिक्षा दी। मन्दिर का भीड़ चाहते थे कि वो स्पश्ट बातों से उनसे बातें करें। देखिए **विषेश षीर्शक : परेसिया 7:4 ।**
(2) यीषु के समय के यहूदियों ने प्रतीक्षा नही की कि मसीह दैवीय देहधारी होंगे। यीषु ने कई बार (8:56–59) पिता के साथ उनके एक होने की बाते कही, परन्तु इस प्रसंग में वे विषेशरूप से मसीह के बारे में ही पूछ रहे है। यहूदियों की कामना थी कि यह अभिशिक्त मूसा के समान कार्य करें (व्यवस्था. 18:15,9)। यीषु ने उसे अध्याय 6 में किया था। उसके कामों ने पुराने नियम की भविश्द्वाणियों को पूरा किया, विषेशरूप से अन्धे को चंगा करना (अध्याय 9)। उनके पास सारे सबूत मौजूद थे। समस्या थी कि यीषु ने उनके पारम्परिक सैनिक मसीह के प्रति प्रतीक्षा को पूरा नही किया।

10:25

" जो काम मैं अपने पिता के नाम से करता हूँ
वे ही मेरे गवाह हैं। "

यीषु साबित करते है कि उसके काम उसके कथनों को सही ठहराते है (2:23; 5:36; 10:25,38; 14:11; 15:24)।

10:28

" मैं उन्हें अनन्त जीवन देता हूँ, "

अनन्त जीवन तादाद और गुणवत्ता दोनों में है। यह नए युग का जीवन है। यह मसीह पर के विष्वास के द्वारा अब उपलब्ध है (3:36; 11:24–26)।

" वे कभी नाश नहीं होंगी,
और कोई उन्हें मेरे हाथ से छीन न लेगा। "

इसमे दो नकारात्मक बातें है। यह विष्वासियों की सुरक्षा के विशय में नए नियम में कहे गए सबसे षक्तिषाली वचनों में से एक है (6:39)। यह बात स्पश्ट है कि यदि कोई हमें यीषु से हटा सकता है तो वह हम स्वयं ही है (रोमि. 8:38–39; गला. 5:2–4)। निष्चयता दृढ़ रहने के साथ तालमेल में होती है। निष्चयता त्रीएक परमेष्वार के काम और चरित्र पर आधारित है।
मसीह के ऊपर लगातार विष्वास रखनेवालों की निष्चयता के बारे में यूहन्ना रचित सुसमाचार साबित करता है। इसका आरम्भ षुरूवाती विष्वास और मनफिराव से होता है और यह जीवनषैली मे बदल जाता है। धर्मषास्त्रीय समस्या तब उत्पन्न होती है जब व्यक्तिगत रिष्ते से हटकर हम किसी वस्तु पर मन लगाते है (एक बार उद्धार पाया तो हमेषा के लिए उद्धार प्राप्त है)। विष्वास में बने रहना ही उद्धार का सबूत है (इब्रानियों, याकूब, 1यूहन्ना)।

10:29

एन ए एस बी, एन के जे वी " मेरा पिता, जिस ने उन्हें मुझ को दिया है, सब से बड़ा है, "
***एन आर एस वी* "मेरे पिता ने जो कुछ भी मुझे दिया है वे बाकियों से बडा है।"**
***टी इ वी* " मेरे पिता ने जो कुछ भी मुझे दिया है वे बाकी चीजों से बडा है। "**
एन जे बी " मेरा पिता, उन्हें मुझ को देने के कारण, सब से बड़ा है, "

प्रष्न यह है कि "बडा है" इस षब्द समूह का कर्म वस्तु क्या है ? (1) लोग जिन्हें परमेष्वार ने यीषु को दिया है;(***एन आर एस वी** ,**टी इ वी***)या (2) परमेष्वर स्वयं (***एन ए एस बी, एन के जे वी** , **एन जे बी***)। इस आयत के दूसरा भाग को लेकर कोई कह सकते है कि यह यीषु के पीछे हो लेनेवालों के बारे में है। धर्मषास्त्रीय रीति से दूसरा सही लगता है। देखिए **विषेश षीर्शकः मसीही निष्चयता 6:37।**
पिता की सामर्थ पर आधारित विष्वासियों की निष्चयता पर यह एक अच्छा अनुच्छेद है। विष्वासियों की निष्चयता,जैसे दूसरी बाइबलीय सच्चाईयों की तरह, संधर्श से भरे हुए, वाचा के तरीके से प्रस्तुत किया गया है। विष्वासियों की आषा और निष्चयता त्रीएक परमेष्वर के चरित्र, उसका अनुग्रह और करुणा मे है। हलॉकि विष्वासी को चाहिए कि वह विष्वास में ही रहे। उद्धार पवित्रात्मा प्रेरित निर्णय और मनफिराव से ही आरम्भ होता है। इसे जारी रहनेवाला मनफिराव, विष्वास, आज्ञाकारिता और सहनषीलता को उत्पन्न करना चाहिए। उद्धार एक उपज (जीवन बीमा, स्वर्ग की ओर जाने की टिकट) नही है परन्तु यह मसीह के द्वारा परमेष्वार के साथ आगे बढनेवाली एक प्रक्रिया है।
परमेष्वर के साथ के ठीक संबन्ध का ठोस सबूत है बदला हुआ तथा बदलते हुए विष्वास की जीवनषैली और सेवा (मत्ती. 7)। संसारिक मसीहियों के बारे में थोडा ही लिखा गया है (1कुरि. 2–3)। सिद्धान्त है कि वर्तमान समय मे मसीहसमानता, केवल मृत्यु के बाद जब स्वर्ग पहुँचते है तब नही। जो बढता है, सेवा करता है, और पाप के साथ लडता है उनके प्रति बाइबलीय सुरक्षा और निष्चयता की कोई कमी नही है। परन्तु जड़ नही तो फल भी नहीं। उद्धार केवल विष्वास के द्वारा अनुग्रह से मिलता है , और यह "अच्छे कामों" से लदा हुआ होता है (इफि. 2:10; याकूब. 2:14–26)।

10:30–33

" मैं और पिता एक हैं ...
यहूदियों ने उसे पत्थरवाह करने को फिर पत्थर उठाए"

यह यीषु के मसीह और दैवीय होने का एक षक्तिषाली कथन है (1:1–14; 8:58; 14:8–10)। यीषु के कथन को वे अच्छे से समझे और उस कथन को ईष्वर निन्दा माने (10:33; 8:59)। लैव्य. 24:16 के आधर पर वे उसे पत्थरवाह करने जा रहे है।

10:31 — 39

31. यहूदियों ने उसे पत्थरवाह करने को फिर पत्थर उठाए।
32. इस पर यीशु ने उन से कहा, कि मैं ने तुम्हें अपने पिता की ओर से बहुत से भले काम दिखाए हैं, उन में से किस काम के लिये तुम मुझे पत्थरवाह करते हो?
33. यहूदियों ने उस को उत्तर दिया, कि भले काम के लिये हम तुझे पत्थरवाह नहीं करते, परन्तु परमेश्वर की निन्दा के कारण और इसलिये कि तू मनुष्य होकर अपने आप को परमेश्वर बनाता है।
34. यीशु ने उन्हें उत्तर दिया, क्या तुम्हारी व्यवस्था में नहीं लिखा है कि मैं ने कहा, तुम ईश्वर हो?
35. यदि उस ने उन्हें ईश्वर कहा जिन के पास परमेश्वर का वचन पहुँचा (और पवित्र शास्त्र की बात लोप नहीं हो सकती।)
36. तो जिसे पिता ने पवित्र ठहराकर जगत में भेजा है, तुम उस से कहते हो कि तू निन्दा करता है, इसलिये कि मैं ने कहा, मैं परमेश्वर का पुत्र हूँ।
37. यदि मैं अपने पिता के काम नहीं करता, तो मेरी प्रतीति न करो।
38. परन्तु यदि मैं करता हूँ, तो चाहे मेरी प्रतीति न भी करो, परन्तु उन कामों की तो प्रतीति करो, ताकि तुम जानो, और समझो, कि पिता मुझ में है, और मैं पिता में हूँ।
39. तब उन्हों ने फिर उसे पकड़ने का प्रयत्न किया परन्तु वह उन के हाथ से निकल गया।।

10:31

यह आयत यीषु के कथन जो आयत 30 मे है उससे संबन्धित है। यीषु उनके आरोपों का उत्तर रबियो के तर्क—वितर्क पर देते है। यह *एलोहिम* षब्द का एक प्रकार का खेल है जो परमेष्वर के लिए प्रयोग करनेवाला पुराने नियम का षब्द है (उत्.1)। यह बहुवचन है। कई बार इसे मानवीय अगुवों के लिए भी प्रयोग किया गया (न्यायियों)।

10:32

अच्छा *(कालॉस)* चरवाहा पिता की तरफ से हमेषा अच्छा *(कालॉस)* कार्य करता है।

10:33

'' परमेश्वर की निन्दा के कारण ''

यीषु जान गए थे कि वे उनके कथनों को,परमेष्वर के साथ एक होने को, अच्छी तरह समझ गए है।

10:34

'' तुम्हारी व्यवस्था में ''

यीषु भजन संहिता से उद्धृत करते है और उसे व्यवस्था कहलाया है (12:34; 15:25; रोमि. 3:9—19)। साधारण रीति से षब्द व्यवस्था मूसा के लेखों (तोराह; उत्पत्ती से व्यवस्था विवरण) के लिए कहते है। यह दिखाता हे कि इस षब्द को पूरे पुराने नियम को बताने के लिए भी प्रयोग करते हैं।

'' तुम ईश्वर हो ''

यीषु भजन संहिता 82:6 से एक उद्धृत लेते है। यहाँ पर प्रयोगित *एलोहिम* षब्द मानवीय न्यायधीष को दर्षाता है। इन न्यायधीषों को (चाहे वे बुरा क्यों न हो) ''परमेष्वर की संतान'' कहते हैं। यहूदी यीषु पर इसलिए चढाई करना चाहते थे कि वो मनुश्य होने बावजूद भी परमेष्वर के तुल्य होने की बात कही। दूसरों को ईष्वर कहलाया (निर्ग. 4:16; 7:1; 22:8,9; भ.सं. 82:6; 138:1)।
यीषु का तर्क यह था कि यदि परमेष्वर का वचन सही है तो मनुश्य को *एलोहिम* कहलाया गया तो तुम मुझे परमेष्वर का निन्दक
क्यो कहते है ? इब्रानी भाशा में षब्द *एलोहिम* बहुवचन है परन्तु पुराने नियम के दैवीयता को बताने के लिए एकवचन क्रिया का प्रयोग किया है। यह केवल यूहन्ना का ही प्रयोग है: (1) इस षब्द के दो संकेत है, तथा (2) **यूनानी व्याकरणात्मक ढाँचा ''हाँ'' में उत्तर चाहता है।**

10:35

''(और पवित्र शास्त्र की बात लोप नहीं हो सकती।)''

कई बार यूहन्ना यीषु की बातों की टिप्पणी करता है। यह कथन यीषु का है या यूहन्ना का है हमें मानूम नही है। हलॉकि दोनों पवित्रात्मा प्रेरित होने के कारण कोई समस्या नहीं है। इस उद्धृत का उपयोग पवित्र षास्त्र की अधिकारिता को दिखाने के लिए की गई। यीषु तथा प्रेरितों पुराने नियम और उन्हीं के द्वारा उनकी व्याख्या को परमेष्वर का ही वचन समझाते थे (मत्ती. 5:17—19; 1कुरि. 2:9—13; 1थिस्स. 2:13; 2तिमु. 3:16; 1पत. 1:23—25; 2पत.1:20—21; 3:15,16)।

द लाइफ ऑफ बिषप मौले में बिषप एच. सी. जी.मौले कहते है ,
''वो (मसीह) बाइबल पर पूर्ण तौर से भरोसा किया, और, हलॉकि ऐसी कई बातें जो मेरे समझ के परे हैं, आदर के साथ उसके कारण बाइबल पर विष्वास करने जा रहा हूँ''(पृश्ठ.138)।

10:36

इस अयात में यीषु कहते है पिता ने उन्हें (पवित्र ठहराकर) भेजा (मसीह के रूप में)। इसलिए वो ''परमेष्वर के पुत्र कहलाने के योग्य है। जैसे इस्राएलियों के न्यायियों ने परमेष्वर का प्रतिनिधित्व किया था (भ.सं.82:6), वैसे यीषु अपने काम और वचन में पिता का प्रतिनिधित्व करते हैं।

10:37

इसे आयतें 19—21 में कहा गया है। यीषु के चमत्कार ने परमेष्वर के काम को प्रगट किया।

10:37,38

''यदि... यदि''

ये पहले दर्जे का षर्त वाक्य है। यीषु ने पिता के काम किए । ऐसे में, उन्हें उसपर विष्वास करना चाहिए,वो और पिता एक है समझकर (10:30,38)। देखिए **विषेश षीर्शक** : बने रहना 1यूहन्ना. 2:10।

10:39

जब लोगो ने उसे मारना चाहा तब उनसे बच निकलने के अवसरों से एक है यह अवसर (लूका. 4:29–30; यूह. 8:59)। यह मालूम नही है कि उसका बचना किस प्रकार हुआ, षायद (1) यह एक चमत्कारी काम था, या (2) उसका षारीरिक भाव षेश लोगों के समान थे, जिससे वो भीड़ में मिल गए।

10:40 – 42
40. फिर वह यरदन के पार उस स्थान पर चला गया, जहाँ यूहन्ना पहले बपतिस्मा दिया करता था, और वहीं रहा।
41. और बहुतेरे उसके पास आकर कहते थे, कि युहन्ना ने तो कोई चिन्ह नहीं दिखाया, परन्तु जो कुछ यूहन्ना ने इस के विषय में कहा था वह सब सच था।
42. और वहाँ बहुतेरों ने उस पर विश्वास किया।।

10:40

यह यरीहो के पास बैतनिय्याह नामक षहर के पास थे।

10:42

जिस प्रकार यहूदी अगुवों ने यीषु को नकारा उस प्रकार साधारण लोगों ने उस पर विष्वास किया (2:23; 7:31; 8:30)। देखिए **विषेश षीर्शक** : 2:23

चर्चा के लिए प्रष्न

यह एक अध्ययन सहायक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि आप अपने बाइबल अनुवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। हममें से हरेक को उस प्रकाष में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्रात्मा प्राथमिक हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं थोप सकते।

यह प्रष्न चर्चा के लिए इसलिए दिए गए हैं ताकि आप इस भाग की मुख्य बातों पर विचार कर सको। ये विचारों को जागृत करने के लिए हैं न कि परिभाशा प्रस्तुत करने लिए।
1. क्यों कई बार यूहन्ना ने अपने रूपकों को मिश्रित किया (उदा. यीषु द्वार और अच्छा चरवाहा है।) ?
2. यहन्ना 10 की क्या पृश्ठभूमि है ?
3. यीषु के ''अपना प्राण देना'' की विषेशता क्या है ?
4. यहूदी क्यों यीषु को बार बार दुश्टात्मा ग्रसित कह रहे थे ?
5. यीषु का काम इतना महत्वपूर्ण क्यों था ?
6. हम किस प्रकार ''विष्वासियों की सुरक्षा'' को ''संतों के दृढ़ रहने'' से तालमेल कर सकते है ?

यूहन्ना – 11

पाँच आधुनिक अंग्रेजी अनुवादों के विच्छेद

यू बी एस[4]	एन के जे वी	एन आर एस वी	टी इ वी	जे बी
लाजर की मृत्यु	लाजर की मृत्यु	लाजर का पुनः जीवन	लाजर की मृत्यु	लाजर का पुनः जीवन
11:1–16	11:1–16	11:1–6	11:1–3	11:1–4
			11:4	
			11:5–7	11:5–10
		11:7–16		
			11:8	
			11:9–11	
				11:11–16
			11:12	
			11:13–15	
			11:16	
यीषु जीवन और पुनरुत्थान है	यीषु जीवन और पुनरुत्थान है		यीषु जीवन और पुनरुत्थान है	
11:17–27	11:17–27	11:17–27	11:17–19	11:17–27
			11:20–22	
			11:23	
			11:24	
			11:25–26	
			11:27	
यीषु रोया	यीषु और मृत्यु अन्तिम षत्रु		यीषु रोया	
11:28–37	11:28–37	11:28–37	11:28–31	11:28–31
			11:32	11:32–42
			11:33–34क	
			11:34ख	
			11:35–36	
			11:37	
लाजर को जीवन दान	लाजर को जीवन दान		लाजर को जीवन दान	
11:38–44	11:38–44	11:38–44	11:38–39क	
			11:39ख	
			11:40–44	

				11:43—44
यीषु को घात करने की योजना	यीषु को घात करने की योजना		यीषु को घात करने की योजना	यीषु को घात करने की योजना
11:45—53	11:45—57	11:45—53	11:45—48 11:49—52 11:53—54	11:45—54
11:54		11:54		फसह पर्व करीब है
11:55—57		11:55—57	11:55—57	11:55—57

अध्ययन कालचक्र तीन

अनुच्छेद में वास्तविक लेखक की मनसा का अनुकरण करना।

यह पढ़ने के लिए एक मार्गदर्षक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि बाइबल का अनुवाद करने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं। हम में से हरेक को उस रोषनी में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्रमुख हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं छोड सकते।

बाइबल की पूरी पुस्तक को एक ही बार में पढ़िए। विशय को पहचानिए। अपने विच्छेद की तुलना नए पांच अनुवादों के विच्छेद से कीजिए। अनुच्छेद प्रेरणा पाया हुआ नहीं पर यह वास्तविक लेखक के उद्देष्य को समझने में सहायक है जो कि अनुवाद का हृदय है। हर अनुच्छेद का केवल एक ही अर्थ होता है।

1) पहला अनुच्छेद

2) दूसरा अनुच्छेद

3) तीसरा अनुच्छेद

4) इत्यादि

षब्द और वाक्यांष अध्ययन

11: 1 — 16

1. मरियम और उस की बहिन मरथा के गांव बैतनिय्याह का लाजर नाम एक मनुष्य बीमार था।
2. यह वही मरियम थी जिस ने प्रभु पर इत्र डालकर उसके पाँवों को अपने बालों से पोंछा था, इसी का भाई लाजर बीमार था।
3. सो उस की बहिनों ने उसे कहला भेजा, कि हे प्रभु, देख, जिस से तू प्रीति रखता है, वह बीमार है।
4. यह सुनकर यीशु ने कहा, यह बीमारी मृत्यु की नहीं, परन्तु परमेश्वर की महिमा के लिये है, कि उसके

द्वारा परमेश्वर के पुत्र की महिमा हो।
5. और यीशु मरथा और उस की बहन और लाजर से प्रेम रखता था।
6. सो जब उस ने सुना, कि वह बीमार है, तो जिस स्थान पर वह था, वहाँ दो दिन और ठहर गया।
7. फिर इस के बाद उस ने चेलों से कहा, कि आओ, हम फिर यहूदिया को चलें।
8. चेलों ने उस से कहा, हे रब्बी, अभी तो यहूदी तुझे पत्थरवाह करना चाहते थे, और क्या तू फिर भी वहीं जाता है?
9. यीशु ने उत्तर दिया, क्या दिन के बारह घंटे नहीं होते? यदि कोई दिन को चले, तो ठोकर नहीं खाता है, क्योंकि इस जगत का उजाला देखता है। 10. परन्तु यदि कोई रात को चले, तो ठोकर खाता है, क्योंकि उस में प्रकाश नहीं।
11. उस ने ये बातें कहीं, और इस के बाद उन से कहने लगा, कि हमारा मित्र लाजर सो गया है, परन्तु मैं उसे जगाने जाता हूँ।
12. तब चेलों ने उस से कहा, हे प्रभु, यदि वह सो गया है, तो बच जाएगा। 13. यीशु ने तो उस की मृत्यु के विषय में कहा थाः परन्तु वे समझे कि उस ने नींद से सो जाने के विषय में कहाँ
14. तब यीशु ने उन से साफ कह दिया, कि लाजर मर गया है।
15. और मैं तुम्हारे कारण आनन्दित हूँ कि मैं वहाँ न था जिस से तुम विश्वास करो, परन्तु अब आओ, हम उसके पास चलें।
16. तब थोमा ने जो दिदुमुस कहलाता है, अपने साथ के चेलों से कहा, आओ, हम भी उसके साथ मरने को चलें।

11:1

''एक मनुष्य बीमार था। ''

यह एक अपूर्ण काल वाक्य है। यह इस बात का संकेत करता है कि वह काफी दिनों से बीमार था। इस अपूर्ण काल वाक्य को इस प्रकार भी व्याख्या कर सकते है कि वह ''बीमार होने लगे''।

'' लाजर ''

यह एक इब्रानी नाम ''एलियाज़र'' है, जिसका अर्थ है ''परमेष्वर सहायता करता है'' या ''परमेष्वर सहायक है''। यूहन्ना ने सोचा कि पाठक मरियम, मरथा और लाजर के साथ यीषु की दोस्ती को जानते हैं (लूका. 10:38—42 केवल यहाँ पर समानान्तर सुसमाचार में उनके विशय में उल्लेख है)।

'' बैतनिय्याह ''

यह 1:28; और 10:40 में कहे गए बैतनिय्याह जो यरीहो के पास यरदन नदी के किनारे थे से अलग षहर है। यह बैतनिय्याह दो मील दक्षिणपूर्व में स्थित है जहाँ जैतून का पहाड़ है। जब यीषु यरूषलेम में थे तब केवल इस जगह पर वो रहे थे।

'' मरियम ''

यह एक इब्रानी नाम है, मिरियम।

" मरथा "

यह श्रीमति का अरामिक षब्द है। यह असाधारण लगता है कि मरथा सबसे बडे होने के बावजूद भी उसका नाम पहले नही लिखा गया है। यह षायद लूका. 10:38 – 42 से संबन्धित है।

11:2

"यह वही मरियम थी
जिस ने प्रभु पर इत्र डालकर
उसके पाँवों को अपने बालों से पोंछा था,"

मरियम की इस प्रकर का भक्ति का विवरण (12:2–8) हम मत्ती (मत्ती. 26:6–13) और मरकूस (मरकुस.14: 3–9) में भी पाते है। इस प्रकर का एक अभिशेक के विशय में लूका. 7:36 में उल्लेखित घटना इस से अलग है।

यह आयत अब तक न लिखी हुई एक बात को बताते है जिसे 12 वीं अध्याय में वर्णन किया गया। कई ऐसे सोचते कि यूहन्ना ने चाहा कि इसे पढनेवाले इस परिवार के बारे में कहीं ओर से पता करें।

विषेश षीर्शकः बाइबल में अभिशेक

क. इसे मंगल कामों के लिए प्रयोग किया गया (व्यवस्था. 28:40; रूत. 3:3; 2षामू. 12:20; 14:2; 2इति. 28:1–5; दानि. 10:3; आमोस. 6:6; मीका. 6:15)
ख. अतिथियों **के लिए प्रयोग किया गया** (भ. सं. 23:5; लूका. 7:38,46; यूह. 11:2)
ग. चंगाई **के लिए प्रयोग किया गया** (यषा. 6:1; यिर्मा. 51:1; मरकुस. 3:13; लूका. 10:34; याकू. 5:14)
घ. दफन की तैयारी **के लिए प्रयोग किया गया** (उत्. 50:2; 2इति. 16:14; मरकुस. 16:1; यूह. 12:3,7; 19:39–40)
ङ धार्मिक समझ **के लिए प्रयोग किया गया (उत्. 28: 18,20; 31:13; निग्र. 29:36; 30:36; 40:9–16; लैव्य. 8:10–13; गिन. 7:1)**
च. अगुवों की नियुक्ति के लिए प्रयोग किया गया

1. याजक
क. हारून (निर्ग. 28:41; 29:7; 30:30)
ख. हारून के पुत्रें के (निर्ग. 40:15; लैव्य. 7:36)
ग. उच्चस्तरीय स्थन या षीर्शक (गिन. 3:3; लैव्य.16:32)

2. राजा
क. परमेष्वर केद्वारा (1षामू. 2:10; 2षामू. 12:7; 2राजा. 9:3,6,12; भ.सं. 45:7; 89: 20)
ख. भविश्यद्वक्तावों के द्वारा (1षामू. 9:16; 10:1; 15:1,17; 16:3,12,13; 1राजा. 1:45; 19:15,16)
ग. याजकों के द्वारा (1राजा. 1:34, 39; 2राजा. 11:12)
घ. प्राचीनो के द्वारा (न्यायी. 9:8,15; 2षामू. 2:7; 5:3; 2राजा. 23:30)
ङ. यीषु का मसीह राजा के रूप में (भ.सं. 2:2; लूका. 4:18; यषा. 61:1; प्रेरित. 4:27; 10:38; इब्र. 1:9; भ.सं. 45:7)
च. यीषु के अनुयायियों के(2कुरि. 1:21; 1यूह. 2:20,27)

> **3. षायद भविश्यद्वक्तावों के (यषा. 6:1)**
> **4. दैवीय छुटकारे का अविष्वासी उपकरण**
> **क. कुस्रू (यषा. 41:1)**
> **ख. सूर के राजा (यहेज. 28:14)**
> **5. षब्द ''मसीह'' का अर्थ है ''अभिशिक्त''**

<u>*11:3*</u>

<u>*'' उस की बहिनों ने उसे कहला भेजा,''*</u>

यरदन के पार पेरिया में यीषु के पास उन्होंने सन्देषा भेजा।

<u>*'' जिस से तू प्रीति रखता है, वह बीमार है। ''*</u>

यह उस परिवार के प्रति यीषु के अनोखे रिष्ते को दर्षाता है। यूनानी षब्द है *फिलियो* (11:5; 3:35; 5:20)।

<u>*11:4*</u>

<u>*''यह बीमारी मृत्यु की नहीं,*</u>
<u>*परन्तु परमेश्वर की महिमा के लिये है, ''*</u>

यह संकेत देता है कि यीषु जानता था कि लाजर बीमार है। यीषु ने उसे मरने दिया ताकि लाजर को जिलाने के द्वारा पिता यीषु के द्वारा अपना सामर्थ दिखा सकें। बीमारी और समस्या कई बार परमेष्वर के इच्छानुसार होता है (अय्यूब की पुस्तक, 2 कुरि. 12:7—10)।

<u>*'' परमेश्वर की महिमा ''*</u>

देखिए नोट 1:14

<u>*'' कि उसके द्वारा परमेश्वर के पुत्र की महिमा हो। ''*</u>

षब्द समूह '' परमेश्वर के '' प्राचीन पापरी हस्तलेखों में नही है। बीमारी पिता और पुत्र दोनों के लिए महिमा लाते है। इसमें यीषु के महिमा बिलकुल अलग हैं। सुसमाचार के आरम्भ से अन्तिम तक यूहन्ना ने यीषु के क्रूसीकरण और महिमा पाने का जिक्र किया है। लाजर को जिलाया जाना यहूदी अगुवों द्वारा यीषु के मृत्यु के कारण बनेगा।

<u>*11:6*</u>

"जिस स्थान पर वह था, वहाँ दो दिन और ठहर गया"

यीषु ने लाजर की मृत्यु की प्रतीक्षा की! यीषु पक्षपात नही करते। इस बीमारी के पीछे परमेष्वर के एक योजना था (11:15)।

11:7

" फिर इस के बाद उस ने चेलों से कहा,
कि आओ, हम फिर यहूदिया को चलें। "

इस कथन के बाद का वार्तालाप प्रगट करता है कि षिश्य जानते थे कि यहूदी उस पर पत्थरवाह करना चाहते है (11:8; 8:54; 10:39)। षिश्य यहाँ विष्वास और डर दोनों का एक मिश्रित स्वभाव को दिखा रहे हे **(11:16)। थोमा को संदेह करनेवाला षिश्य कहा जाता है, परन्तु यहाँ वह यीषु के साथ मरने के लिए भी तैयार है।**

11:9–10

यह इस अध्याय को 8:12 और 9:4–5 के साथ जोडने का एक कड़ी है (12:35)।

"यदि"

यह एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य।

11:11

" हमारा मित्र लाजर सो गया है, "

कई बार षिश्यों ने भी यीषु के कथन को गलत समझा , क्योकि उन्होंने उसका षाब्दिक अर्थ लिया (11:13)। यीषु के द्वारा प्रयोगित मृत्यु का रूपक पुराने नियम के प्रयोग को दिखाते है। **अंग्रेजी षब्द "सेमीट्री" यूनानी षब्द "सोना" के मूल षब्द से निकला है।**

11:12

"यदि"

यह पहले दर्जे का षर्त वाक्य है जो लेखक के नज़रिये से उनके लेख के लिए सत्य है।

"वह बच जाएगा**"**

षब्द "बच जाएगा" पुराने नियम के षारीरिक छुटकारे के लिए इब्रानी भाषा में प्रयोग करते थे **(याकूब. 5:15)।**

11:14

"यीशु ने उन से साफ कह दिया,"

देखिए **विषेश षीर्शक : परेसिया 7:4।**

<u>*11:15*</u>

<u>*" और मैं तुम्हारे कारण आनन्दित हूँ*</u>
<u>*कि मैं वहाँ न था जिस से तुम विश्वास करो, "*</u>

यीषु साबित करते है कि लाजर यीषु के दोस्त होने के कारण उसे जिलाया नही गया,पर मरियम और मरथा के रोने के कारण और षिश्यों के विष्वास के लिए किया है (11:14) तथा यहूदी भीड़ के विष्वास के प्रोत्साहन के लिए भी था (11:42)।

<u>*11:16*</u>

यह आयत थोमा के विष्वास को दर्षाती है कि वह यीषु के साथ मरने के लिए भी तैयार हो रहे है। षिश्यों के जीवन में मृत्यु,जो मानवजाती के सबसे बड़ा षत्रु है, के ऊपर यीषु की सामर्थ देखना आवष्यक था।
अरामिक में थोमा का अर्थ है ''जुडुवा'' जैसे कि यूनानी में ''दिदिमोस'''। समानान्तर सुसमाचार इसे प्रेरित कहते है () यूहन्ना रचित सुसमाचार में कई बार इसका जिक्र है।

11:17 — 27

17. सो यीशु को आकर यह मालूम हुआ कि उसे कब्र में रखे चार दिन हो चुके हैं।
18. बैतनिय्याह यरूशलेम के समीप कोई दो मील की दूरी पर था।
19. और बहुत से यहूदी मरथा और मरियम के पास उन के भाई के विषय में शान्ति देने के लिये आए थे।
20. सो मरथा यीशु के आने का समचार सुनकर उस से भेंट करने को गई, परन्तु मरियम घर में बैठी रही।
21. मरथा ने यीशु से कहा, हे प्रभु, यदि तू यहाँ होता, तो मेरा भाई कदापि न मरता।
22. और अब भी मैं जानती हूँ, कि जो कुछ तू परमेश्वर से मांगेगा, परमेश्वर तुझे देगा।
23. यीशु ने उस से कहा, तेरा भाई जी उठेगा।
24. मरथा ने उस से कहा, मैं जानती हूँ, कि अन्तिम दिन में पुनरूत्थान के समय वह जी उठेगा।
25. यीशु ने उस से कहा, पुनरूत्थान और जीवन मैं ही हूँ, जा कोई मुझ पर विश्वास करता है वह यदि मर भी जाए, तौभी जीएगा।
26. और जो कोई जीवत है, और मुझ पर विश्वास करता है, वह अनन्तकाल तक न मरेगा, क्या तू इस बात पर विश्वास करती है?
27. उस ने उस से कहा, हाँ हे प्रभु, मैं विश्वास कर चुकी हूँ, कि परमेश्वर का पुत्र मसीह जो जगत में आनेवाला था, वह तू ही है।

<u>*11:17*</u>

<u>*" उसे कब्र में रखे चार दिन हो चुके हैं। "*</u>

रबियों का कहना था कि आत्मा तीन दिनों तक ष्रीर के पास रहते है। यीषु ने इसलिए चार दिन तक रुका रहा कि रबियें को मालूम होजाए कि अब उसका जीवित होने का कोई आषाण नही है।

'' दो मील की दूरी ''

यह 15 फ़र्लांग है।

11:19

'' बहुत से यहूदी मरथा और मरियम के पास आए थे।''

यूहन्ना आम तौर पर षब्द ''यहूदी '' यीषु के षत्रूओं के लिए किया करते थे। परन्तु इस संर्दभ में यह षब्द इस परिवार को जाननेवाले यरूषलेम निवासियो को दर्षाता है (11: 31,33,45)।

11:20

''मरियम घर में बैठी रही''

आम तौर पर यहूदी फ़र्ष में बैठकर विलाप किया करते थे।

11:21,32

'' मरथा ने यीशु से कहा,
हे प्रभु,
यदि तू यहाँ होता, तो मेरा भाई कदापि न मरता। ''

यह एक द्वितीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, जिसे ''वास्तविकता के विपरीत'' कहा जाता है। मरथा और मरियत का कथन यीषु से एकसा है (11:32)। वे षायद इन चार दिन के विलाप के बीच में इस बात पर विचार विमर्ष किया होगा। इसे कहने के द्वारा वे दोनों बहनों ने आष्वासन पाया है।

11:22

'' और अब भी मैं जानती हूँ,
कि जो कुछ तू परमेश्वर से मांगेगा,
परमेश्वर तुझे देगा। ''

हमें ठीक से मालूम नही है कि मरथा यीषु से क्या करने को कह रही है, क्योकि आयत 39 में लाजर के जीवित होने पे वह अचम्भित हो गई।

11:23–24

'' तेरा भाई जी उठेगा। ''

फरीसियों के समान, जो विष्वास करते थे कि अन्तिम दिन में एक षारीरिक पुनरुत्थान होगा, मरथा के जीवन में भी कुछ धर्मषास्त्रीय समझ थी। इस के लिए पुराने नियम में कुछ पवित्र षास्त्रीय सबूत है , यीषु ने उस उपदेषात्मक बातों को अपने ऊपर लाया (14:6)।

11:24

'' अन्तिम दिन में ''

यूहन्ना अब का उद्धार के विशय को अधिक महत्व देते है, परन्तु वह एक अन्तिम समय का पूर्णता को भी प्रतीक्षा कर रहे है। इसे कई तरीकों से प्रगट किया गयाः

1. एक न्याय के दिन / पुनरुत्थान के दिन
2. ''घडी''
3. यीषु के पुनरागमन (14:3;) (14:18–19,28 तथा 16:16,22 हो सकता है कि यह यीषु के जी उठने के बाद के प्रत्यक्षता के बारे में कही हो)।

11:25

'' यीशु ने उस से कहा,
पुनरूत्थान और जीवन मैं ही हूँ,''

यह सात''मैं हूँ'' कथनों से एक कथन हैं। लाजर के मृत्यु की स्थिती में भी मरथा को उत्साहित किया गया कि वह विष्वास करें कि उसका भाई जी उठेगा। यह आषा पिता और पुत्र के व्यक्तित्व और सामर्थ में जड़ पकड़ा हुआ होना चाहिए (5:21)

11:26

''जो कोई मुझ पर विश्वास करता है,
वह अनन्तकाल तक न मरेगा ''

इस अनुच्छेद में कई महत्वपूर्ण बातें हैं। (1) विष्वास्तरीय सर्वनाम ''कोई'' (2) वर्तमान काल क्रिया, जारी रहनेवाले विष्वास की अवष्सकता को दर्षाता है (11:25,26); और (3) मृत्यु के साथ जुडे हुए दो षक्तिषाली नकारात्मक ''कभी नही'' न मरेगा'' जो स्पश्टरूप से आत्मिक मृत्यु की ओर इषारा करता है। अनन्तकाल का जीवन विष्वासियों के लिए एक वर्तमान वास्तविकता है न कि एक भविश्यात्मक घटना।

11:27

'' हाँ हे प्रभु, मैं विश्वास कर चुकी हूँ,
कि परमेश्वर का पुत्र मसीह जो जगत में आनेवाला था,
वह तू ही है।''

यह संपूर्ण काल मे कहा गया है। यह यीषु को मसीह के रूप में मरथा के विष्वास का एक षक्तिषाली मानना है। यह धर्मषास्त्रीय रूप से पतरस का मानने के समान है (मत्ती. 16)। वह अपने विष्वास को प्रगट करने के लिए विभिन्न षीर्शकों का प्रयोग करता हैः

1. मसीह (अभिशिक्त)
2. परमेष्वार के पुत्र (मसीह का पुराने नियम षीर्शक)
3. जो आनेवाला (दूसरा पुराने नियम षीर्शक जो धार्मिकता के एक युग का प्रारम्भ करेंगे, 6:14)

यूहन्ना वार्तालापों की सच्चाई को प्रगट करने के एक तरीके के रूप में प्रयोग करता है। यीषु के ऊपर के विष्वास के प्रति कई ओर भी मानना यूहन्ना रचित सुसमाचार में है । देखिए **विषेश षीर्शक : यूहन्ना द्वारा क्रिया " विष्वास " का प्रयोग 2:23।**

11:28–29
28. यह कहकर वह चली गई, और अपनी बहिन मरियम को चुपके से बुलाकर कहा, गुरू यहीं है, और तुझे बुलाता है।
29. वह सुनते ही तुरन्त उठकर उसके पास आई।

11:30–37
30. (यीशु अभी गांव में नहीं पहुंचा था, परन्तु उसी स्थान में था जहाँ मरथा ने उस से भेंट की थी।)
31. तब जो यहूदी उसके साथ घर में थे, और उसे शान्ति दे रहे थे, यह देखकर कि मरियम तुरन्त उठके बाहर गई है और यह समझकर कि वह कब्र पर रोने को जाती है, उसके पीछे हो लिये।
32. जब मरियम वहाँ पहुँची जहाँ यीशु था, तो उसे देखते ही उसके पाँवों पर गिर के कहा, हे प्रभु, यदि तू यहाँ होता तो मेरा भाई न मरता।
33. जब यीशु न उस को और उन यहूदियों को जो उसके साथ आए थे रोते हुए देखा, तो आत्मा में बहुत ही उदास हुआ, और व्याकुलता से कहा, तुम ने उसे कहाँ रखा है?
34. उन्हों ने उस से कहा, हे प्रभु, चलकर देख ले।
35. यीशु के आंसू बहने लगे।
36. तब यहूदी कहने लगे, देखो, वह उस से कैसी प्रीति रखता था।
37. परन्तु उन में से कितनों ने कहा, क्या यह जिस ने अन्धे की आँखें खोली, यह भी न कर सका कि यह मनुष्य न मरता?

11:30

यह प्रेरित लेखक का एक ओर प्रत्यक्षदर्षी बयान है।

11:33

एन ए एस बी, " वो आत्मा में बहुत ही उदास और व्याकुल हुआ "
एन के जे वी " वो आत्मा में बहुत ही रोया और व्याकुल हुआ "
एन आर एस वी " वो आत्मा में परेषान और व्याकुल हुआ "
टी इ वी " वो आत्मा में खेदित और व्याकुल हुआ "
एन जे बी **"यीषु काफी परेषान और व्याकुल हुआ"**

यह षाब्दिक रूप से " आत्मा में फूत्कारना" है। यह मुहावरा क्रोध के लिए प्रयोग करते है (दानि. 11:30; मरकुस.1:43; 14:5)। इस प्रसंग में यीषु के जज़्बा को दिखाने के लिए प्रयोग किया है (11:38)। यीषु के पास प्रबल मानवीय जज़्बा था (11:33,35,36,38) जो अपने दोस्तों के लिए था।

11:37

यह प्रष्न **"हाँ" में उत्तर चाहता है।**

11:38—44

38. यीशु मन में फिर बहुत ही उदास होकर कब्र पर आया, वह एक गुफा थी, और एक पत्थर उस पर धरा था।
39. यीशु ने कहा; पत्थर को उठाओः उस मरे हुए की बहिन मरथा उस से कहने लगी, हे प्रभु, उस में से अब तो दुर्गंध आती है क्योंकि उसे मरे चार दिन हो गए।
40. यीशु ने उस से कहा, क्या मैं ने तुझ से न कहा था कि यदि तू विश्वास करेगी, तो परमेश्वर की महिमा को देखेगी।
41. तब उन्हों ने उस पत्थर को हटाया, फिर यीशु ने आँखें उठाकर कहा, हे पिता, मैं तेरा धन्यवाद करता हूँ कि तू ने मेरी सुन ली है।
42. और मै जानता था, कि तू सदा मेरी सुनता है, परन्तु जो भीड़ आस पास खड़ी है, उन के कारण मैं ने यह कहा, जिस से कि वे विश्वास करें, कि तू ने मुझे भेजा है।
43. यह कहकर उस ने बड़े शब्द से पुकारा, कि हे लाजर, निकल आ।
44. जो मर गया था, वह कफन से हाथ पाँव बन्धे हुए निकल आया और उसका मुँह अंगोछे से लिपटा हुआ था यीशु ने उन से कहा, उसे खोलकर जाने दो।।

11:38

"एक गुफा "

उन दिनों में पलिस्तीन कब्र (1) चट्टानों के साथ खोदा जाता था और उसे एक गोल पत्थर से ढ़का करते थे। या (2) मैदान में खोदा जाता तथा उसे बडे पत्थरों से ढ़का करते थे। पुरातत्व षास्त्र के आधार पर यरूषलेम की कब्रें पहलेवाली थी।

11:39

" पत्थर को हटाओ"

एक बडा पत्थर जिसके द्वारा कब्र को बन्द करते है।

" उसे मरे चार दिन हो गए"

यह एक यूनानी मुहावरा है "चार दिन का मनुश्य"।

11:40

''यदि''

यह एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य। यह आयत एक प्रष्न है तथा **''हाँ'' में उत्तर चाहता है।**

'' परमेश्वर की महिमा ''

परमेष्वर की महिमा यीषु के कामों द्वारा प्रगट होता है (11:4)। देखिए नोट : 1:14।

11:41

''यीशु ने आँखें उठाकर ''

साधरण रीति से यहूदी अपने हाथ फैलाकर तथा आँखें (खुला) स्वर्ग की ओर उठाकर प्रार्थना करते हैं।

11:42

यह यीषु के प्रार्थना और चमत्कार के उद्धेष्य को बताता है।यीषु ने कई बार षिश्यों के विष्वास की प्रौढता के लिए चम्तकार किए, और इस घटना में उद्धेष्य यरूषलेम के यहूदियों के अन्दर विष्वास पैदा करना था।

धर्मषास्त्रीय रीति से यीषु ने फिर से उसके काम में परमेष्वार के अधिकार तथा प्राथमिकता को दर्षाया (5:19,30; 8:28; 12:49; 14:10)। यह चमत्कर पिता के साथ यीषु के घनिश्ठ संबन्ध को प्रगट करती है।

11:43

'' उस ने बड़े शब्द से पुकारा,
कि हे लाजर, निकल आ। ''

ऐसे कहा गया कि यदि यीषु ने लाजर का नाम नही लिया होता तो सारे कब्र के लोग बाहर आ जाते।

11:44

दुर्गंध न निकले सोचकर षव को दफानते समय उसे नहलाकर कपडे में इत्र लगाकर लपेटा जाता है। षव को 24 घण्डे के अन्दर दफनाया जाता था क्योकि यहूदी षवों को सडने से नही बचाता था।

विषेश षीर्शकः षव संसकार की अभ्यास

1. मिसुपुतामिया
   - क. मृत्यु के बाद के खुष जीवन के लिए सही षवदाह अवष्य है
   - ख. मिसुपुतामिया का एक स्राप इस प्रकार है कि धरती तेरा षव को स्वीकार नही करें।

2. पूराने नियम

क. मृत्यु के बाद के खुष जीवन के लिए सही षवदाह अवष्य है (सभो.6:3)।

ख. यह तुरन्त किया जाता था (सारा– उत.23; राहेल – 35:19; और व्यवस्था. 21:23)

ग. गलत षावदाह तिरसकार और पाप का चिन्ह है

1. व्यवस्था. 28:26
2. यषा. 14:2
3. यिर्मा. 8:2; 22:19

घ. संभव है तो पारिवारिक गुफा में षवदाह किया जाता था वह भी घर के आस पास।

ङ मिस्र देष के समान सुगंधित नही करते। मनुश्य मिट्टी से लिया गया तथा मिट्टी में मिल जाएगा (उत. 3:19; भ. सं. 103:14; 104:29)।

च. यहूदी धर्म में षवषरीर को सही आदर के साथ संसकार की अभ्यास करना कठीन होता था षवषरीर के प्रति व्यवस्था होने के कारण।

3. नए नियम

क. मृत्यु के तुरन्त बाद , साधारण रीति से 24 घण्टे के अन्दर। यहूदी कई बार तीन दिनो तक कब्र का रखवाली करता था कि कहीं आत्मा वापस न आए (11:39)।

ख. दफनाने के काम में षरीर को साफ करना, लपेटना और इत्र डालना आम तौर से होता था (11:44, 19:39–40)।

ग. पलिस्तीन में षव संसकार के अभ्यास में यहूदी और मसीहियों के बीच मे कोई फर्क नही था।

11: 45 – 46

45. तब जो यहूदी मरियम के पास आए थे, और उसका यह काम देखा था, उन में से बहुतों ने उस पर विश्वास किया।

46. परन्तु उन में से कितनों ने फरीसियों के पास जाकर यीशु के कामों का समाचार दिया।

11:45

''यहूदी ... बहुतों ने उस पर विश्वास किया''

यह है इस सुसमाचार की लक्ष्य (20:30–31)। यह षब्दसमूह एक तरीका बन गया (2:23; 7:31; 8:30; 10:42; 11:45; 12:11, 42)। हलॉकि इस बात को दोहराना अवष्यक है कि यूहन्ना रचित सुसमाचार में विष्यास कई स्तर का है, हमेषा यह उद्धार दिलानेवाली नही होती (2:23–25; 8:30)। देखिए **विषेश षीर्शक** : 2:23।

11:46

*'' कितनों ने फरीसियों के पास जाकर
यीशु के कामों का समाचार दिया।''*

यह चौकानेवाली बात है कि इतना कुछ सुनने तथा देखने के बाद भी उनके आत्मिक अन्धापन कितना अधिक है। हलॉकि यीषु ने उसके पास आए हुए लोगों को दो झुण्ड में हमेषा बाँटा है ; जो उसपर विष्वास करते है ,जो उसपर विष्वास नही करते। जितने भी बडे चमत्कार क्यों न हो सबको यह विष्वस में नही लाता (लूका. 16: 30—31)।

11: 47— 53

47. इस पर महायाजकों और फरीसियों ने मुख्य सभा के लोगों को इकट्ठा करके कहा, हम करते क्या हैं? यह मनुष्य तो बहुत चिन्ह दिखाता है।
48. यदि हम उसे योंही छोड़ दे, तो सब उस पर विश्वास ले आएंगे और रोमी आकर हमारी जगह और जाति दोनों पर अधिकार कर लेंगे।
49. तब उन में से काइफा नाम एक व्यक्ति ने जो उस वर्ष का महायाजक था, उन से कहा, तुम कुछ नहीं जानते।
50. और न यह सोचते हो, कि तुम्हारे लिये यह भला है, कि हमारे लोगों के लिये एक मनुष्य मरे, और न यह, कि सारी जाति नाश हो।
51. यह बात उस ने अपनी ओर से न कही, परन्तु उस वर्ष का महायाजक होकर भविष्यद्वाणी की, कि यीशु उस जाति के लिये मरेगा।
52. और न केवल उस जाति के लिये, वरन इसलिये भी, कि परमेश्वर की तित्तर बित्तर सन्तानों को एक कर दे।
53. सो उसी दिन से वे उसके मार डालने की सम्मति करने लगे।।

<u>*11:47*</u>

<u>*''महायाजकों और फरीसियों ने मुख्य सभा को इकट्ठा किया''*</u>

यह सन्हिद्रन को दर्षाता हैं, जो यरूषलेम के यहूदियों का उच्च न्यायालय है। इसमें 70 सदस्य होते है। महायाजक सदूकियों में से थे जो केवल मूसा की व्यवस्था को जानते है पर पुनरुत्थान को नकारते है। फरीसी प्रसिद्ध और कट्टर थे, वे (1)संपूर्ण पुराने नियम (2) स्वर्गदूतो की सेवा, और (3) मृत्यु के बाद का जीवन पर विष्वास करते थे। यह आष्चर्य की बात है कि ये दोनों विरोधी झुण्ड किसी भी काम के लिए इकट्ठा हुआ करते थे।

<u>*''यह मनुष्य तो बहुत चिन्ह दिखाता है ''*</u>

यीषु का नाम बताए बिना उसे ''यह मनुष्य'' कहना अपमानजनक तरीका है। ऐसे एक चमत्कार होने के बावूजमद भी, लाजर को जिलाना, वे पहले से सजाकर रखे हुए विचारों ने उन्हें अन्धा किया (2कुरि. 4:4)।

<u>*11:48*</u>

<u>*''यदि''*</u>

यह एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य।

'' सब उस पर विश्वास ले आएंगे ''

यीषु के प्रति डर और संदेह की वजह जलन और धर्मषास्त्रीय असहमति है। ''सब'' सामरी और अन्यजाती की ओर इषारा करता है। उनके डर के लिए राजनैतिक बात भी एक कारण बना।

'' रोमी आकर हमारी जगह और जाति दोनों पर अधिकार कर लेंगे। ''

यह यूहन्ना रचित सुसामाचार के व्यंग्यात्मक भविश्यद्वाणियों से एक है जिसका पूरा होना 70 ई0 में रोमी जनरल तीतुस के समय में हुआ।
यहूदियों के अन्तिम समय की आषा के साथ रोमी षासन की वास्तविकता अखण्ड रूप से जुडी है। वे विष्वास करते थे कि पुराने नियम के न्यायियों के समान परमेष्वर किसी धार्मिक/राजनैतिक नेता को भेजेंगे और जिसके द्वारा भौतिक रूप से उन्हें रोमियों से छुटकारा दिलाएंगे। अपने आपको मसीह कहलानेवाले कई आए और उनकी प्रतीक्षा में खरे उतरने का प्रयास अवष्य किया।
यीषु ने कहा कि उसका राज्य भौतिक नही पर आत्मिक है जो भविश्य में इस विष्व में भर जाएंगे। उसने कहा कि उसने पुराने नियम के तमाम भविश्यद्वाणी को पूरा किया, यहूदियों के कामना के अनुसार नही। इसलिए अधिकतर यहूदियों ने उसे ठुकराया।

11:49

'' काइफा, जो उस वर्ष का महायाजक था,''

महायाजकत्व पदवी पीढ़ी पीढ़ी से चला आता था, परन्तु जबसे रोमियों ने षासन षुरू किया तब से इस पदवी को धनवानों के हाथ बेच डाला। 18 – 36ई0 के महायाजक काइफा था।

11:50–52

'' कि हमारे लोगों के लिये एक मनुष्य मरे, ''

यह यूहन्ना के व्यंग्य का एक ओर उदाहरण है। काइफा सुसमाचार प्रचार कर रहे है!

11:52

'' वो परमेश्वर की तित्तर बित्तर सन्तानों को एक कर दे। ''

यह यूहन्ना के अतिरिक्त कथन लग रहे है जो 10:16 के सदृष्य में है। यह षायद (1) पलिस्तीन के बाहर रहनेवाले यहूदी; (2) सामरियों के समान आधा–यहूदी; या (3) अन्यजाति के लोग। विकल्प 3 सही लग रहे है।

11:53

'' सो उसी दिन से वे उसके मार डालने की सम्मति करने लगे।।''

यह यूहन्ना में बार बार आनेवाली मुख्य बात है (5:18; 7:19; 8:59, 10:39; 11:8)।

11:54
54. इसलिये यीशु उस समय से यहूदियों में प्रगट होकर न फिरा; परन्तु वहाँ से जंगल के निकट के देख में इफ्राईम नाम, एक नगर को चला गया; और अपने चेलों के साथ वहीं रहने लगा।

11:54

" इसलिये यीशु उस समय से
यहूदियों में प्रगट होकर न फिरा;"

धर्मिक अगुवों के साथ यूहन्ना 12 में आखरी बार यीषु बात करते है।

" इफ्राईम नाम, एक नगर "

यह समरीया के बतेल के पास के षहर है (2कुरि. 13:19)।

11:55—57

55. और यहूदियों का फसह निकट था, और बहुतेरे लोग फसह से पहिले दिहात से यरूशलेम को गए कि अपने आप को शुद्ध करें।
56 सो वे यीशु को ढूंढ़ने और मन्दिर में खड़े होकर आपस में कहने लगे, तुम क्या समझते हो?
57. क्या वह पर्व में नहीं आएगा? और महायाजकों और फरीसियों ने भी आज्ञा दे रखी थी, कि यदि कोई यह जाने कि यीशु कहाँ है तो बताए, कि उसे पकड़ लें।।

11:55—57

ये अयतें अध्याय 11 और 12 को आपस में जोडते है।

11:55

" अपने आप को शुद्ध करें। "

यह फसह पर्व के तैयारी के सांस्कृतिक षुद्धिकरण को दर्षाता है। यह अब भी एक वाद विवाद का विशय बना हुआ है कि कितने समय तक यीषु ने पलिस्तीन में षिक्षा दिया, प्रचार किया और सेवा टहल की। समानान्तर सुसमाचार के आधार पर यह दो या तीन साल के भीतर हुआ है। हलॉकि यूहन्ना में कई फसह पर्व (वार्शिक त्योहार) का विवरण है। तीन पर्व का साफ साफ विवरण है (2:13; 6:4; तथा 11:55) 5:1 एक ओर फसह पर्व को दर्षाता होगा।

चर्चा के लिए प्रष्न

यह एक अध्ययन सहायक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि आप अपने बाइबल अनुवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। हममें से हरेक को उस प्रकाष में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्रात्मा प्राथमिक हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं थोप सकते।

यह प्रष्न चर्चा के लिए इसलिए दिए गए हैं ताकि आप इस भाग की मुख्य बातों पर विचार कर सको। ये विचारों को जागृत करने के लिए हैं न कि परिभाशा प्रस्तुत करने लिए।

1. क्यो यीषु ने लाजर को मरने दिया ?
2. किसने इस चमत्कार को किया ?
3. पुनरुत्थान और जिलाया जाने में क्या अन्तर है ?
4. लाजर के जिलाया जाने से यहुदी अगुवे क्योंकर भयभीत हुए ?

यूहन्ना – 12

पाँच आधुनिक अंग्रेजी अनुवादों के विच्छेद

यू बी एस[4]	एन के जे वी	एन आर एस वी	टी इ वी	जे बी
बैतनिय्याह में अभिशेक	बैतनिय्याह में अभिशेक	बैतनिय्याह में अभिशेक	बैतनिय्याह में अभिशेक	बैतनिय्याह में अभिशेक
12:1–8	12:1–8	12:1–8	12:1–6 12:7–8	12:1–8
लाज़र के विरुद्ध घात	लाज़र के विरुद्ध घात		लाज़र के विरुद्ध घात	
12:9–11	12:9–11	12:9–11	12:9–11	12:9–11
यरूषलेम में विजय प्रवेष	यरूषलेम में विजय प्रवेष	खजूर रविवार	यरूषलेम में विजय प्रवेष	यरूषलेम में मसीह का प्रवेष

12:12—19	12:12—19	12:12—19	12:12—13 12:14 12:15 12:16 12:17—19	12:12—19
यूनानी यीषु से मिलना चाहते हैं	गेहूँ का दाना	यीषु की सार्वजनिक सेवा का अन्त	यूनानी यीषु से मिलना चाहते हैं	यीषू अपनी मृत्यु और महिमा प्राप्ति के बारे में पहले कहते है
12:20—26	12:20—26	12:20—26	12:20—21 12:22—26	12:20—28क
मनुश्य के पुत्र को श्रेश्ठ किया जाएगा	यीषु अपने मृत्यु के बारे में कहते हैं		यीषु अपनी मृत्यु के बारे में कहते हैं	
12:27—36क	12:27—36क	12:27—36क	12:27—28क 12:28ख 12:29 12:30—33 12:34 12:35—36क	12:28ख 12:29—32 12:33—36क
यहूदियों का अविष्वास	किसने हमारी बातों को विष्वास किया		लोगों का अविष्वास	
12:36ख—43		12:36ख—43	12:36ख—38	12:36ख उपसंहार ; यहूदियों का अविष्वास
	12:37—41			12:37—38
			12:39—40	12:39—40
			12:41	12:41
	ज्योति में चलें		12:42—43	12:42—50
यीषु का षब्दों द्वारा न्याय	12:42—50		यीषु का षब्दों द्वारा न्याय	
12:44—50		12:44—50	12:44—50	

<u>*अध्ययन कालचक्र तीन*</u>

अनुच्छेद में वास्तविक लेखक की मनसा का अनुकरण करना।

यह पढ़ने के लिए एक मार्गदर्षक टीका है, जिसका अर्थ यह है कि बाइबल का अनुवाद करने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं। हम में से हरेक को उस रोषनी में चलना है जो हमारे पास है। अनुवाद में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्रमुख हैं। आप इसे टिप्पणीकार पर नहीं छोड सकते।

बाइबल की पूरी पुस्तक को एक ही बार में पढ़िए। विशय को पहचानिए। अपने विच्छेद की तुलना नए पांच अनुवादों के विच्छेद से कीजिए। अनुच्छेद प्रेरणा पाया हुआ नहीं पर यह वास्तविक लेखक के उद्देष्य को समझने में सहायक है जो कि अनुवाद का हृदय है। हर अनुच्छेद का केवल एक ही अर्थ होता है।

1) पहला अनुच्छेद

2) दूसरा अनुच्छेद

3) तीसरा अनुच्छेद

4) इत्यादि

<u>प्रासंगिक अन्तरदृश्टि 12:1 : 50</u>

क. चारों सुसमाचार एक स्त्री के द्वारा यीषु की इत्र से अभिशेक किया जाने के विशय मे उल्लेख करते हैं। हलॉकि मत्ती. 26:6–13; मरकुस.14:3–9 और यूहन्ना. 12:2–8 उस स्त्री का पहचान लाजर के बहन मरियम से करते है, परन्तू लूका 7:36–50 उस स्त्री के पहचान गलील के एक पापिन स्त्री से करते है।

ख. अध्याय 12 में यीषु अपना सर्वजनिक सेवा को खत्म करते है। यीषु ने यहूदी अगुवों को विष्वास में लाने की प्रयास बार बार किए। अध्याय 11 में यरूषलेम षहर के निवासियों को विष्वास में लाने की प्रयास किया गया।

<u>षब्द और वाक्यांष अध्ययन</u>

12: 1 — 8
1. फिर यीशु फसह से छः दिन पहले बैतनिय्याह में आया, जहाँ लाजर थाः जिसे यीशु ने मरे हुओं में से जिलाया था।
2. वहाँ उन्हों ने उसके लिये भोजन तैयार किया, और मरथा सेवा कर रही थी, और लाजर उन में से एक था, जो उसके साथ भोजन करने के लिये बैठे थे।
3. तब मरियम ने जटामासी का आधा सेर बहुमूल्य इत्र लेकर यीशु के पॉवों पर डाला, और अपने बालों से उसके पाँव पोंछे, और इत्र की सुगंध से घर सुगन्धित हो गया।
4. परन्तु उसके चेलों में से यहूदा इस्करियोती नाम एक चेला जो उसे पकड़वाने पर था, कहने लगा।
5. यह इत्र तीन सौ दीनार में बेचकर कंगालों को कयों न दिया गया?
6. उस ने यह बात इसलिये न कही, कि उसे कंगालों की चिन्ता थी, परन्तु इसलिये कि वह चोर था और उसके पास उन की थैली रहती थी, और उस में जो कुछ डाला जाता था, वह निकाल लेता था।
7. यीशु ने कहा, उसे मेरे गाड़े जाने के दिन के लिये रहने दे।
8. क्योंकि कंगाल तो तुम्हारे साथ सदा रहते हैं, परन्तु मैं तुम्हारे साथ सदा न रहूँगा।।

<u>12:1</u>

<u>" फसह से छः दिन पहले "</u>

यह मत्ती 26:2 से भिन्न कालानुक्रमिक श्रंखला है। यह याद रखना कि सुसमाचार का प्राथमिक केन्द्र बिन्दु कालानुक्रमिक विवरण नही परन्तु यीषु के व्यक्तित्व तथा काम के बारे में सच्चाई को प्रगट करनेवाली व्यवहारों का प्रतिनिधित्व करना है।

12:2

''यह बैतनिय्याह षहर के लोगों को दर्षाता है'' जिन्होंने यीषु और उनके षिश्यों को लाजर को जिलाने के सम्मान में भोजन खिलाए। हलॉकि मत्ती. 26: 6 के आधार पर यह षैमोन कोढी के घर में आयोजित किया गया था।

12:3

'' आधा सेर ''

यह एक लतीनी षब्द है। यह षायद मरियम के विवाह के लिए रखा हुआ दहेज था। कई अविवाहित महिलाएं अपने गले में इस प्रकार के इत्र को लिए फिरते थे।

एन ए एस बी, '' बालछड़ का आधा सेर बहुमूल्य इत्र''
एन के जे वी '' जटामांसी का आधा सेर बहुमूल्य इत्र''
एन आर एस वी '' जटामासी से बना हुआ आधा सेर बहुमूल्य इत्र''
टी इ वी '' बालछड का डेढ़ पॉव बहुमूल्य इत्र''
एन जे बी '' जटामांसी का आधा सेर बहुमूल्य मलम''

क्रिया विषेशण के ऊपर कई प्रमाण रहित अनुमान है (1) षुद्ध; (2) तरल; या (3) एक जगह का नाम। यह हिमालय में पाए जानेवाली एक प्रकार के जड से बनाया जाता है जो काफी महंगा है।

''यीशु के पॉवों पर डाला,''

दूसरे सुसमाचारों में इसी घटना को यीषु के सिर को एक स्त्री के द्वारा अभिशेक किया जाने के बारे में बताया गया है। वास्तव में मरियम ने यीषु के पूरे षरीर को अभिशेक किया सिर से षुरू करके पॉंव तक। यीषु के पॉंव इसलिए दिखाई दे रहे थे कि कद में छोटे एक मेज़ पर अपनी बाई कोहनी रखकर बैठे हुए थे।

यह यूहन्ना का दोहरावाद का एक ओर उदाहरण है: यह इत्र षव संसकार के लिए भी प्रयोग किया जाता है (19:40)। षायद षिश्यों से बढ़कर मरियम ने यीषु के षीघ्र ही होने वाली मृत्यु के बारे में समझ लिया (12:7)। देखिए **विषेश षीर्शक : बाइबल में अभिशेक** 11:2।

12:4

'' यहूदा इस्करियोती ''

षब्द '' इस्करियोती '' के दो संभावित षब्द–व्युत्पत्ति षास्त्र है: (1) यहूदा के एक षहर के नाम (केरियोत. यहोषू. 15:25), या (2) ''हत्यारा का चाकू''। यूहन्ना ने सभी सुसमाचर लेखकों से बढ़कर यहूदा इस्करियोती के लिए कठोर षब्दों का प्रयोग किया है (12:6)। देखिए नोट: 18:1

'' पकड़वाने ''

इसका षाब्दिक अर्थ है न्यायिक रीति से या भरोसामन्द व्यक्ति के द्वारा''सौंपना'' या ''त्यागना''।

12:5

'' तीन सौ दीनार ''

एक मज़दूर और एक सैनिक का एक दिन का मज़दूरी था एक दिनार अर्थात् लगभग यह एक साल का वेतन था।

12:6

एन ए एस बी, एन के जे वी ''चंदा की पेटी''
एन आर एस वी ''संयुक्त थैला''
टी इ वी ''पैसे का थैला''
एन जे बी ''संयुक्त कोश''
इस षब्द का अर्थ है ''छोटा सा पेटी जिसे गवैया अपना बाजा ले जाने के लिए उपयोग करता है।

'' उस में जो कुछ डाला जाता था,
वह निकाल लेता था। ''

इस यूनानी षब्द का अर्थ है ''उठाना''। इसका प्रयोग दो भिन्न तरीको से किया गया है (1) वह इस पेटी को उठाकर चलता था (2) केवल पेटी को ही नही उठाता था पर उसके अन्दर का माल भी गायब किया करता था। यह इस बात को प्रगट करता है कि गरीबों के आड़ में वह अपना पेट भरना चाहता था।

12:7

यह एक आष्चर्यजनक बात है। इस प्रकार के व्यवहार को एक का षवसंस्कार के रस्म से जोडते हैं।

12:8

कंगाल तो तुम्हारे साथ सदा रहते हैं,''

यह व्यवस्था15:4,11 की ओर इषारा कर रहा है। प्राचीन समय के साहित्यो में पुराने नियम अनोखा है।

12: 9— 11

9. यहूदियों में से साधारण लोग जान गए, कि वह वहाँ है, और वे न केवल यीशु के कारण आए परन्तु इसलिये भी कि लाजर को देंखें, जिसे उस ने मरे हुओं में से जिलाया था।
10. तब महायाजकों ने लाजर को भी मार डालने की सम्मति की।

11. क्योंकि उसके कारण बहुत से यहूदी चले गए, और यीशु पर विश्वास किया।।

12:9

''यहूदियों में से साधारण लोग जान गए,
कि वह वहाँ है, ''

यह षब्द ''यहूदी'' का एक असाधारण प्रयोग है। अधिकतर यूहन्ना में यह षब्द यीषु के विरोध में खडे रहनेवाले यहूदी धार्मिक आगुवों के लिए प्रयोग होता था। हलॉकि 11:19,45; 12:17 उस षहर के विष्वासियों की ओर इषारे करते है जो लाजर के दोस्त थे और उसके षवसंसकार में षामिल थे।

12:10

'' महायाजकों ने
लाजर को भी मार डालने की सम्मति की। ''

उन्होंने सबूत को मिटाना चाहा। उनका प्रेरक डर (18:48) और जलन (11:448; 12:11) थे।
उन्होंने षायद सोचा होगा कि यीषु का काम अनूठा है। इन धार्मिक अगुवों के अन्धेपन पतित मानवजाति के अन्धकार का प्रतिनिधित्व करता है।

12:11

यह 11:45 से संबन्धित है। देखिए **विषेश षीर्शकः यूहन्ना द्वारा क्रिया '' विष्वास '' का प्रयोगः** 2:23

12:12 — 19

12. दूसरे दिन बहुत से लोगों ने जो पर्व में आए थे, यह सुनकर, कि यीशु यरूशलेम में आता है।
13. खजूर की, डालियां लीं, और उस से भेंट करने को निकले, और पुकारने लगे, कि होशाना, धन्य इस्राएल का राजा, जो प्रभु के नाम से आता है।
14. जब यीशु को एक गदहे का बच्चा मिला, तो उस पर बैठा।
15. जैसा लिखा है, कि हे सिय्योन की बेटी, मत डर, देख, तेरा राजा गदहे के बच्चे पर चढ़ा हुआ चला आता है।
16. उसके चेले, ये बातें पहिले न समझे थे; परन्तु जब यीशु की महिमा प्रगट हुई, तो उन को स्मरण आया, कि ये बातें उसके विषय में लिखी हुई थीं; और लोगों ने उस से इस प्रकार का व्यवहार किया था।
17. तब भीड़ के लोगों ने जो उस समय उसके साथ थे यह गवाही दी कि उस ने लाजर को कब्र में से बुलाकर, मरे हुओं में से जिलाया था।
18. इसी कारण लोग उस से भेंट करने को आए थे क्योंकि उन्हों ने सुना था, कि उस ने यह आश्चर्यकर्म दिखाया है।
19. तब फरीसियों ने आपस में कहा, सोचो तो सही कि तुम से कुछ नहीं बन पड़ताः देखो, संसार उसके पीछे हो चला है।।

12:12

" बहुत से लोगों ने जो पर्व में आए थे, "

यहूदी पुरुशों के लिए तीन पर्व में षामिल होना आवष्यक था (निर्ग.23:14–17; लैव्य. 239 व्यवस्था. 16:16)। पलिस्तीन के बाहर तितर बितर रहनेवाले यहूदियों की इच्छा थी कि जिन्दगी में कम से कम एक बार यरूषलेम में पर्व में होना। ऐसे मौके में यरूषलेम की जनसंख्या 3 से 5 गुणा बढ़ती थी। यह षब्द समूह उन तीर्थयात्रियों को दर्षाता है जिन्होंने यीषु के बारे में सुना और उसे देखना चाहते है।

"खजूर की, डालियां "

यह खजूर की, डालियां के लिए एक असाधारण यूनानी षब्द समूह है। कुछ विष्वास करते है कि यह जैतून पहाड़ के पास में पाए जानेवाले है (जॉसिफस) और अन्य विष्वास करते है कि इसे यरीहो से मंगवाया हुआ है। यह विजय का चिन्ह था (प्रकाष. 7:9)। इसे फसह और मिलापवाले तम्बू के पर्वों में उपयोग करते है।

" पुकारने लगे,"

यह एक अपूर्णकाल है, जिस का अर्थ है (1) भूतकाल में दाहराया हुआ एक कार्य; या (2) भूतकाल में षुरू किए हुए एक कार्य।

" होशाना,"

इस षब्द का अर्थ है "अब उद्धार करो" या "कृप्या उद्धार कीजिए" (भ. सं. 118: 25–26)। फसह पर्व में जब तीर्थयात्री मन्दिर की ओर जलूस निकालते है तब हिलेल भजन संहिताओं (113–118) को दोहराया जाता था। हर साल वे इसे दोहराया करते थे। परन्तु इस साल वे यीषु में उनके मूलभूत अर्थ को पा लिया । भीड़ ने इस बात को समझ लिया और फरीसियों ने जान लिया।

" जो प्रभु के नाम से आता है। "

यही बात को ही यीषु कह रहे थे। वो ही है जिसे भेजा गया था। वो यहोवा का प्रतिनिधित्व करते है।

एन ए एस बी, एन के जे वी ,एन आर एस वी "यहाँ तक कि इस्राएल का राजा"
टी इ वी ,एन जे बी "इस्रएल का राजा"

यह षब्द समूह एक भजन संहिता का भाग नही है पर तीर्थयात्रियों द्वारा जोडा गया है। ऐसा लगता है कि 2 षामूएल. 7 में बताए गए मसीह राजा का परिचय वे यीषु के नाम से कर रहे है (मरकुस. 11:10)।

12:14

" एक गधे का बच्चा "

इस्राएल के राजाओं के राजकीय सैनिक वाहन था गधा (1 राजा. 1:33,38,44)। केवल राजा गधे के ऊपर सवार होते थे, इसलिए यीषु की सवारी बहुत मयाने रखती है वह भी कभी किसी ने सवारी न किए हुए गधे के ऊपर (मरकुस. 11:2)।

12: 14–15

'' जैसा लिखा है,''

यह उद्धृत ज़क. 9:9 से है। गधे का बच्चा केवल यीषु के मसीह होने की बात को ही प्रगट नही कर रहा है पर यीषु की नम्रता को भी। यीषु यहूदियों के प्रतीक्षा के अनुसार फतह पानेवाला एक योद्धा के समान नही अया। परन्तु यषा. 53 के दुःखभोगी सेवक के समान आया है।

12:16

'' उसके चेले, ये बातें पहिले न समझे थे; ''

यह बार बार आनेवाला मुख्य विशय है (2:22; 10:6; 16:18; मरकुस. 9:32; लूका. 2:50; 9:45; 18:34)।

'' परन्तु जब यीशु की महिमा प्रगट हुई,
तो उन को स्मरण आया, ''

स्मरण दिलाने की यह प्रक्रिया पवित्रात्मा का हैं (14:26; 2:22)।
यह आयत इस बात को भी प्रगट करती है कि लेखक अपने ही अनुभवों से जो जी उठा हुआ यीषु से प्राप्त है। समानन्तर सुसमाचार यीषु के ऐतिहासिक प्रौढता को बाताते है उसकी महिमा को छिपाया हुआ है जब तक कि उनके प्रस्तुतीकरण के षिखर पहुँचा, परन्तु यूहन्ना महिमा प्राप्त मसीह का विवरण करता है। सुसमाचार बाद के स्मरण और विष्वासी समूह की अवष्यकता को इषारा करता है। इसलिए दो ऐतिहासिक घटना है (यीषु बौर उनके) दोनो पवित्रात्मा प्रेरित है।

'' महिमा प्रगट हुई, ''

देखिए **नोटः 1:14।**

12:17

देखिए **विषेश षीर्शकः यीषु के प्रति गवाही : 1:8**

12:19

'' फरीसियों ने आपस में कहा,''

यह एक भविश्यद्वाणी सूचक है। यह (1) यहूदियों, 11:48; 12:11; तथा (2) अन्यजाती , 12:20–23 से संबन्धित है। यह यीषु के जीवन तथा प्रारम्भिक कलीसिया में प्रतिबिंबित हैं।

12:20 – 26

20. जो लोग उस पर्व में भजन करने आए थे उन में से कई यूनानी थे। 21. उन्हों ने गलील के बैतसैदा के
रहनेवाले फिलिप्पुस के पास आकर उस से बिनती की, कि श्रीमान् हम यीशु से भेंट करना चाहते हैं।
22. फिलिप्पुस ने आकर अद्रियास से कहा; तब अन्द्रियास और फिलिप्पुस ने यीशु से कहाँ
23. इस पर यीशु ने उन से कहा, वह समय आ गया है, कि मनुष्य के पुत्र कि महिमा हो।
24. मैं तुम से सच सच कहता हूँ, कि जब तक गेहूँ का दाना भूमि में पड़कर मर नहीं जाता, वह अकेला
रहता है परन्तु जब मर जाता है, तो बहुत फल लाता है।
25. जो अपने प्राण को प्रिय जानता है, वह उसे खो देता है; और जो इस जगत में अपने प्राण को अप्रिय
जानता है; वह अनन्त जीवन के लिये उस की रक्षा करता करेगा।
26. यदि कोई मेरी सेवा करे, तो मेरे पीछे हो ले; और जहाँ मैं हूँ वहाँ मेरा सेवक भी होगा; यदि कोई मेरी
सेवा करे, तो पिता उसका आदर करेगा।

12:20

" कई यूनानी "

इसे अन्यजातियों का संकेत करने के लिए प्रयोग किया है। यह खास तौर पर यूनानीयों को नही दर्षाता ।

"जो लोग उस पर्व में भजन करने आए थे उन में स"

वर्तमानकाल इस बात को प्रगट करता है कि पर्व में आना उन लोगों की एक आदत थी। वे (1) परमेष्वर के भय माननेवाले, या (2) यहूदी धर्म में धर्मान्तरण किए हुए लोग होंगे। पहले झुण्ड के आराधनालय में लगातार जानेवाले है तथा दूसरे झुण्ड यहूदी धर्म में अपना ईमान लाए हुए लोग हैं।

12:21

"उस से बिनती की, "

यह एक अपूर्ण काल वाक्य है। अर्थात् (1) **उन्होंने** बार बार बिनती की या (2) वे बिनती करने लगे। वे यीषु के साथ एक निजी मुलाकात चाहते थे। यह यीषु के मृत्यु की पहले भविश्यद्वाणी समय चक्र की अन्तिम ध्वनी थी (12:23)।

12:22

फिलिप्पुस और अद्रियास दोनों यूनानी नाम है जिस कपरएा वे उनसे बात करने पहूँचे।

12:23

" वह समय आ गया है,"

यूहन्ना ने इस षब्द का प्रयोग कई बार यीषु के क्रूसीकरण तथा पुनरुत्थान के विशय में जो यीषु के सेवा के अन्तिम लक्ष्य है कहने के लिए प्रयोग किया हैं (12:27; 13:1,32; 17:1)।

'' मनुष्य के पुत्र''

यह साधारण रीति से मनुश्य के बारे में कहने के लिए प्रयोग करनेवाला एक अरामिक षब्द है (भ.सं. 8:4; यहेज. 2:1)। हलॉकि इसे दानि. 7:13 में दैवीयता के संकेतार्थ से प्रयोग किया है। यह यीषु के द्वारा अपने लिए प्रयोग किया हुआ षीर्शक है जिसमें उसके दो स्वभाव सम्मिलित है, मानवीय तथा दैवीय (1यूह. 4:1—6)।

''महिमा हो''

यीषु की मृत्यु को हमेषा उसकी महिमा कहा गया। इस प्रसंग में कई बार षब्द ''महिमा'' का प्रयोग हुआ है (12:28दो बार; 32,33)। इसे यीषु की मृत्यु और पुनरुत्थान के लिए नियुक्त किया है (13:1,32; 17:1)। देखिए नोटः 1:14।

12:24

'' जब तक गेहूँ का दाना
भूमि में पड़कर मर नहीं जाता,''

यह ऐसी एक भाशा प्रयोग है जिसे पाँचों इन्द्रियाँ समझ सकते है। एक दाना कई अनेक दाने को पैदा कर सकता है (1कुरि. 15:36)। उसके मृत्यु ने कई सच्चा जीवन लाया (मरकुस. 10:45)।

''यदि''

यह एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य (12:24,26,32,47)।

12:25

'' जो अपने प्राण को प्रिय जानता है,
वह उसे खो देता है; ''

यह यूनानी षब्द *सैके* की ओर संकेत करते है जो मनुश्य के व्यक्तित्व या जीवन के मूल्य को उल्लेख करते है (मत्ती 10:39; 16:25)। जब कोई यीषु पर भरोसा करता है जब उसे नया जीवन दिया जाता है। यह नया जीवन परमेष्वर की तरफ से सेवा के लिए एक तोहफा है, यह व्यक्तिगत उपयोग के लिए नही है। विष्वासी इस नए जीवन का भण्डारी है। हम पाप के दासत्व से मुक्त किए गए और परमेष्वर के सेवक बन गए (रामि. 6:1—7:6)।

''खो देता है''

इस षब्द का अर्थ है नाष करना। यह अनन्त जीवन का विलोम षब्द है। यदि किसी को मसीह पर विषवास नही है तो यही एकमात्र विकलप है। नाष होने का अर्थ उन्मूलन करना नही परन्तु परमेष्वर के साथ के व्यक्तिगत संबन्ध को खोना है।

'' अप्रिय जानता ''

यह तुलना का इब्रानी मुहावरा है। प्राथमिकता परमेष्वर को देना है (याकूब का पत्नियाँ; उत्‍.29:30,31; व्यवस्था. 21:15; एषाव और याकूब., मलाकी. 1:2,3; रोमि. 10—13; एक का परिवार, लूका. 14:26)।

" प्राण "

यूनानी षब्द है *ज़ोए*। यूहन्ना में इसका प्रयोग (1) आत्मिक जीवन, (2) अनन्त जीवन, (3) नए युग के जीवन, और (4) पुनरुत्थित जीवन के लिए है।

12:26

"यदि"

यह एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य।

" तो मेरे पीछे हो ले;"

यह एक जारी रहनेवाले संबन्ध के बारे में कहता है (15 अध्याय)। यह कम ध्यान दी गई बाइबलीय सहनषीलता है। इस विशय को परमेषवर के परमाधिकार और मनुश्य की स्वेच्छा के धर्मषास्त्र ने इस विशय को असमंजिस में डाल दिया है। उद्धार को एक वाचा के अनुभव के तौर पर देखना अच्छा हैं। परमेष्वर हमेषा षुरू करते है (6:44,65) परन्तु मनुश्य से वो मनफिराव और विष्वास में उसके इस प्रसताव के प्रति प्रत्युत्तर की माँग करते है (मरकुस. 1:15; प्रेरित. 20:21)। यह प्रारम्भिक निर्णय तथा जीवन भर की षिश्यता हैं। हम उसे मानते है इस बात का सबूत है सहनषीलता (मत्ती. 10:22; 13:20—21; गला. 6:9; 1यूह. 2:19; प्रकाष. 2:7,11,17,26; 3:5,12,21)।

12:27 — 36क

27. जब मेरा जी व्याकुल हो रहा है। इसलिये अब मैं क्या कहूँ? हे पिता, मुझे इस घड़ी से बचा? परन्तु मैं इसी कारण इस घड़ी को पहुँचा हूँ।
28. हे पिता अपने नाम की महिमा करः तब यह आकाशवाणी हुई, कि मैं ने उस की महिमा की है, और फिर भी करूंगा।
29. तब जो लोग खड़े हुए सुन रहे थे, उन्हों ने कहा; कि बादल गरजा, औरों ने कहा, कोई स्वर्गदूत उस से बोला।
30. इस पर यीशु ने कहा, यह शब्द मेरे लिये नहीं परन्तु तुम्हारे लिये आया है।
31. अब इस जगत का न्याय होता है, अब इस जगत का सरदार निकाल दिया जाएगा।
32. और मैं यदि पृथ्वी पर से ऊंचे पर चढ़ाया जाऊंगा, तो सब को अपने पास खीचूंगा।
33. ऐसा कहकर उस ने यह प्रगट कर दिया, कि वह कैसी मृत्यु से मरेगा।
34. इस पर लोगों ने उस से कहा, कि हम ने व्यवस्था की यह बात सुनी है, कि मसीह सर्वदा रहेगा, फिर तू क्यों कहता है, कि मनुष्य के पुत्र को ऊंचे पर चढ़ाया जाना अवश्य है?
35. यह मनुष्य का पुत्र कौन है? यीशु ने उन से कहा, ज्योति अब थोड़ी देर तक तुम्हारे बीच में है, जब तक ज्योति तुम्हारे साथ है तब तक चले चलो; ऐसा न हो कि अन्धकार तुम्हें आ घेरे; जो अन्धकार में चलता है वह नहीं जानता कि किधर जाता है।

36. जब तक ज्योति तुम्हारे साथ है, ज्योति पर विश्वास करो कि तुम ज्योति के सन्तान होओ।।

12:27

''मेरा जी व्याकुल हो रहा है''

इसमें नए नियम का कई तरीको से प्रयोग किया गया एक षक्तिषाली षब्द है।

1. हेरोद का डर (मत्ती. 2:3)
2. षिश्यो का डर (मत्ती. 14:26)
3. यीषु की व्यकुलता (यूह. 12:26; 13:21)
4. यरूषलेम की कलीसिया (प्रेरित. 15:24)
5. गलातिया की कलीसिया में झूठे षिक्षको द्वारा दरार (गला. 1:7)

यह आनेवाले क्रूसीकरण के साथ के यीषु के मानवीय संघर्श के बारे में यूहन्ना का वर्णन करने का तरीका है (मरकुस. 14:32)। गतसमने में यीषु की वेदना के बारे में यूहन्ना उल्लेख नही करता है।

'' मुझे इस घड़ी से बचा''

इस कथन के अर्थ के बारे में काफी तर्क–वितर्क हैं। क्या यह एक प्रार्थना है ? या जो नही होने का है उसके प्रति एक चौकानेवाला कथन है ?

'' मैं इसी कारण इस घड़ी को पहुँचा हूँ''

यीषु का जीवन दैवीय पद्धती के अनुसार आगे बढ़ा है (लूका. 22:22; प्रेरित. 2:23; 3:18; 4:28;) जिसे वो भली भाँती जानता था (मत्ती. 20:28; मरकुस.10:45)।

12:28

'' मैं ने उस की महिमा की है,''

आयत 28ख में पिता प्रत्युत्तर देते हैं। षब्द ''महिमा'' का यहाँ तरल रूप से प्रयोग किया है जिसका अर्थ हो सकता है (1) अस्तित्व की महिमा (17:5) (2) यीषु द्वारा पिता का प्रगटीकरण (17:4) या (3) यीषु का क्रूसीकरण तथा पुनरुत्थान (1751)। देखिए नोटः 1:14।

'' आकाशवाणी हुई,''

रबी इसे *बाथ–कॉल* कहलाते है। मलाकी के समय से इस्राएल के अन्दर कोई भविश्यद्वाणी नही हुई। यदि परमेष्वर की इच्छा को साबित करना है तो जो स्वर्ग से एक षब्द होना आवष्य है। सुसमाचार उल्लेख करता है कि यीषु के समय में तीन बार परमेष्वर ने इस प्रकर बातें की ः (1) यीषु के बपतिस्मा में, मत्ती. 3:17; (2) परिवर्तन में, मत्ती. 17:5; (3) और इस आयत में।

12:29

" तब जो लोग खड़े हुए सुन रहे थे,
उन्हों ने कहा;"

जो हुई है उसके बारे में दो व्याख्या हैः (1) बादल गरजा। पुराने नियम में इसे परमेष्वर की बातचीत के लिए प्रयोग किया गया (2षमू. 22:14; अय्यूब. 37:4; भ.सं दृ 29:3; 18:13; 104:7) या एक स्वर्गदूत ने उससे बातें की। यही असमंजिस षाउल के अनुभव के बारे में भी है (प्रेरित. 9:7; 22:9)।

12:30

" इस पर यीशु ने कहा,
यह शब्द मेरे लिये नहीं
परन्तु तुम्हारे लिये आया है। "

यह प्राथमिक रूप से उन के लिए है (11:42);

12:31

" अब इस जगत का न्याय होता है,"

इसका समान अर्थ इसका आगे का षब्दसमूह में है (इस जगत का सरदार को निकाल दिया जाएगा) । इसके समय के बारे में कोई जानकारी नही है।

" इस जगत का सरदार "

यह एक व्यक्तिगत बुराई की ओर संकेत कर रहा है (14:30; 16:11) जिसे इब्रानी में षैतान या विरोधी कहते है (अय्यूब. 1–2) या यूनानी में षैतान या धोखेबाज कहते है (मत्ती. 4:1,5,8,11; 13ʹ39; 25:41; यूह. 6:70; 8:44; 13:2; 2कुरि. 4:4; इफि. 2:2)। ये दोनों नाम मत्ती. 4:1–11 और यूह.13:2,27 में पर्यायवाची षब्द है।

विषेश षीर्शकः व्यक्तिगत बुराई

यह विशय कई कारणों से बहुत ही कठीन है।
1. पुराना नियम भलाई के प्रमुख षत्रु के रूप में इसे प्रगट नही करता, परन्तु यहोवा के एक सेवक के समान जो मानवजाती के सामने एक विकल्प को प्रस्तुत करनेवाला और अधार्मिकता के लिए मानवजाती के ऊपर दोश लगानेवाले के रूप में प्रगट करता है।
2. परमेष्वर के प्रमुख षत्रु के सामान्य विचार की प्रौढ़ता फारसी धर्म के प्रभाव के द्वारा अन्दर–बाईबलीय (नॉन कानोनिकल) साहित्यों से हुई है। इसने समय रहते यहूदी धर्म को प्रभावित किया।
3. नया नियम पुराने नियम के मुख्य विशयों को नितान्त पर चुनकर स्पशट करता है।
यदि कोई बाइबलीय धर्मषास्त्र के अनुसार बुराई के बारे में पढाई करना चाहे (प्रत्येक पुस्तक या लेखक को पढ़े या रूपरेखा बनाए जाए) तो उसे बुराई के बारे में विभिन्न विचारधारा मिल जाएगी।
हलॉकि कोई विष्व के अन्य धर्मो की ओर से इसे सीखना चाहे तो नए नियम की प्रौढ़ता फारसी धर्म और युनानी–रोमी आत्मावाद की छाया के रूप में पाते हैं।

यदि कोई पवित्रषास्त्र के दैवीय अधिकार के प्रति समर्पित है तो नियम की प्रौढ़ता को प्रगतिषील प्रकाषन के तौर पर देखने पाएंगे। बाइबलीय परिभाशा देने के लिए मसीहियों को यहूदी और पाषचात्य साहित्यों का सहारा लेने से बचना चाहिए। इस विशय में अवष्य रहस्य तथा संकेतार्थ छिपा है। परमेष्वर ने बराई के हर पहलू को प्रगट करना नही चाहा जैसे इसका उत्भव, तथा इसके लक्ष्य, पर इसकी पराजय को प्रगट किया है!

पुराने नियम में षब्द षैतान या दोश लगानेवाला तीन विभिन्न झुण्ड से संपर्क रखता है

1. दोश लगानेवाले मनुश्य (1षामू. 29:4; 2षामू. 19:22; 1राजा. 11:14,23,25; भ.सं. 109: 6)।
2. दोश लगानेवाला स्वर्गदूत (गिनती. 22:22–23; ज़क. 3:1)
3 दोश लगानेवाली दुश्टात्मा (1इति. 21:1; 1 राजा. 22:1; ज़क. 13:2)।

बाद में, अन्दर बाइबलीय समय में उत्पत्ती 3 के साँप को षैतान के रूप में परीचय दिया गया (बुक ऑफ विस्ड़म् 2:23–24; 2इनोक. 31:3), और जब तक यह रबियों की विचरधारा नही बना (सोत 9बी,सान्ह 29ए)। उत्पत्ती 6 का ''परमेष्वर के पुत्र'' 1 इनोक 54:6 में स्वर्गदूत बन गए। मैं ने इस बात की धर्मषास्त्रीय त्रुटीहीनता को बताने के लिए नही लिखा परन्तु इसकी प्रौढ़ता का दिखाने के लिए लिखा है। नए नियम में इन कार्यो को 2कुरि.11:3 तथा प्रकाष. 12:9 में षैतान के साथ सम्बद्ध कर दिया है।

पुराने नियम से षैतान के उत्भव के बारे में जान पाना कठीन या नामुम्कीन है। इस्राएलियों का अद्वैतवाद का एक कारण यह है (1राजा. 22:20–22; सभो.7:14;यषा. 45:7; आमोस. 3:6)। समस्त दैवयोग यहोवा के अनोखेपन तथा प्राथमिकता को दर्षाने के लिए यहोवा से सम्बद्ध किया गया है (यषा. 43:11; 44:6,8,24; 45:5–6,14,18,21,22)।

(1)अय्यूब. 1–2 के ''परमेष्वर के पुत्र'' (स्वर्गदूत) या (2) यषा.14; यहेज़.28 के पूर्वीय राजा (बाबूल तथा सोर) षैतान के घमण्ड के बारे में (1तिमु. 3:6) बताने के लिए प्रयोग किया गया श्रोत है। इसके प्रति मेरी विचारधारा कुछ मिश्रित हैं। सोर के राजा को षैतान बताने के लिए यहेजकेल ने अदन की बाटिका का रूपक प्रयोग नही किया (यहेज. 28:12–16) पर मिस्र के राजा को भले बुरे का वृक्ष बताने के लिए भी (यहेज. 31) प्रयोग किया है। हलॉकि यषा.14:12–14 कुछ स्वर्गदूतो के घमण्ड का कारण बगावत को सूचित करता है। यदि परमेष्वर हम से षैतान का कोई स्वभाव या उत्भव के बारे में बताना चाहते है तो यह है सही तरीका। हमें क्रमबद्ध धर्मषास्त्र के छोटे छोटे वाक्यांष को लेकर सिद्धान्त बनाने वाले उन तरीकों से बचना चाहिए।

अलफ्रड एडेरषेम (*द लाइफ एण्ड टइम्स ऑफ जीसस् द मेसय्याह,* भाग 2, परिषिश्ट ग्प्ए पृश्ठ. 748– 763 तथा ग्ट्प पृश्ठ. 770– 776) कहते है यहूदी धर्म फारसी दोहरावाद और षैतानिक अटकलबाज़ी से प्रभावित है। इस क्षेत्र में रबि सही श्रोत नहीं है। यीषु ने आराधनालयों की षिक्षा से भिन्नता दिखाई। मैं सोचता हूँ कि सीनै पहाड़ पर मूसा को व्यवस्था देने के विशय में रबियों की विचारधारा ने यहोवा और मनुश्य के प्रमुख षत्रु के रूप में स्वर्गदूतों को साबित किया। फारसी धर्म के दोहरावाद के दो ऊँचे परमेष्वर *अहकिमान और ओरमाज़ा,* भले और बुरे , यहोवा और षैतान के रूप में यहूदी धर्म में स्थान पा लिया।

नए नियम के अन्दर बुराई के विशय में एक प्रगतीषील प्रकाषन अवष्य हैं परन्तु रबियों की विचारधारा जैसे इतनी विषालरूप से नहीं। इस के लिए एक अच्छा उदाहरण है ''स्वर्ग में युद्ध''।षैतान के पतन का विचार यही है परन्तु सुस्पश्ट नही किया गया। और कुछ भी किया गया हो वे भविश्यात्मक षब्दों में हैं (प्रकाष. 12:4,7,12–13)। हलॉकि षैतान को पराजित किया गया और उसे धरती की ओर निश्कासित किया गया तौभी वह यहोवा के एक सेवक के रूप में कार्यषील है (मत्ती. 4:1; लूका. 22:31–32; 1कुरि. 5:5; 1तिमु. 1:20)।

इस बात के प्रति हमारी उत्सुकुता को हमें वष में रखना है।बुराई की एक व्यक्तिगत षक्ति और प्रलोभन है परन्तु केवल एक मात्र परमेष्वर है और मनुश्य अपने चुने के स्वयं जिम्मेवार है। उद्धार के पहले और बाद भी एक आत्मिक युद्ध मौजूद है । विजय केवल त्रीएक परमेष्वर की तरफ से ही आता है। बुराई को पराजित किया गया और उन्मूल किया जाएगा।

'' निकाल दिया जाएगा ''

यह एक भविश्यकाल वाक्य है। स्वर्ग से षैतान के पतन के समय के बारे में पवित्रषास्त्र कुछ नही कहती। यषा. 14 और यहेज.28 में षैतान के बारे में समझना दूसरा स्थान ही लेता है। भविश्यद्वाणी का ये अनुच्छेद बाबूल तथा सोर के घमण्डी राजाओं को दर्षाता है। उनके पापमय घमण्ड षैतान के स्वभाव को दर्षाता है (यषा. 14:12,15; यहेज. 28:16)। हलॉकि 70 लोगों के लौटने पर यीषु ने कहा कि उसने षैतान को गिरते हुए देखा (लूका. 10:18)।
समस्त पुराने नियम में षैतान के प्रगति के बारे में ज़िक्र हैं। वास्तव में वह परमेष्वर का सेवक था पर घमण्ड ने उसे परमेष्वर के विरोधी बना दिया। इस विशय की चर्चा ए.बी. डेविडसन के *ऑल्ड टेस्टमेन्ट थियॉलजी* पृश्ठ. 300–306 में है।

12:32

'' मैं यदि पृथ्वी पर से ऊंचे पर चढ़ाया जाऊंगा, ''

यह एक तृतीय दर्जे का षर्तीय वाक्य है, अर्थात् सम्भावित कार्य। इस षब्द का अर्थ हो सकता है (1) ऊँचा उठाना (3:14); क्रूसीकरण (8:28); (3) उन्नत होना (प्रेरित. 2:33; 5:31); या (4) अतिश्रेश्ठ किया जाना (फिलि. 2:9)। यह यूहन्ना के अनेकार्थ षब्दों में से एक है।

'' सब को अपने पास खीचूंगा ''

यह यिर्मा. 31:3 में उल्लेखित यहोवा के वाचकीय प्रेम के लिए संकेतार्थ है। यह ''नई वाचा'' का (यिर्मा. 31:1–34) अनुच्छेद है। परमेष्वर लोगों के प्रति अपने काम और प्रेम के द्वारा अपनी ओर खींचता है। यह यूह. 6:44 तथा 65 में प्रयोग किया गया रूपक है। यहाँ ''सब'' का तात्पर्य है विष्वस्तरीय निमन्त्रण तथा छुटकारे का वायदा।

12:33

''ऐसा कहकर उस ने यह प्रगट कर दिया,
कि वह कैसी मृत्यु से मरेगा। ''

यह व्यवस्था. 21:23 से संबन्धित है जहाँ कहते है ''स्रापित है जो पेड पर लटकाया जाता है''। यही वजह है धार्मिक अगुवे यीषु को पत्थरवाह करना नही चाहा पर क्रुसीकरण चाहा। यीषु ने हमारे लिए व्यवस्था के स्राप को अपने ऊपर उठा लिया (गला. 3:13)।

12:34

'' इस पर लोगों ने उस से कहा,
... मसीह सर्वदा रहेगा,''

यह भ.सं 89 के लिए एक संकेत है। पुराना नियम मसीह के एकमात्र आगमन की प्रतीक्षा में था (भ.सं. 110:4; यषा. 9:7; यहेज. 37:25; दानि. 7:14)।

12:35

'' जब तक ज्योति तुम्हारे साथ है
तब तक चले चलो;''

यह ''चलना'' के रूपकात्मक प्रयोग है। यह एक वर्तमानकाल आदेष है अर्थात् यह केवल एक निर्णय नही है पर जारी रहनेवाला एक संबन्ध है (12: 44–46)।

12:36

यीषु के यह मुख्य विशय जगत की ज्योति यूहन्ना में बार बार आनेवाला महत्वपूर्ण विशय है (1:4,5,7,8,9; 3:19,20,21; 5:35; 8:12; 9:5; 11:9,10; 12:35,36,46)। मृत सागर चर्मलेखों में ज्योति और अन्धकार भी भेद बतानेवाली आत्मिक वास्तविकता है।

12:36ख – 43

36ख. ये बातें कहकर यीशु चला गया और उन से छिपा रहा।
37. और उस ने उन के साम्हने इतने चिन्ह दिखाए, तौभी उन्हों ने उस पर विश्वास न किया।
38. ताकि यशायाह भविष्यद्वक्ता का वचन पूरा हो जो उस ने कहा कि हे प्रभु हमारे समाचार की किस ने प्रतीति की है? और प्रभु का भुजबल किस पर प्रगट हुआ?
39. इस कारण वे विश्वास न कर सके, क्योंकि यशायाह ने फिर भी कहाँ
40. कि उस ने उन की आँखें अन्धी, और उन का मन कठोर किया है; कहीं ऐसा न हो, कि आँखों से देखें, और मन से समझें, और फिरें, और मैं उन्हें चंगा करूं।
41. यशायाह ने ये बातें इसलिये कहीं, कि उस ने उस की महिमा देखी; और उस ने उसके विषय में बातें की।
42. तौभी सरदारों में से भी बहुतों ने उस पर विश्वास किया, परन्तु फरीसियों के कारण प्रगट में नहीं मानते थे, ऐसा न हो कि आराधनालय में से निकाले जाएं।
43. क्योंकि मनुष्यों की प्रशंसा उन को परमेश्वर की प्रशंसा से अधिक प्रिय लगती थी।

12:38

''यशायाह भविष्यद्वक्ता का वचन ''

यह यषा. 53:1 ,जो दुःखभोगी सेवक अनुच्छेद है, से उद्धृत हैं।

12:39

'' इस कारण वे विश्वास न कर सके,''

वे यीषु के साथ विष्वास संबन्ध में लग नही पाया। यीषु के चमत्कार ने उन्हें आकर्शित अवष्य किया पर इन बातों ने उन्हें उद्धार की ओर अगुवाई नही किया या यीषु को मसीह मानने में वे असमर्थ रहे।

'' क्योंकि यशायाह ने फिर भी कहाँ ''

यषा.6:10; 43:8 यहूदियों के कठोर ह्रदय जो परमेष्पर के प्रति है की ओर इषारा करता है (यिर्मा. 5:21; यहेज. 12:2; व्यवस्था. 29:2–4)।

12:40

''मन''

देखिए निम्नलिखित **विषेश षीर्शक**

विषेश षीर्शक : हृदय या मन

